राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 12 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 103, पृष्ठ 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय में लाल बहादुर शास्त्री को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि...03

अखिल असम नाथ योगी छात्र संघ के साधारण सभा और नाथ योगी युवा महोत्सव 2026 का आयोजन...12


## वाराणसी में मनरेगा बचाओ आंदोलन पर 'संग्राम', पुलिस ने छात्रों पर किया लाठीचार्ज, NSUI अध्यक्ष वरुण चौधरी गिरफ्तार

**● वाराणसी में मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस ने एनएसयूआई के छात्रों पर लाठीचार्ज किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया. एनएसयूआई का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बर्बरतापूर्वक कुचला गया, इस दौरान कई छात्र घायल हुए**



वाराणसी में मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस ने एनएसयूआई के छात्रों पर लाठीचार्ज किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया. एनएसयूआई का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बर्बरतापूर्वक कुचला गया, इस दौरान कई छात्र घायल हुए।

इस दौरान पुलिस ने एनएसयूआई के छात्रों और कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की. उन पर लाठीचार्ज किया. इस दौरान करीब 100 छात्र और कार्यकर्ता घायल हो गए. इसके बाद एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

एनएसयूआई का आरोप है कि बीते कल से ही वाराणसी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा छात्रावासों और छात्र आवासों पर छापेमारी की जा रही थी. कई छात्रों को घर में नजरबंद कर दिया गया, जबकि अनेक छात्रों को जबरन उठाकर थानों में ले जाया गया, जिससे भय और दमन का माहौल बनाया गया. मोदी-योगी सरकार और पुलिस तंत्र ने मिलकर प्रदेश को अघोषित आपातकाल में बदल दिया है. इसके बावजूद एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस शांतिपूर्ण मार्च में शामिल हुए।

### छात्रों पर लाठीचार्ज

जहां भी अन्याय जड़ जमाएगा, वहीं से हमारा प्रतिरोध उठेगा- वरुण चौधरी

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है. यह भारत के बहुजन समाज के लिए जीवनरेखा और अस्तित्व का सवाल है। प्रधानमंत्री की अपनी लोकसभा सीट वाराणसी में, मनरेगा पर शांतिपूर्ण विरोध के जवाब में मोदी सरकार ने लाठीचार्ज और दमन का रास्ता चुना।

चौधरी ने कहा कि यह छात्रों, युवाओं और हाशिये पर खड़े समाज की वैध आवाजों से सत्ता के डर को उजागर करता है. यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई लाठी, कोई गिरफ्तारी और कोई दमन आदिवासी, दलित और बहुजन समाज की आवाज को दबा नहीं सकता. मैं इस संघर्ष में अडिग हूं. तानाशाहों को संदेश है कि जहां भी अन्याय जड़ जमाएगा, वहीं से हमारा प्रतिरोध उठेगा और क्रांति लिखी जाएगी.

NSUI का कहना है कि वह इस असंवैधानिक पुलिस बर्बरता की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मनरेगा की रक्षा और रोजगार के संवैधानिक अधिकार की हिफाजत के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को और तेज करने के अपने संकल्प को दोहराती है

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है- यह भारत के बहुजन समाज के लिए जीवनरेखा और अस्तित्व का सवाल है। प्रधानमंत्री की अपनी लोकसभा सीट वाराणसी में मनरेगा पर शांतिपूर्ण विरोध के जवाब में मोदी सरकार ने लाठीचार्ज और दमन का रास्ता चुना। यह छात्रों, युवाओं और हाशिये पर खड़े समाज की वैध आवाजों से सत्ता के डर को उजागर करता है।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई लाठी, कोई गिरफ्तारी और कोई दमन आदिवासी, दलित और बहुजन समाज की आवाज को दबा नहीं सकता। मैं इस संघर्ष में अडिग हूं। तानाशाहों को संदेश है, जहां भी अन्याय जड़ जमाएगा, वहीं से हमारा प्रतिरोध उठेगा और क्रांति लिखी जाएगी।

एनएसयूआई इस असंवैधानिक पुलिस बर्बरता की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मनरेगा की रक्षा तथा रोजगार के संवैधानिक अधिकार की हिफाजत के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को और तेज करने के अपने संकल्प को दोहराती है।

## CM साय का बड़ा ऐलान, छत्तीसगढ़ के कर्मचारी होंगे मालामाल, केंद्र के समान मिलेगा DA

**● छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. सीएम ने कहा कि देश के कई राज्य अब भी केंद्र के महंगाई भत्ते के स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों को बराबरी का हक देने का फैसला लिया है**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. दरअसल राज्य के कर्मचारी लंबे महंगाई भत्ते की मांग कर रहे हैं। सीएम ने रविवार को इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अब राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता (DA) मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों महंगाई भत्ते (DA) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इसके साथ ही अब प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह ऐलान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य कर्मचारी संघ के आठवें प्रदेश अधिवेशन के दौरान किया. इस दौरान सीएम ने कहा कि आज उन्हें कर्मचारियों की भावनाओं और अपेक्षाओं को समझने का अवसर मिला।

### सरकार कर्मचारियों के हितों को लेकर गंभीर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र से आए संघ के पदाधिकारियों से चर्चा होने के बाद राज्य के राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान डीए देने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों को लेकर पूरी तरह गंभीर है. इसके साथ कर्मचारियों से जुड़े अन्य लंबित मांगों पर भी विचार किया जा रहा है और इसके लिए समिति गठित कर चर्चा की जाएगी, ताकि व्यावहारिक और संतुलित समाधान निकाला जा सके।

सीएम ने कहा कि देश के कई राज्य अब भी केंद्र के महंगाई भत्ते के स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों को बराबरी का हक देने का फैसला लिया है. इससे पहले अगस्त 2025 में राज्य सरकार ने DA में 2 प्रतिशत की वृद्धि की थी, जिससे महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत हुआ था. अब नई बढ़ोतरी के साथ कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई के बीच अतिरिक्त राहत मिलेगी।

### कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े फैसलों में नहीं होगी देरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगे कहा कि राज्य के कर्मचारी रात-दिन अपने प्रदेश के लिए काम करते हैं. इसीलिए उन्होंने डीए बढ़ाने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े फैसले प्राथमिकता के आधार पर लिए जाएंगे. कल्याण से जुड़े फैसलों में कभी देरी नहीं होगी. राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच का प्रमाण बताया और उम्मीद जताई कि अन्य मांगों पर भी जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिए जाएंग।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रहीमाबाद में विराट हिंदू सम्मेलन, एकता और सनातन संस्कृति संरक्षण का आह्वान




**मलिहाबाद।** सर्वोदय बाल विद्या मंदिर परिसर रहीमाबाद में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में हिंदू एकता को मजबूत करना और सनातन संस्कृति के संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाना था आयोजन संयोजक संतोष सिंह के नेतृत्व में हुआ।कार्यक्रम में विभाग प्रचारक अमितअंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर महादेव बाबा, जिला प्रचारक कोमल और सांस्कृतिक गौरव संस्थान के प्रांत सचिव कृष्ण कुमार शुक्ल सहित कई प्रमुख संत और वक्ता मंचासीन रहे।वक्ताओं ने अपने संबोधन में हिंदू समाज से संगठित रहने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने और हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ एक स्वर में खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा तभी संभव है जब समाज जागरूक, संगठित और सक्रिय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान धर्म, संस्कार और संस्कृति पर गहन विचार साझा किए गए। सम्मेलन में विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चैयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर पंकज गुप्ता, गौशाला प्रबंधक उमाकांत, प्रधान संयोगिता सिंह चौहान, गुलजारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दो महीने से गांव मे नहीं पंहुचा पानी ग्रामीणों में अक्रोश

**● जेई के आश्वासन के बाद भी नहीं ठीक हुई लीकेज पाइपलाइन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुरः-** मुस्कुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत निवादा से सम्बंध्य विभूनी मजरा में पिछले दो महीनों से पेयजल सप्लाई नहीं आ रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया गांव की आबादी लगभग चार सौ है और गांव में मात्र दो हैंडपम्प है जिनसे अत्यधिक जल निकासी के कारण अधिकतर ख़राब हो जाते हैं, जिससे गांव में पीने योग्य पानी का जल संकट मड़राता रहता है। गांव के ही दिलीप, प्रदीप, अनुज, जाल मुहम्मद, सब्बीर अहमद, बाबूलाल पप्पू गोस्वामी और रशीद लोगों ने बताया पानी ना आने की शिकायत अधिकारियों से की जाती है तो कोई सुनवाई नहीं होती है सिर्फ आश्वासन दे दिया जाता है।बताया कि बीते दिसम्बर माह में जेई शंकु कुमार ने शिकायत के बाद ठीक करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज कोई सुध लेने नहीं आया है और लोग हैण्डपम्पों से पानी भरने को मजबूत हैं। बताते चले की विभूनी से लगभग तीन किलोमीटर दूर नमामि गंगे परियोजना की पानी की टंकी बनी हुई है जिससे पानी सप्लाई होता है। इसी तीन किलोमीटर की दूरी के बीच अधिकतर पाइप लाइन फटती है और जिम्मेदार महीनों तक ध्यान नहीं देते जिससे पेय जल का संकट उत्पन्न हो जाता है।वहीं दूसरी तरफ ग्राम बिवांर के कैथानी मुहल्ला में नमामिगंगे की पाइपलाइन कई जगहों पर फटी है जिससे रास्ता भी कीचड़-कीचड़ हो गया है, यहां भी जेई द्वारा जकड़ ठीक करवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठीक करने नहीं आया।

## प्रतिबंधित पशु के अवशेष हुए बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** ग्राम कुदरा के नजदीक बंबी किनारे प्रतिबंधित पशु को काटने और पशु के अवशेष मिलने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना पर हिंदूवादी संगठनों के तमाम नेता सहित पुलिस के आलाधिकारी पहुंच गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग और कुदरा खुर्द के बीच स्थित एक बंबी निकली हुई है।

रविवार की शाम करीब 3 बजे खेतों में कृषि कार्य कर रहे किसानों ने बंबी के किनारे रास्ते में जमीन पर कुछ रक्त बिखरा हुआ और बंबी में पशु के अवशेष पड़े देखे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस के साथ ही विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों को दी। सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल अजीत कुमार सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, थानाध्यक्ष कैलिया अवनीश पटेल सहित आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मौके पर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित पशु का सिर, पैर, खाल और उसके अंदर पल रहे भ्रूण को बरामद किया है। पुलिस ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदबाकर अवशेष दफना दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले के अभियुक्तों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। घटना बीती रात की प्रतीत हो रही है। वहीं मौके पर पहुंचे विहिप के जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य सहित शिशिर प्रताप सिंह, आशुतोष रावत, अर्जुन वैध, अमित, अवधेश पटेल, आकाश, गौरव सोनी, मोनू बाबा आदि ने घटना पर रोष जताते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## आरटीओ विभाग की बड़ी कार्यवाही 92 चालान किए गए



**कानपुर।** आज सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत हेलमेट सीटबेल्ट रॉग साइड वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन का प्रयोग एवम नशे की हालत में वाहन चलाने के अभियोग में प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कुल 92 चालान किए गए।

## नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक चालक की मौत, सहयोगी गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** जनपद हमीरपुर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे-34 पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास दो ट्रकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, कानपुर और कबरई की ओर से आ रहे दो भारी ट्रक तेज रफ्तार में थे। इसी दौरान जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास दोनों ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार चालक व हेल्पर केबिन में ही फंस गए।

हादसे में ट्रक संख्या क्र78 छ्ह 5348 के चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर तत्काल सुमेरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल हेल्पर का उपचार जारी है।

पुलिस सोशल मीडिया सेल के अनुसार, मृतक चालक की पहचान विकास सिंह (निवासी सुरौली बुजुर्ग, थाना सुमेरपुर) के रूप में हुई है। वहीं घायल हेल्पर राघवेंद्र सिंह, जो इसी गांव का निवासी है, का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## रूरी पारा के भूरा तालाब में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट को प्रशासन ने रुकवाया

**● आयोजकों ने बताया, गांव में नहीं है खेल का मैदान, फेम्प्लेट पर नाम छपने खुन्नस में प्रधान ने ने रुकवाया टूर्नामेंट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** सरकार युवाओं में खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के किये आएदिन तरह-तरह के आयोजन करती है, लेकिन प्रशासन ने रविवार के दिन ललपुरा थाना क्षेत्र के रूरी पारा गांव के भूरा तालाब में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट को ही रुकवा दिया।प्रशासन की इस कार्यवाही से आयोजकों और ग्रामीणों में बेहद रोष है।आयोजक मण्डल के शिवम सिंह समेत इंद्रजीत सिंह, बालेन्द्र सिंह, हजारी सिंह, नटवर सिंह आदि आरोप लगाया कि टूर्नामेंट के प्रचार-प्रसार के लिए छपवाए गए फेम्पलेट्स में ग्रामप्रधान जयकरण सिंह का नाम नहीं लिखवाया गया इसी खुन्नस में ग्रामप्रधान ने पुलिस बुलाकर टूर्नामेंट रुकवा दिया।बताया कि गांव के युवाओं के खेलने के लिए कोई भी खेल का मैदान नहीं है, इसीलिए बीते दस सालों से सूखे पड़े भूरा तालाब की सफाई करवाकर टूर्नामेंट करवाया जा रहा था, लेकिन ग्रामप्रधान ने तालाब में कब्जा करने का आरोप लगाकर खेल रुकवा दिया।

आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट शनिवार के दिन शुरू हुआ था ,जो पूरे पन्द्रह दिनों तक चलना था। ग्रामीणों के अनुसार, मैच शांतिपूर्वक चल रहा था तभी पुलिस और प्रशासन के लोग पहुंचे और आयोजकों से तुरंत मैच बंद करने को कहा। आयोजकों ने प्रशासन से कारण पूछा ,लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मैदान हमेशा से सार्वजनिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होता रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान पुरानी रंजिशो और टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि न बनाए जाने और बिना वैध कारण या पूर्व सूचना के मैच रुकवाया है। ललपुरा थाना प्रभारी राकेश सरोज से बात की तो उन्होंने टालते हुए कहा कि सम्भवतः टूर्नामेंट आयोजकों ने परमिशन ,ज्यादा जानकारी प्रशासनिक अधिकारी दे सकते हैं।क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक और स्थानीय लोगों ने इस मामले में जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया है। आयोजकों ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर खेल शुरू करवाने की मांग की है।




## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती मे बहन को छेड़ रहे थे मनचले,विरोध पर भाई को जमकर पीटा



**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के गृह जनपद के बगल बस्ती जिले में महिलाओं के सुरक्षा पर सवाल उठ रहा है दबंगों द्वारा दो सगी बहनों के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर भाई को बेरहमी से पीटा पिता गयाबस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के डारीडीहा चौराहे के पास दो बहनों के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर चचेरे भाई को मनचलों ने बेरहमी से पीटा। जानकारी मिली है कि दो सगी बहनें चचेरे भाई के साथ जा रही थीं। रास्ते में मौजूद कुछ मनचलों ने उन पर अश्लील कमेन्ट पास करना शुरू कर दिया, जब भाई ने विरोध जताया तो आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने घेरकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। स्थानीय लोगों ने बताया कि बदमाशों ने पहले उनकी गाड़ी रुकवाई और फिर युवक को खींचकर सड़क पर पटक दिया। इसके बाद बांस के टुकड़ों, लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। इस दौरान दोनों बहनें हाथ जोड़कर मिन्नतें कर रही थीं लेकिन किसी ने एक नही सुनी। आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने रहे वहीं एक युवक ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया जो अब पुलिस साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल करेगी। प्रकरण में इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बलरामपुर में मतदाता सूची प्रकाशित:बीएलओ आज सुनाएंगे नाम, दावे-आपत्ति दर्ज कराने का मौका



बलरामपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आलेख्य निर्वाचक नामावली-2026 का प्रकाशन कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में यह कार्यवाही की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने बताया कि 11 जनवरी, 2026 (रविवार) को सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। वे आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाएंगे, ताकि पात्र नागरिक अपने नाम की जांच कर सकें और आवश्यकतानुसार दावा या आपत्ति दर्ज करा सकें। कार्य की सुचारुता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए 11 जनवरी, 2026 (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद उन सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं, जहां मतदेय स्थल स्थित हैं। संबंधित प्रधानाचार्य या प्रभारी को बीएलओ के कार्य में सहयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपलब्ध आलेख्य निर्वाचक नामावली में अपना नाम अवश्य जांचें। उन्होंने नागरिकों से निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत दावा या आपत्ति दर्ज कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आग्रह किया है।

### सिधुआ बिजलीघर व जन समस्याओं को लेकर विशुनपुरकला में क्रमिक अनशन जारी

**देवरिया।** जनपद के सिधुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र निर्माण समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में विशुनपुरकला चौराहे पर क्रमिक अनशन आज भी जारी रहा। अनशन की अध्यक्षता भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने की। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, लेकिन आम जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे कल से आमरण अनशन पर बैठेंगे। शाही ने कहा कि कड़ाके की ठंड में किसान जनहित के मुद्दों को लेकर धरने पर हैं, पर जिला प्रशासन अब तक वार्ता के लिए नहीं आया है। इससे नाराज भाकियू ने 13 जनवरी को विशुनपुरकला में किसान महापंचायत बुलाने की घोषणा की है। धरने में शहीद ख्वाजा मंसूरी, मदन चौहान, रामआशीष जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# डुहवा मिश्र में टीए ने 2 लाख रुपये से अधिक का किया फर्जी M B

**●नहर की पटरी सफाई कार्य /यू भूमि सुधार के नाम पर लाखों रुपये से अधिक की हुई फर्जी MB - सूत्र-सचिव , टीए व मनरेगा A P O ने मुंह मांगा कमीशन लेकर फर्जी मस्टर रोल को भुगतान के लिए किया प्रमाणित - सूत्र**

**एलरोजगार सेवक नन्द किशोर ने फर्जी फोटो के सहारे आनलाइन मस्टर रोल किया था पूर्ण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केविकासखंड हरैया में पैसा फेंको तमाशा देखो की पुरानी कहावत चरितार्थ हो रही है । ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र में ग्राम प्रधान राज शर्मा ने पुरानी कहावत को चरितार्थ कर दिया है । ग्राम प्रधान राज शर्मा ने मुंह मांगा कमीशन देकर सचिव , तकनीकी सहायक (जे ई ), मनरेगा A P O को



मनरेगा कार्य के नाम पर आनलाइन पूर्ण फर्जी मस्टर रोल के फर्जी भुगतान के लिए लाचार कर दिया था जिससे लाचार तकनीकी सहायक / जे ई ने लाखों रुपए का फर्जी MB कर दिया है और सचिव एवं मनरेगा A P O ने फर्जी MB किए गए कार्य के फाइल को प्रमाणित करके भुगतान के लिए भेज दिया है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र में दो मनरेगा कार्यों के नाम पर ग्राम प्रधान राज शर्मा ने आनलाइन मस्टर रोल जारी करवाया था जिस पर पुराने गर्मी के महीने के फर्जी फोटो को अपलोड करके ऑनलाइन मस्टर रोल को रोजगार सेवक नन्द किशोर ने पूर्ण किया था । मीडिया टीम ने ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र में चल मनरेगा कार्यों का धरातलीय पड़ताल किया था । मीडिया टीम के धरातलीय में खुलासा हुआ था कि मनरेगा कार्यों के नाम पर जारी आनलाइन फर्जी मस्टर रोल पूरी तरह से फर्जी है तब ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र के मनरेगा भ्रष्टाचार की खबर प्रमुखता से अनेक सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी लेकिन विकास खण्ड हरैया के जिम्मेदार सचिव, टीए व मनरेगा A P O ने मनरेगा भ्रष्टाचार की प्रकाशित खबर को नजर अंदाज करते हुए भुगतान के लिए सारी प्रक्रिया पूर्ण करने में सहयोग किया सभी के सहयोग से फर्जी भुगतान हेतु पूर्ण फर्जी मस्टर रोल ऑनलाइन फीड हो गया है ।

ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र में भुगतान के लिए आनलाइन फीड मस्टर रोल को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है कि नहर की पटरी सफाई कार्य पर कोई मिट्टी पटाई कार्य हुआ ही नहीं हुआ है और न ही वर्तमान समय में कोई मिट्टी पटरी सफाई कार्य हुई है तब कैसे दो मनरेगा कार्यों के नाम पर 02 लाख रुपये से अधिक के भुगतान के लिए मस्टर रोल आनलाइन फीड हुआ है । इस प्रकार स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को विकास कार्यों से कोई मतलब नहीं रहता है मात्र उनको अपने कमीशन से मतलब रहता है । अब देखना यह है कि खंड विकास अधिकारी हरैया विनय कुमार द्विवेदी ग्राम पंचायत डुहवा मिश्र के भुगतान को रोक पाते हैं या नही ? इस सम्बंध तकनीकी सहायक / जेई से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो टी ए ने फोन रिसीव नहीं किया । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है ।

### क्रिकेट टूर्नामेण्ट में शीतलमऊ इलेवन ने जीता फाइनल खिताब, हुए पुरस्कृत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में हुए अझारा क्रिकेट टूर्नामेण्ट में रविवार को फाइनल मुकाबले में सीपीएस नवीन इलेवन शीतलमऊ को विजेता कप हासिल हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व कोतवाली के एसएसआई अरूण सिंह ने विजेता एवं उप विजेता टीम को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया। फाइनल मुकाबला सीपीएस नवीन इलेवन शीतलमऊ व कपूर इलेवन के बीच हुआ। टॉस जीतकर शीतलमऊ इलेवन ने पहले बोलिंग करने का फैसला लिया। कपूर इलेवन ने निर्धारित पन्द्रह ओवरों में तिरासी रन बनाये। चौरासी रन के लक्ष्य को साधते हुए सीपीएस इलेवन ने चौदहवें ओवर मे ही तीन विकेट से विजेता कप अपने नाम कर लिया। फाइनल में मैन आफ द मैच का खिताब आवेश द्विवेदी को मिला। अम्पायर की भूमिका विनय मिश्र व सुब्रत तिवारी ने निभाई। स्कोरर ललित मलिंगा रहे। आयोजक सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम व संयोजक अजय मिश्र आशीष ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष, श्रीश पाण्डेय, प्रभाकर मिश्र, विद्याशंकर मिश्र की आयोजन में सराहनीय भूमिका दिखी।

## लालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जनपद के थाना लालगंज पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई दिनांक 09 जनवरी 2026 को की गई। पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के निर्देशन में थाना लालगंज पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनस अख्तर मय पुलिस टीम ने थाना लालगंज में पंजीकृत मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त जियाउद्दीन उर्फ सलमान पुत्र जग्गा, निवासी केटवाना, पोस्ट सोनवा, थाना साकरन, जनपद सीतापुर (उम्र 22 वर्ष) को महसो राजमहल के पीछे से गिरफ्तार किया गया।




गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय मानवाधिकार आयोग के आदेशों एवं निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई तथा उसे माननीय न्यायालय जनपद बस्ती के लिए रवाना किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम विवेचना विधिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक अनस अख्तर, हेड कांस्टेबल मिथिलेश मिश्र एवं कांस्टेबल सतीश कुशवाहा शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कांग्रेस ने गांधी प्रतिमा पर उपवास रख शुरू किया मनरेगा बचाओ संग्राम

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक दिवसीय उपवास रखते हुए 'मनरेगा बचाओ संग्राम' राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चन्द्र यादव ने कहा कि मनरेगा गरीब, बेरोजगार और भूमिहीन परिवारों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन मोदी सरकार इसे कमजोर कर रही है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि सरकार द्वारा काम के अधिकार को छीना जा रहा है और ग्राम पंचायतों की भूमिका कम की जा रही है। कांग्रेस की मांग है कि मनरेगा में किए गए बदलाव वापस लेकर काम व मजदूरी की गारंटी बहाल की जाए। जिला कोऑर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा ने बताया कि 12 से 29 जनवरी तक ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क, 30 जनवरी को वार्ड स्तरीय धरना तथा 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने मनाया विश्व हिन्दी दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिविर कार्यालय पर विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। समिति के महामंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा के संयोजन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने विश्व हिन्दी दिवस के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक, साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा को सम्मान देने और उसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हर साल विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। अक्सर लोग राष्ट्रीय हिंदी दिवस के बारे में जानते हैं, लेकिन विश्व हिंदी दिवस को लेकर अब भी कई लोगों में उत्सुकता रहती है। यह दिन खास तौर पर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूती देने का संदेश देता है। दरअसल, 10 जनवरी 1975 को नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। कहा कि हिन्दी अब सिर्फ साहित्य या बातचीत तक सीमित नहीं, बल्कि तकनीक, कोडिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स में भी अपनी जगह बना रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि हिंदी केवल बोलने या लिखने की भाषा नहीं है, बल्कि यह वह माध्यम है जिससे देश के करोड़ों लोग खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां हैं, लेकिन अगर सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा की बात करें, तो हिंदी सबसे आगे नजर आती है। खासकर उन देशों में, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं, वहां हिंदी एक सांस्कृतिक सेतु की तरह काम करती है। इस साल 2026 में विश्व हिंदी दिवस की थीम है- 'हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक'।

## बस्ती में पुलिस मुठभेड़ के बाद सोखा के हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना दुबौलिया क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना दुबौलिया, थाना कलवारी और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस मुठभेड़ के बाद हत्या में वांछित दो अभियुक्तों लवकुश उर्फ लालचन्द और सजरे आलम को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस दौरान एक अभियुक्त भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के बाद दबोच लिया।पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत तथा क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी की मौजूदगी में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि यह मामला थाना दुबौलिया के मु0अ0सं0 233/2025 धारा 103(1) बीएनएस से जुड़ा है, जिसमें 26 दिसंबर 2025 को ग्राम बेमहरी टोला खून्नीपुरवा में 58 वर्षीय रामजीत उर्फ घरभरन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि अभियुक्त लवकुश उर्फ लालचन्द की बड़ी बहन का झाड़-फूंक मृतक रामजीत से कराया जाता था 7 झाड़ फूंक के दौरान मृतक सोखा रामजीत ने उसके प्रति गलत नीयत दिखाई और अश्लील हरकत किया।

इसी कारण लवकुश ने पहले अपनी बहन की शादी कर दी, लेकिन बाद में उसकी छोटी बहन के साथ भी मृतक द्वारा उसी तरह की अश्लील हरकतें शुरू हो गई इससे नाराज होकर लवकुश ने विवेक चौधरी, सजरे आलम और अरुण कुमार से संपर्क कर एक लाख रुपये की सुपारी तय की और हत्या की साजिश रची। योजना के अनुसार 26 दिसंबर 25 की शाम सभी आरोपी मृतक के घर पहुंचे, पहले रेकी की और फिर देर रात सुनसान होने पर दोबारा पहुंचे। लवकुश ने मृतक रामजीत की पहचान की और इशारा किया, जिसके बाद सजरे आलम ने तमंचे से मृतक के चेहरे पर गोली मार दी और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अवैध .32 बोर तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस, वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक और 2280 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन में बताया कि संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों का पता लगाया और मुठभेड़ के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में थाना दुबौलिया, थाना कलवारी और स्वाट टीम के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

## बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर पढ़कर सुनाई गई आलेख्य मतदाता सूची, ऑनलाइन भी उपलब्ध

**●ईआरओ/एईआरओ, सुपरवाइजर सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का पठन-पाठन दिनांक 11 जनवरी 2026 को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में संबंधित बी.एल.ओ. द्वारा अपने-अपने मतदेय स्थलों पर किया गया। जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने 184 जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल कठौरा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने 185 विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के मतदेय स्थल पूरब गांव, तुलसीपुर, मिश्रौली, गौरीगंज द्वितीय, जीजीआईसी तथा 186 अमेठी



विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल ताला का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सभी ईआरओ/एईआरओ/सुपरवाइजर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान संबंधित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल पर फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 एवं घोषणा-पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। साथ ही जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, उनसे फार्म-6 एवं घोषणा-पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संबंधित बी.एल.ओ. को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि जनसामान्य के अवलोकन हेतु आलेख्य मतदाता सूची की पीडीएफ जनपद अमेठी की आधिकारिक वेबसाइट amethi.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। यदि किसी निर्वाचक का नाम मतदाता सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार का संशोधन अपेक्षित है, तो संबंधित मतदाता फार्म-8 (संशोधन/स्थानांतरण हेतु), फार्म-7 (नाम अपमार्जन हेतु) एवं नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 को घोषणा-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित भरकर बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। इस अवधि में मतदाता पदाभिहित स्थलों (मतदान केंद्रों) पर पदाभिहित अधिकारी/बी.एल.ओ. से फार्म प्राप्त कर सकते हैं अथवा तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से भी फार्म प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन आयोग के ECINET मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित जमा किए जा सकते हैं।

## बजरंग क्रिकेट क्लब इक्काताजपुर का फाइनल मुकाबला संपन्न

**●लाख सराय की टीम ने वल्गर सिंह को 27 रनों से हराकर जीती ट्रॉफी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** ग्राम इक्काताजपुर में बजरंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बड़े ही रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए इस मुकाबले में लाख सराय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वल्गर सिंह की टीम को 27 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच 16-16 ओवरों का खेला गया। वल्गर सिंह की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लाख सराय की टीम ने आक्रामक खेल का



प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 229 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वल्गर सिंह की टीम ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन 16 ओवरों में 203 रन बनाकर 9 विकेट गंवा बैठी, जिससे उन्हें 27 रनों से हार का सामना करना पड़ा। व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो पवन कुमार को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 206 रन बनाने के साथ 4 विकेट भी हासिल किए। वहीं फाइनल मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शोएब को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जिन्होंने 48 रन बनाने के साथ 4 विकेट चटकाए।इस सफल आयोजन में बजरंग क्रिकेट क्लब के आयोजक जितेंद्र शुक्ला, उत्तम शुक्ला, विक्रांत शुक्ला, आलोक शुक्ला, राज शुक्ला, तनुज शुक्ला, शांति शुक्ला, हर्षित शुक्ला, अनिकेत तिवारी एवं रोहित शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।फाइनल मैच के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, संतोष पांडे, राजबहादुर नेता, समाजसेवी महेश दुबे, रामू तिवारी, गंगा तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, विनोद शुक्ला, संत दुबे सहित गांव के अनेक सम्मानित नागरिक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।आयोजकों ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में खेल भावना के साथ अनुशासन और एकता का विकास होता है।

## बलरामपुर में किसानों ने गो आश्रय केंद्र की मांग की, शिवपुरा ललिया में बेसहारा पशुओं से फसलें बर्बाद होने पर की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** – बलरामपुर में किसानों ने गो आश्रय केंद्र की मांग की:शिवपुरा ललिया में बेसहारा पशुओं से फसलें बर्बाद होने पर की अपील बलरामपुर के हरैया सतघरवा ब्लॉक मुख्यालय के शिवपुरा ललिया गांव में किसानों ने जिलाधिकारी से गो आश्रय केंद्र बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण उनकी फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। रविन्द्र कुमार, बड़कऊ वर्मा, चौधरी, राजेंद्र, मनीष कुमार, राजेश कुमार, कन्हैया लाल, राकेश कुमार, लाल बाबू, अशोक कुमार, केदारनाथ, सुनील कुमार वर्मा, शिवकुमार, रामू, राम प्रसाद और पप्पू सहित कई किसानों ने बताया कि



बेसहारा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर सब्जी, गेहूं और गन्ने जैसी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी गो आश्रय केंद्र का निर्माण नहीं करा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में, राजकीय पशु चिकित्सालय शिवपुरा के चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध सिंह ने जानकारी दी कि राजस्व विभाग द्वारा जमीन उपलब्ध न कराए जाने के कारण गो आश्रय केंद्र का निर्माण कार्य रुका हुआ है। वहीं, खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई।

## प्रधान पर धार्मिक अपमान का गंभीर आरोप, वीडियो वायरल होते ही उबाल

**●नगर पालिका अध्यक्ष ने एसपी को लिखा पत्र, सख्त कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े एक वायरल वीडियो ने जिले की राजनीति और प्रशासन में भूचाल ला दिया है। वीडियो सामने आते ही मामला धार्मिक भावनाओं से जुड़ जाने के कारण बेहद संवेदनशील हो गया है। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सिसवा ग्राम प्रधान मोहम्मद आमिर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को औपचारिक पत्र भेजा है। नगर पालिका अध्यक्ष का आरोप है कि वायरल वीडियो में ग्राम प्रधान एक सरकारी कार्यालय में बैठकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जयघोष को लेकर आपत्तिजनक, अशोभनीय और गाली-गलौज भरी भाषा का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसे सनातन धर्म का खुला अपमान करार देते हुए कहा कि इस प्रकार की भाषा न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है, बल्कि समाज में वैमनस्य और तनाव फैलाने का गंभीर प्रयास है।

डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि वीडियो में पिछड़े समाज से आने वाले महतो (कुर्मी) और यादव समाज के लोगों के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणियां की गई हैं। इसके साथ ही दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व को रोकने की कथित साजिश का जिक्र सामने आना मामले को और अधिक गंभीर बनाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सोच सामाजिक एकता के लिए बेहद खतरनाक है। नगर पालिका अध्यक्ष ने यह भी मांग की है कि जिस सरकारी कार्यालय में बैठकर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया, वहां मौजूद कर्मचारियों की भूमिका की विभागीय जांच कराई जाए। साथ ही, छद्म सामाजिक कार्यकर्ता की आड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच की भी मांग की गई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सनातन धर्म का अपमान करने वालों और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। मामले पर गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में दिख रही कथित हरकतें ग्राम प्रधान की संकीर्ण और विभाजनकारी मानसिकता को उजागर करती हैं। उन्होंने साफ कहा कि उनका और उनकी पार्टी का उक्त व्यक्ति से कोई लेना-देना नहीं है और न ही उन्होंने अपने किसी कार्यकर्ता को उसके पास भेजा है। पूर्व विधायक ने प्रशासन से मांग की कि हिंदू विरोधी मानसिकता और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ बिना देर किए सख्त कार्रवाई की जाए। इधर, सिसवा गांव के हिंदू समुदाय में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों ने पचपेड़वा थाने में प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से गांव का माहौल बिगड़ रहा है और समय रहते सख्त कदम न उठाए गए तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही है। अब जिले भर की निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कार्रवाई करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र के ओथी गांव स्थित पंवारे मल बाबा की कुटी पर विशाल मेला व भंडारा सम्पन्न

**महराजगंज (रायबरेली)।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओथी में स्थित पंवारे मल बाबा की कुटी पर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जनवरी को विशाल मेले का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। मेले से एक दिन पूर्व अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ, जिसके समापन के बाद मेले के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जो प्रभु की इच्छा तक चलता रहा। पंवारे मल बाबा की मान्यता यह है कि पावारे मल बाबा की कुटी पर जो भी भक्त सच्चे मन और श्रद्धा भाव से अपनी मुराद मांगता है, बाबा उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के चलते मेले में दूर-दराज़ क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाई, जिससे मेले की रौनक और बढ़ गई। इस वर्ष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली, जिससे दुकानदारों की अच्छी बिक्री हुई। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा बाबा के दर्शन कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, आस्था और उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुनील मौर्या, राजू सिंह, राजेश कोटेदार, दिनेश कोटेदार, सुभाष चंद्र, मनोज कुमार लोधी, जगदीश प्रसाद लोधी, अभय सिंह, तेजभान सिंह, ग्राम प्रधान नारायणपुर, प्रदीप कुमार लोधी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आर.पी. साहू, पवन कुमार, गौरव विक्र फील्ड, रामदीन लोधी, अवधेश कुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार,भेजा जेल



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के दो सडका के निकट स्थित एक सीमेंट पाइप फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि श्रमिक ने फेसबुक पर बांग्लादेश के समर्थन और हिंदू समाज के विरोध में कई आपत्तिजनक पोस्ट साझा कीं, जिससे हिंदू समाज में आक्रोश फैल गया। मामले की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में बताया गया कि आरोपी ने लगातार कई आपत्तिजनक पोस्ट डालकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमरीक सिंह बताया। वह दिल्ली का निवासी है और दो सडका के पास स्थित सीमेंट पाइप फैक्ट्री में श्रमिक के रूप में काम करता है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया है। उपजिलाधिकारी के आदेश पर आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय में लाल बहादुर शास्त्री को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

● राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय में लाल बहादुर शास्त्री को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद (सीतापुर)** विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय के तत्वावधान में महमूदाबाद के मोहल्ला रमुआपुर स्थित एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के दूसरे प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अनुज कुमार जैन पत्रकार, रवि लाल रस्तोगी राष्ट्रीय महासचिव, ओम प्रकाश पाण्डेय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विटाना देवी, सीता देवी, प्रियंशी, मनेश्वरी एवं गोविंद प्रसाद को ब्लॉक सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि ट्रस्ट देश के लगभग सभी राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और पीड़ित पक्ष से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की विवेचना कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, विशेषकर पीड़ित बच्चों के मामलों में। राष्ट्रीय महासचिव रवि लाल रस्तोगी ने शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंद गरीब मजदूरों एवं असहाय व्यक्तियों के लिए गर्म वस्त्र वितरण, अलाव की व्यवस्था एवं रैन बसेरा शिविर लगाने पर विचार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को समस्या समाधान केंद्र के माध्यम से जनसुनवाई आयोजित की जाती है। बैठक में बड़ी संख्या में ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**मलिहाबाद।** लखनऊहरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्की धर्मकांटा के पास सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शुरुआत में युवक के पास से कोई पहचान पत्र न मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी जिसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया और आमजन के माध्यम से पहचान कराने की अपील की।

**काकोरी का रहने वाला था मृतक**

कड़ी मशक्कत और स्थानीय प्रयासों के बाद मृतक की पहचान बिमलेश उर्फ मुन्ना के रूप में हुई। वह ग्राम बेलवा, थाना काकोरी का निवासी था। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।

### रूरल टूरिज्म को पंख देने के लिए स्थानीय गाइडों का प्रशिक्षण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रहीमाबाद के अटेर गांव स्थित एसएचजी उद्यमिता केंद्र में एग्री रूरल एवं गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म योजना के अंतर्गत दो दिवसीय स्थानीय गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्राथमिक लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशना और स्थानीय युवाओं को कुशल गाइड के रूप में तैयार करना है, ताकि वे पर्यटकों को अपनी संस्कृति से रूबरू करा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान से आए मुख्य प्रशिक्षक कृष्ण देव तिवारी ने प्रतिभागियों को क्षेत्र की संस्कृति, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का महत्व।पर्यटकों के साथ शिष्टाचार और संवाद करने का सही तरीका।एक सफल गाइड के गुण और पर्यटन सर्किट विकसित करने की तकनीक,पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना पर्यटन को बढ़ावा देने के गुर सिखाए।व्यावहारिक अनुभव और भ्रमण प्रशिक्षण केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहा। विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए और सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया गया, ताकि वे धरातल पर बारीकियों को समझ सकें।कार्यक्रम के दौरान टीम लीडर अमिताभ पाण्डेय, जिला समन्वयक सत्य प्रकाश, ग्राम समन्वयक हिमांशु चौरसिया और नमो नारायण मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में क्षेत्र के दर्जनों लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।इस पहल से न केवल मलिहाबाद क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे।

### शहीद दिवस पर सरेनी शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** शहीद दिवस के अवसर पर सरेनी स्थित ऐतिहासिक शहीद स्मारक पर अमर शहीदों की शहादत को श्रद्धा और सम्मान के साथ नमन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आज़ादी और उसकी रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को स्मरण करना और उनके आदर्शों पर चलना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सरेनी के अमर शहीदों को नमन करते हुए आयोजकों एवं उपस्थित जनसमुदाय की सराहना की तथा शहीदों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

शहीद स्मारक सरेनी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिवेदी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद स्मारक केवल पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और बलिदान की जीवंत मिसाल है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के सदस्य रवि त्रिपाठी, किशोरीलाल, पप्पू सिंह, रामनरेश सिंह, रमेश सिंह सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है और शहीदों के बलिदान की गाथा नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरेनी जितेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि सतीश सिंह ने किया, जबकि आभार ज्ञापन नीरज श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### इंटरनेशनल मुशायरा आज

**बिसवां सीतापुर:** अदब, शायरी और तहज़ीब की खुशबू से बिसवां एक बार फिर सराबोर होने जा रहा है। आज सोमवार को नगर में शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह0 के उर्स व मेला मे इंटरनेशनल मुशायरा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के नामचीन शायर और शायरात शिरकत करेंगे। यह मुशायरा साहित्य प्रेमियों के लिए किसी जश्न से कम नहीं होगा। मुशायरे में मशहूर शायर शबीना अदीब, शाइस्ता सना, अल्ताफ़ ज़िया, मिस्र से वला जमाल साहिबा, दुबई से यासिर अज़हर, नेपाल से सरवर नेपाली, आदिल रशीद, हास्य-व्यंग के लोकप्रिय कवि शरीफ भारती, हाशिम फ़िरोज़ाबादी, बिलाल सहारनपुरी, अज़हर इक़बाल, राहुल शर्मा, सतलज राहत इंदौरी, तबरेज़ मुनव्वर राना, हिमांशी बाबरा तथा इल्मा हाशिमी अपने बेहतरीन रचनाओं से समां बांधेंगे। कार्यक्रम की निज़ामत दुनिया के मशहूर नाज़िम नदीम फ़र्रुख़ करेंगे, जिनकी दिलकश आवाज़ और सलीक़ेमंद अंदाज़ मुशायरे को और भी यादगार बनाएगा। मेला सेक्रेटरी सय्यद हुसैन कादरी ने बताया कि यह मुशायरा केवल एक साहित्यिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, मोहब्बत और सांस्कृतिक एकता का पैग़ाम है। आयोजन को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में श्रोताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### बीएमपीएस में सीनियर वर्ग की अभिभावक- अध्यापक संगोष्ठी संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में सीनियर वर्ग की अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न हुई। अभिभावकों ने अपने पाल्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अध्यापकों से विचार विमर्श किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि छात्रों के चतुर्दिक विकास के लिए अध्यापक और अभिभावकों के मध्य सामंजस्य आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि अभिभावक अपने पाल्यों की दैनिक क्रियाकलापों की पर निगरानी रखते हुए उनकी अच्छाइयों और कमियों के बारे में अवश्य ही विद्यालय प्रबंधन को बताते रहें जिससे समय रहते उनकी कमियों को दूर किया जा सके। इस अवसर पर कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए कक्षाध्यपक व विषय अध्यापक से विचार विमर्श करते हुए विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं के प्रति संतोष जताया। वहीं इस अवसर पर उपस्थित प्रबंधक शांतनु सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा आपने जिस भरोसे और उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने पाल्यों का प्रवेश विद्यालय में कराया है विद्यालय हमेशा हर कसौटी पर खड़ा उतरा है और भविष्य में भी निरंतरता बनी रहेगी।नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है अभिभावक इसकी सारी जानकारी के लिए स्कूल ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं।इस अवसर पर कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के अभिभावकों के साथ-साथ मृत्युंजय सिंह,बी एन यादव, एमपी सिंह, अर्चना सिंह, शिरीष तिवारी, श्रवण तिवारी,आदित्य सिंह,आस्था सिंह, मनीष अवस्थी, अजय तिवारी, बुधराज, अंजू श्रीवास्तव, संगीत सिंह, सरिता सिंह, आरपी सिंह, सुधीर सिंह, विकास सिंह,विष्णु सिंह सहित समस्त अध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए हुए





अभिभावकों के आभार प्रकट करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। आए हुए समस्त अभिभावकों के लिए पर्याप्त मात्रा में जलपान की व्यवस्था रही।यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यशबहादुर यादव ने दी।

# पीपरगांव में प्रमोद सिंह ने किया हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

● सफल आयोजन पर क्षेत्रीय संगठम मंत्री ने की प्रमोद सिंह की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भरावन (हरदोई)।** हरदोई जिले की 161 विधानसभा संडीला में भाजपा से मजबूत दावेदार प्रमोद सिंह ने पीपरगांव मंडल के अंतर्गत विश्वनाथ महाविद्यालय नेवादा में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र संगठन मंत्री संस्कृत विभाग प्रमोद पंडित ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने जब संघ की स्थापना की तो लोगों ने उनका मजाक बनाया। लेकिन आज समाज को मजबूत बनाने में संघ का अहम योगदान है। अंग्रेजी शासनकाल मे लोग खुद हिन्दू कहने से कतराते थे। लोग कहते थे कि उन्हें गधा कह लो लेकिन हिन्दू न कहो। जबकि आज लोग गर्व से स्वयं को हिन्दू कहते हैं और अपने घरों के बाहर स्टीकर लगाते हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। अपनी भाषा अपनाए, रोजाना कम से कम दस विदेशी शब्दों की जगह हिंदी भाषा के शब्द बोले। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजक प्रमोद सिंह की सराहना की।

आयोजक प्रमोद सिंह ने कहा कि समाज को समृद्ध बनाने के लिए हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस तरह के आयोजन प्रत्येक मंडल में किये जायेंगे। मंच संचालन प्रदीप मिश्र ने किया। कार्यक्रम में तीर्थराज सिंह, मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान, अखंड शक्ति सिंह, पंकज शुक्ल, बाबूजी नेवादा, इटौंजा प्रधान विनोद सिंह, अतरौली प्रधान प्रमोद त्रिपाठी, प्रधान दीपक भदौरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र तोमर, देवव्रत सिंह, प्रधान सुभाष सिंह, शोभित शुक्ला, सौम्य बाजपेई, मयंक पांडे, अजीत सिंह, दीनू चौहान, दुर्गेश राष्ट्रवादी, धर्मेंद्र सिंह, अमन विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### बहुजन समाज पार्टी में कोटेदार ने आस्था जताई, सदस्यता ली



**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर के वार्ड शहजानी निवासी विक्रम सिंह वर्मा कोटेदार और अखिल सिंह ने बहुजन समाज पार्टी एवं बहन जी की पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए बहुजन समाज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सीतापुर जिला प्रभारी सुरेश रावत, जिला ओबीसी संयोजक कौशल वर्मा, हरिओम पटेल विधानसभा प्रभारी महमूदाबाद उपस्थिति रहे, सीतापुर जिला प्रभारी सुरेश रावत ने विक्रम सिंह और अखिल सिंह वर्मा का बसपा परिवार में आने पर उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया।

### स्वराज सेवा फाउंडेशन की तरफ से हुआ कंबल वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** स्वराज सेवा फाउंडेशन के बैनर तले इस भीषण सर्दी मे ठिठुरते लोगों के लिए प्रणव सिंह राजपूत और उनके साथियों के द्वारा किया गया कंबल वितरण महा अभियान जरूरतमंदों के लिए राहत और युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया।इस कार्यक्रम कों पूर्णयता सफ़ल बनाने के लिए आयोजक प्रणव सिंह राजपूत व उनके साथी कमल शर्मा,अर्जुन वाल्मीकि, आकाश पांडे, अभय मिश्रा व सहयोगी आशुतोष प्रताप सिंह, शिवेंद्र त्रिवेदी, अरुणवा प्रताप सिंह, सागर मिश्रा की क्षेत्र मे चहुंओर प्रशंसा हो रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोली विधायक शशांक त्रिवेदी रहे वहीं विशिष्ट अतिथि सागर गुप्ता, मुनेंद्र अवस्थी, अंबेडकर नगर से आए जिला पंचायत सदस्य नीरज प्रताप सिंह, और नैमिष की धरा से चलकर आए हुए श्री श्री 1008 हनुमानगढ़ी के पीठाधीश्वर महाराज पवनदास जी महाराज और महंत बजरंग मुनि दास जी, महंत राजू दास जी हनुमान धारा चित्रकूट उपस्थित रहें। युवा प्रणव नें कंबल वितरण के साथ ही गांव से चलकर आए जरूरतमंद के लिए अन्नदान का भी उचित प्रबंध किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक प्रणव सिंह राजपूत ने गरीबों जरूरतमंदों की मदद के लिये पूरे समाज से बढ़चढ़कर आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में आयोजक प्रणव सिंह राजपूत ने आये हुये अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### जन आरोग्य मेला में 16 मरीजों की हुई जांच,दीं गई मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श

ज्यादातर खांसी जुकाम, बुखार व स्किन एवं चर्मरोग के आये मरीज।



**बिसवां (सीतापुर)** रविवार 11 जनवरी को जहांगीराबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय को छोड़कर चिकित्सक डा0 अंशुमान शुक्ल, एल0 टी0 रावेन्द्र कुमार यादव, स्टाफ नर्स दीप्ति शर्मा व सहायक सरला देवी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोतीलाल मौजूद थे। प्रभारी चिकित्सक डा0 अंशुमान शुक्ल ने बताया कि काफी दिनों से देवकलिया पीएचसी पर किसी भी फार्मासिस्ट की पोस्टिंग न होने से उच्चाधिकारियों के आदेश से यहां पर तैनात फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय की ड्यूटी हफ्ते में तीन दिन देवकलिया तथा तीन दिन जहांगीराबाद रहती है।जिस कारण वह आज अस्पताल में न होकर देवकलिया पीएचसी पर ड्यूटी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज पीएचसी पर दोपहर 2 बजे तक कुल सोलह मरीज आये जिनमें 6 मरीज बुखार से पीड़ित थे व 6 खांसी जुकाम तथा 3 मरीज स्किन/चर्मरोग के और 1 मरीज कान दर्द रोग से संबंधित था जिन्हें जांच कर मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि अब मौसम खुलने लगा है इसलिए आगे से मरीजों की संख्या बढ़ाने की संभावना है।

### देवगांव में अलग अलग घरों से निकले दो अजगर, मचा हड़कंप





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** तहसील क्षेत्र के ग्राम रवा के खेतों में तेंदुआ पाए जाने और फिर उसके गायब हो जाने के बाद से खौफ में जी रहे आसपास के ग्रामीणों के बाद अब ग्राम देवगांव में ग्रामीण उस समय खौफ में आ गए जब कुछ ही समय के अंतराल में अलग अलग घरों में दो विशाल अजगर पाए गए। मामले के मुताबिक ग्राम देवगांव निवासी हरिकृष्ण याज्ञिक दिल्ली में रहते हैं और गांव स्थित घर में ताला लगा रहता है। रविवार को हरिकृष्ण गांव आए हुए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जैसे ही उन्होंने घर का ताला खोला तो देखा अंदर करीब 10 फीट लंबा और 20 किलो वजन का विशाल अजगर जमीन पर पसरा हुआ है। अजगर देख हरिकृष्ण के हांथ पांव फूल गए और भागकर उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को बुलाया। उधर, कुछ देर बाद ही रामरतन अहिरवार के जानवरों वाले घर में भी इतना विशाल अजगर मौजूद मिला। एक साथ दो अजगर मिलने से ग्रामीण खौफ में आ गए और इसकी सूचना वन विभाग को दी। तेंदुआ के रेस्क्यू में लगे वन कर्मियों को न आता देख ग्रामीणों ने नरी गांव निवासी नाथ अशोकदास को मौके पर बुलाया। ग्रामीणों के सहयोग से नाथ ने दोनों अजगरों को काबू में कर पाइप और बोरी के अंदर बंद कर लिया जिसके बाद ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। दोनों अजगरों को सुदूर जंगलों में छोड़ने के लिए ले जाया गया।

### गौशाला की देखभाल करने वाले गौ रक्षक ने मारपीट की शिकायत की

कोंच(जालौन): विकास खंड कोंच की ग्राम पंचायत बिरगुवां बुजुर्ग स्थित गौशाला की देखभाल करने वाले दलित गौरक्षक ने जातिसूचक गालियां देने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है। ग्राम बिरगुवां बुजुर्ग निवासी वीरपाल पुत्र गरीबदास ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गौशाला की देखभाल करता है। अत्यधिक सर्दी और बीमारी के चलते मृत गौवंशों को ग्रामीणों की सहमति से दफनाने के लिए रविवार की दोपहर वह परती की जगह पर जेसीबी मशीन से गड्ढा खोद रहा था। इसी दौरान गांव के ही श्यामजी मौके पर आए और उसका वीडियो बनाने लगे। उसने वीडियो बनाने का कारण पूंछा तो श्यामजी ने जातिसूचक गालियां देकर उसके साथ मारपीट की। वीरपाल ने पुलिस को बताया कि बीते दो वर्षों से श्यामजी उसे परेशान कर रहे हैं और उसे गौशाला का काम नहीं करने देते हैं, साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले को लेकर वीरपाल ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 67 मरीजों का हुआ उपचार



**डलमऊ- कटघर** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें बुखार, सर्दी जुकाम, शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। चिकित्साधिकारी डा. रूपाली शुक्ला ने बताया कि मेले में कुल 67 मरीजों का पंजीकरण किया गया जिसमें 30 पुरुष, 30 महिलाओं एवं 7 बच्चों का पंजीकरण हुआ।स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। इस दौरान फार्मासिस्ट रविन्द्र, लैब टेक्नीशियन अनुपम यादव,एएनएम बीना शर्मा,स्टाफ नर्स प्रियंका वर्मा, एसएलए संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों का निरीक्षण कर निराश्रितों को बांटे कंबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उरई(जालौन):** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास व चीनी उद्योग राज्यमंत्री उप्र संजय सिंह गंगवार ने शनिवार की देर रात रेलवे स्टेशन, कोंच बस स्टैंड स्थित रैन बसेरों एवं अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया तथा निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों में पहुंचकर वहां ठहरे लोगों का हाल-चाल जाना और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निराश्रितों से संवाद करते हुए कहा कि मुझे मुख्यमंत्री जी ने विशेष रूप से आपका हाल-चाल लेने के लिए भेजा है। आपको किसी भी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है? निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं ठहरने की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम में किसी भी व्यक्ति को असुविधा न होने पाए। अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जरूरतमंदों को तत्काल कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ आमजन की सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी की योजना बनाते 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**पिस्टल, तमंचा सहित अन्य तमाम उपकरण बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** चोरी की वारदात करने की योजना बना रहे 4 अभियुक्तों को थाना नदीगांव पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पिस्टल, तमंचा, कारतूस सहित अन्य तमाम उपकरण बरामद पुलिस ने किए हैं।

मामले के मुताबिक थानाध्यक्ष नदीगांव शशिकांत चौहान ने पुलिस बल के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर रविवार को नदीगांव कस्बे में सुभाष तिराहे पर नगर पंचायत की बेसमेंट में बनी दुकान नंबर 6 में बैठकर चोरी की वारदात करने की योजना बना रहे अभियुक्त रामगोपाल चौहान पुत्र अहिवरन निवासी ग्राम गोरई भिंड एमपी, सतेंद्र सिंह चौहान पुत्र माखन सिंह निवासी ग्राम भीमनगर भिंड, आशीष राजावत पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम निवसाई भिंड, वेदप्रकाश जादौन पुत्र बृजेंद्र सिंह निवासी ग्राम चुरली भिंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त अभियुक्तों के पास से 32 बोर की 2 पिस्टल, 12 बोर का एक तमंचा, 32 बोर की 3 मैगजीन, 32 बोर के 4 जिंदा कारतूस, 12 बोर के 2 जिंदा कारतूस, एक छुरा, कटर, प्लास, पेंचकस, सब्बल बरामद की है। बगैर कागजातों की



स्प्लेंडर बाइक एमपी 30 जेडएफ 6843 भी बरामद की गई है जिसे दफा 207 में पुलिस ने सीज कर दी है। उपरोक्त चारों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने धारा 313 बीएनएस, 3/25, 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है। पुलिस इन चारों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# सड़कें अब बुद्धिमान: भारत की स्मार्ट सुरक्षा का नया युग

**[ टकराव नहीं, तालमेल: वी2वी तकनीक के साथ सुरक्षित ड्राइविंग ]**
**[ गति, दिशा और सुरक्षा की संवाद कला: भारत की नई सड़क क्रांति ]**



भारत की सड़कें आज भी जीवन और सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण साबित हो रही हैं। हर साल लाखों लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और अनगिनत परिवार टूट जाते हैं। वर्ष 2024 में देशभर में लगभग 1.77 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। इसका अर्थ है कि हर दिन औसतन 485 से अधिक लोग अपने घरों से कभी लौटकर नहीं आते। तेज गति, लापरवाही, हेलमेट न पहनना और यातायात नियमों की अवहेलना प्रमुख कारण हैं। युवा वर्ग (18-34 वर्ष) सबसे अधिक प्रभावित है, जो देश की आर्थिक और सामाजिक शक्ति का अहम हिस्सा है। इन भयावह आंकड़ों ने सरकार को मजबूर कर दिया कि वह सड़क सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाए। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए 2026 तक पूरे देश में व्हीकल-टू-व्हीकल (वी2वी) संचार तकनीक लागू करने की ऐतिहासिक घोषणा की। यह तकनीक वाहनों को सीधे संवाद करने में सक्षम बनाएगी, बिना किसी मोबाइल नेटवर्क या इंटरनेट के। वी2वी तकनीक के माध्यम से वाहन आपस में गति, स्थिति, दिशा, ब्रेकिंग और त्वरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। यदि कोई वाहन अचानक रुकता है, ब्लाइंड स्पॉट में प्रवेश करता है या किसी खतरे का सामना करता है, तो आसपास के सभी वाहन तुरंत चेतावनी पाएंगे। इस प्रकार, दुर्घटनाओं को पहले ही रोका जा सकेगा और लाखों जीवन सुरक्षित रहेंगे। वी2वी संचार प्रणाली पूर्णतः अत्याधुनिक वायरलेस तकनीक पर आधारित है। प्रत्येक वाहन में एक ऑन-बोर्ड यूनिट (ओबीयू) स्थापित की जाएगी, जो 5.875 से 5.905 गीगाहर्ट्ज़ बैंड में उपलब्ध 30 मेगाहर्ट्ज़ स्पेक्ट्रम का उपयोग करेगी। यह विशिष्ट स्पेक्ट्रम दूरसंचार विभाग द्वारा निःशुल्क आवंटित किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से वाहन रीयल-टाइम में एक-दूसरे के साथ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे, जिससे प्रतिक्रिया समय अत्यंत कम हो जाएगा। कई परिस्थितियों में यही कुछ सेकंड जीवन और मृत्यु के बीच का निर्णायक अंतर साबित होते हैं। विशेषज्ञों और विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह तकनीक दुर्घटनाओं की संभावना को लगभग 80 प्रतिशत तक कम करने में सक्षम है, विशेष रूप से कोहरे, अत्यधिक यातायात और रियर-एंड टक्कर जैसी जोखिमपूर्ण स्थितियों में। सरकार ने इसे 2026 तक राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। पहले चरण में यह केवल नए वाहनों में अनिवार्य होगा।

उसके बाद मौजूदा वाहनों में रेट्रोफिटिंग की जाएगी। अनुमानित परियोजना लागत लगभग 5,000 करोड़ रुपये है। प्रति वाहन उपकरण की लागत 5,000-7,000 रुपये के आसपास होने का अनुमान है। राज्य परिवहन मंत्रियों की वार्षिक बैठक में इस योजना पर व्यापक चर्चा हुई। दूरसंचार विभाग के साथ संयुक्त कार्यबल गठित किया गया है। वी2वी प्रणाली एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) के साथ पूरी तरह एकीकृत होगी। प्रीमियम वाहनों में पहले से मौजूद सेंसर-आधारित फीचर्स को भी नए मानकों से जोड़ा जाएगा। दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना (1.5 लाख रुपये तक, 7 दिनों के लिए) को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाएगा। वी2वी तकनीक के लाभ अत्यधिक व्यापक और दूरगामी हैं। कोहरे में बहु-वाहन टक्कर, रियर-एंड कोलिजन और स्थिर वाहनों से टकराव अब बड़ी संख्या में रोके जा सकेंगे। यातायात का प्रवाह सुचारू होगा, ईंधन की बचत होगी और वायु प्रदूषण में कमी आएगी। भारत जैसे विविध भूगोल वाले देश में–जहां पहाड़ी रास्ते, घुमावदार सड़कें, घना ट्रैफिक और मौसमी चुनौतियां आम हैं–यह प्रणाली विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। ड्राइवरों को अतिरिक्त प्रतिक्रिया समय मिलने से दुर्घटनाओं की गंभीरता कम होगी और जीवन रक्षा संभव होगी। कुल मिलाकर, यह तकनीक सुरक्षित, स्मार्ट और कुशल परिवहन प्रणाली की नींव रखेगी और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन में चुनौतियां भी हैं। प्रारंभिक लागत, पुराने वाहनों में उपकरण इंस्टॉलेशन, डेटा गोपनीयता की चिंता, साइबर खतरों का जोखिम और सभी वाहनों में समान मानकीकरण प्रमुख बाधाएं हैं। सरकार ऑटोमोबाइल उद्योग, विशेषज्ञों और तकनीकी संस्थानों के साथ मिलकर इन समस्याओं का समाधान कर रही है। सफल परीक्षण और समयबद्ध क्रियान्वयन से इन चुनौतियों को प्रभावी ढंग से पार किया जा सकता है। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षित ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम और सख्त नियमावली लागू करना आवश्यक होगा, ताकि रोलआउट सुचारू और सुरक्षित रूप से संभव हो सके। इस तकनीक से न केवल दुर्घटनाओं की संख्या घटेगी, बल्कि अनगिनत परिवारों को दुख, पीड़ा और तबाही से भी बचाया जाएगा। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी और सामाजिक सुरक्षा के ढांचे को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी करेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदर्शिता और सरकार की सक्रियता अत्यंत सराहनीय है। अब समय आ गया है कि हम सभी इस तकनीक को अपनाएं और सुरक्षित यात्रा को अपनी आदत में बदलें। सुरक्षित सड़कें ही विकसित, समृद्ध और सुरक्षित भारत की असली नींव हैं।

वी2वी तकनीक केवल एक योजना नहीं, बल्कि हर भारतीय के जीवन की सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षित भविष्य का दृढ़ संकल्प है। भारत 2026 तक वी2वी तकनीक के रोलआउट से स्मार्ट, सुरक्षित और कुशल परिवहन की एक नई क्रांति की ओर कदम बढ़ाएगा। यह प्रणाली न केवल देश की सड़क सुरक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देगी, बल्कि वैश्विक स्मार्ट मोबिलिटी मानकों में भारत को नेतृत्व दिलाकर उसे अग्रणी बनाएगी। जीवन की रक्षा, आर्थिक बचत और पर्यावरणीय सुरक्षा के साथ यह तकनीक हर भारतीय नागरिक के लिए सुरक्षा और भरोसे का वास्तविक वादा है। वर्तमान समय की चुनौती और आवश्यकता यही है कि हम इसे अपनाएं, ताकि सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित हों और हर व्यक्ति का जीवन संरक्षित रह सके।

**प्रो. आरके जैन**

# चीन की धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियों पर मुस्लिम और ईसाई बहुल देश खामोश क्यों ?

चीन आज दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो आर्थिक, व्यापारिक, वैज्ञानिक और तकनीकी के हर क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका को सीधी चुनौती दे रहा है । यही कारण है कि अमेरिका सहित अधिकांश देश चीन के आंतरिक और बाह्य मामलों में हस्तक्षेप करने से बचते हैं। वर्तमान में चीन न केवल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि वह विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी नियंत्रित करता है। भारत से मात्र दो वर्ष बाद स्वतंत्र हुआ चीन, आज विकास की दौड़ में भारत से कहीं आगे निकल चुका है। स्वतंत्रता के समय दोनों देशों की आर्थिक स्थिति लगभग समान थी, किंतु चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रारंभ से ही एक ऐसा सख्त और केंद्रीकृत विकास मॉडल अपनाया, जिसे सत्ता और विपक्ष दोनों को मानना अनिवार्य था। इसी बाज़ारवादी और विस्तारवादी नीति के बल पर चीन आज वैश्विक मुनाफे का केंद्र बन चुका है और अमेरिका के समकक्ष खड़ा दिखाई देता है। चीन की शासन व्यवस्था विश्व में अनोखी है । वहां संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के लिए नास्तिक होना अनिवार्य है । यद्यपि नागरिकों को सीमित व्यक्तिगत स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन शासन पूरी तरह कम्युनिस्ट पार्टी के कठोर कानूनों के अधीन चलता है। चीनी संविधान के अनुसार केवल पांच धर्मों को मान्यता प्राप्त है और अन्य समुदायों को उन्हीं के अंतर्गत अपने धार्मिक आचरण को ढालना अनिवार्य होता है। चीन में रहने वाले मुस्लिम, ईसाई या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को सीसीपी के नियमों के अनुसार ही अपने धर्म का पालन करना पड़ता है। सरकार के विरुद्ध विरोध करना वहां लगभग आत्मघाती कदम माना जाता है। आधुनिक सोशल मीडिया युग में जहां दुनिया के हर कोने की खबरें पल-पल सामने आती हैं, वहीं चीन से बिना सरकारी अनुमति कोई समाचार बाहर आना अत्यंत दुर्लभ है। चीन में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। मुस्लिम पुरुष दाढ़ी नहीं रख सकते, महिलाएं बुर्का नहीं पहन सकतीं, मस्जिदों पर गुंबद और धार्मिक प्रतीकों पर रोक है तथा धार्मिक शिक्षा पर प्रतिबंध है। इसी प्रकार ईसाई समुदाय को भी क्रॉस पहनने, स्वतंत्र रूप से बिशप नियुक्त करने और बिना पंजीकरण धार्मिक गतिविधियां चलाने की अनुमति नहीं है। बौद्ध धर्म के प्रति भी चीन का रवैया दमनकारी रहा है, विशेषकर तिब्बत और दलाई लामा के संदर्भ में । इन तमाम पाबंदियों के बावजूद न तो कोई मुस्लिम बहुल देश और न ही ईसाई बहुल राष्ट्र चीन के खिलाफ खुलकर आवाज उठाते है। पाकिस्तान, जो स्वयं को दुनिया भर के मुसलमानों का रक्षक बताता है, उसने भी चीन में रह रहे उइगर मुसलमानों की स्थिति पर कभी विरोध दर्ज नहीं कराया। आर्थिक और कर्ज निर्भरता के कारण अनेक देश चीन के सामने मौन साधे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, चीन की जेलों में इस समय बीस लाख से अधिक मुस्लिम अल्पसंख्यक विभिन्न आरोपों में बंद हैं। इसके बावजूद न कोई वैश्विक मानवाधिकार संगठन निर्णायक कदम उठाता है और न ही मुस्लिम नेतृत्व खुलकर विरोध करता है । विडंबना यह है कि चीन की दमनकारी नीतियों को वहां की बहुसंख्यक जनता का समर्थन प्राप्त है। यही कारण है कि वहां कम्युनिस्ट शासन के विरुद्ध कोई व्यापक आंदोलन नहीं दिखाई देता । चीन आज दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां कठोर नियंत्रण के कारण आतंकी संगठनों को पनपने का अवसर नहीं मिला, जबकि अमेरिका जैसे देश भी आतंकवाद से अछूते नहीं रहे । चीन में धार्मिक स्वतंत्रता पर लगाए गए प्रतिबंध स्पष्ट रूप से मानवाधिकारों के विरुद्ध हैं, लेकिन वैश्विक शक्तियों और धार्मिक ठेकेदारों की चुप्पी यह दर्शाती है कि महाशक्ति बनने के बाद नैतिकता और मानवता भी कूटनीति के सामने गौण हो जाती है।

**अरविंद रावल**

# सुप्रीम कोर्ट की दहलीज़ पर बंगाल बनाम ईडी: संवैधानिक संस्थाओं, राजनीति और कानून के टकराव की कहानी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कोलकाता स्थित कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी ने राज्य और केंद्र के बीच पहले से चल रहे तनाव को खुलकर सामने ला दिया है। यह विवाद अब केवल राजनीतिक बयानबाज़ी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच चुका है। एक ओर पश्चिम बंगाल सरकार ने कैविएट दाखिल कर अदालत से आग्रह किया है कि उसके पक्ष को सुने बिना कोई आदेश न दिया जाए, तो दूसरी ओर ईडी ने यह आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन उसकी वैधानिक जांच में बाधा डाल रहे हैं। यह टकराव भारतीय संघीय ढांचे, संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और चुनावी राजनीति के जटिल रिश्ते को उजागर करता है। ईडी का आरोप है कि कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में जब एजेंसी ने तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य प्रशासन ने न केवल रुकावटें खड़ी कीं, बल्कि जांच की प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश भी की। एजेंसी का दावा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं तलाशी स्थलों पर पहुँचीं और इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज़ तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उनके कब्जे में ले लिए गए। ईडी के अनुसार, यह न केवल जांच में दखल है, बल्कि कानून व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं का भी उल्लंघन है। इसी आधार पर एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट से निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के जांच की अनुमति देने की मांग की है। दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार का कहना है कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। पार्टी का आरोप है कि चुनावी माहौल में विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ईडी अधिकारी सुबह छह बजे पहुँचे थे, जबकि वह स्वयं करीब साढ़े ग्यारह बजे मौके पर गईं। उनका तर्क है कि उन्होंने केवल यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप किया कि किसी के अधिकारों का हनन न हो और एजेंसी अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर कदम न उठाए। ममता बनर्जी का यह भी कहना रहा है कि संवैधानिक संस्थाओं की जांच पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, बशर्ते वह निष्पक्ष और कानून के दायरे में हो। यहीं से यह विवाद एक नए मोड़ पर पहुँचता है। एक तरफ मुख्यमंत्री स्वयं कहती हैं कि संवैधानिक संस्थाओं की जांच पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन दूसरी ओर उन पर आरोप है कि उन्होंने जांच प्रक्रिया में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप किया। सवाल यह उठता है कि क्या किसी राज्य की निर्वाचित मुख्यमंत्री को यह अधिकार है कि वह जांच एजेंसी की कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुँचकर हस्तक्षेप करे। भारतीय संविधान और कानून व्यवस्था की मूल भावना यही कहती है कि जांच एजेंसियाँ स्वतंत्र रूप से अपना काम करें और किसी भी प्रकार का दबाव, चाहे वह राजनीतिक हो या प्रशासनिक, स्वीकार्य नहीं है। कानून के जानकार मानते हैं कि यदि किसी व्यक्ति या सरकार को जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर आपत्ति है, तो उसके लिए न्यायालय का रास्ता खुला है। सीधे तौर पर तलाशी या जांच में दखल देना कानून को हाथ में लेने जैसा माना जा सकता है। इस संदर्भ में ममता बनर्जी का व्यवहार केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रश्न भी खड़ा करता है। आलोचकों का कहना है कि यह कदम न केवल एजेंसियों के मनोबल को प्रभावित करता है, बल्कि आम जनता के बीच यह संदेश भी देता है कि सत्ता में बैठे लोग कानून से ऊपर हैं। यह पूरा विवाद 2026 के विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में और भी संवेदनशील हो जाता है। तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से बंगाल की सत्ता में है और ममता बनर्जी की छवि एक मजबूत, जुझारू नेता की रही है। लेकिन विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि आने वाले चुनावों में संभावित हार की आशंका ने राज्य सरकार को रक्षात्मक बना दिया है। आलोचकों के अनुसार, ममता बनर्जी अपने करीबी लोगों और राजनीतिक रणनीतिकारों को बचाने के लिए आक्रामक रुख अपना रही हैं, ताकि किसी भी तरह का कानूनी संकट चुनावी नुकसान का कारण न बने। इस नजरिए से देखा जाए तो ईडी की कार्रवाई के खिलाफ उनका प्रतिरोध राजनीतिक मजबूरी भी हो सकता है। ईडी और टीएमसी द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना इस टकराव को और गहरा करता है। एक तरफ केंद्रीय एजेंसी का आरोप है कि राज्य पुलिस ने जांच में सहयोग करने के बजाय बाधा उत्पन्न की, वहीं दूसरी तरफ राज्य सरकार का कहना है कि ईडी ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कदम उठाए। यह स्थिति भारतीय संघवाद के उस नाजुक संतुलन को दर्शाती है, जहाँ केंद्र और राज्य दोनों अपने-अपने अधिकारों की व्याख्या अपने हितों के अनुसार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट की भूमिका ऐसे मामलों में निर्णायक होती है। कैविएट दाखिल करने का उद्देश्य ही यही है कि अदालत किसी भी पक्ष की बात सुने बिना कोई अंतरिम आदेश न दे। इससे यह स्पष्ट होता है कि बंगाल सरकार भी इस मामले को कानूनी लड़ाई के रूप में लड़ना चाहती है। वहीं ईडी का शीर्ष अदालत का रुख करना यह संकेत देता है कि एजेंसी स्वयं को असुरक्षित और बाधित महसूस कर रही है। यह टकराव अब केवल एक छापेमारी का मामला नहीं रहा, बल्कि यह इस सवाल का प्रतीक बन गया है कि भारत में संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और राजनीतिक सत्ता के बीच संतुलन कैसे कायम रखा जाए। ममता बनर्जी के समर्थक यह तर्क देते हैं कि केंद्र सरकार विपक्ष शासित राज्यों में एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में कर रही है। उनका कहना है कि यदि वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होती, तो सत्तारूढ़ दलों से जुड़े मामलों में भी उतनी ही सख्ती दिखाई जाती। लेकिन इसके विपरीत, आलोचक यह सवाल उठाते हैं कि यदि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को अपनी निष्पक्षता पर भरोसा है, तो वे जांच से डर क्यों रही हैं। संवैधानिक संस्थाओं की जांच का विरोध या उसमें हस्तक्षेप करना अपने ही तर्क को कमजोर करता है। इस पूरे प्रकरण में एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि लोकतंत्र में कानून का राज सर्वोपरि होता है। चाहे कोई कितना ही बड़ा नेता क्यों न



हो, उसे कानून के दायरे में रहकर ही अपनी बात रखनी चाहिए। यदि मुख्यमंत्री स्वयं तलाशी स्थलों पर पहुँचकर जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप करती हैं, तो यह उदाहरण आम नागरिकों के लिए क्या संदेश देता है। यह स्थिति उस सिद्धांत के विपरीत है, जिसमें कहा गया है कि कानून सबके लिए समान है। अंततः सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला केवल बंगाल बनाम ईडी का नहीं है, बल्कि यह भारत की संवैधानिक व्यवस्था की कसौटी भी है। अदालत को यह तय करना होगा कि जांच एजेंसियों को किस हद तक स्वतंत्रता दी जाए और राज्यों के अधिकारों की सीमा कहाँ तक है। साथ ही यह भी स्पष्ट करना होगा कि किसी निर्वाचित सरकार का कर्तव्य जांच में सहयोग करना है, न कि उसे प्रभावित करना। ममता बनर्जी स्वयं कह चुकी हैं कि संवैधानिक संस्थाओं की जांच पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यदि इस कथन को गंभीरता से लिया जाए, तो यह अपेक्षा भी बनती है कि व्यवहार में भी वही सिद्धांत अपनाया जाए। 2026 के चुनावों की छाया में यह विवाद और भी राजनीतिक रंग ले सकता है, लेकिन अंत में फैसला कानून और संविधान के आधार पर ही होना चाहिए। यदि राजनीति कानून पर हावी हो गई, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि चाहे ईडी हो या राज्य सरकार, दोनों संविधान की मर्यादा में रहकर काम करें। यही इस पूरे विवाद से निकलने वाला सबसे बड़ा सबक है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## एक समाज, जो बेटियों को सुरक्षित नहीं, नियंत्रित करता है

**सुरक्षा का तर्क, समाज की चुप्पी और बेटियों का संघर्ष**
**जब सुरक्षा का अर्थ बेटी की स्वतंत्रता पर पहरा बन जाए**

'सुरक्षा' एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में भरोसे और संरक्षण की छवि उभरती है। यही शब्द माता-पिता की सबसे बड़ी ढाल माना जाता है और यही समाज की सबसे बड़ी दलील भी। लेकिन जब यह शब्द बेटी की आज़ादी छीनने का माध्यम बन जाए, तब इसका अर्थ बदल जाता है। तब सुरक्षा एक ऐसा ताला बन जाती है, जो बेटी के सपनों, इच्छाओं और आत्मसम्मान पर जड़ दिया जाता है। यह ताला दिखाई नहीं देता, पर इसका बोझ हर सांस के साथ महसूस होता है। बेटी को बताया जाता है कि यह सब उसके भले के लिए है, जबकि असल में यह उसके अस्तित्व पर नियंत्रण की प्रक्रिया होती है। भारतीय समाज में बेटी को आज भी एक स्वतंत्र व्यक्ति की बजाय परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। उसकी चाल, पहनावा, दोस्ती और निर्णय–सब पर निगाह रखी जाती है। जैसे ही बेटी अपने जीवन के फैसले खुद लेने की बात करती है, 'सुरक्षा' का तर्क सामने खड़ा कर दिया जाता है। प्रेम, विवाह, शिक्षा या करियर–हर क्षेत्र में उसकी आज़ादी सीमित कर दी जाती है। यह सीमाएँ परिवार द्वारा खींची जाती हैं और समाज द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं। यही स्वीकृति इस समस्या को और गहरा बनाती है। इस तथाकथित सुरक्षा का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे प्रेम का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है। माता-पिता कहते हैं कि दुनिया बहुत खराब है, इसलिए बेटी को घर में रखना ज़रूरी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया केवल बेटी के लिए ही खराब है? बेटे भी उसी दुनिया में रहते हैं, वही रास्ते तय करते हैं, वही जोखिम उठाते हैं। फर्क सिर्फ़ इतना है कि बेटी को कमजोर और असहाय मान लिया जाता है, और यही मान्यता उसकी आज़ादी की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है। यह कैद केवल दरवाज़े बंद करने तक सीमित नहीं होती। यह सोच, भावनाओं और निर्णयों पर भी पहरा बिठा देती है। बेटी से बार-बार कहा जाता है कि वह समझदार बने, समाज की बात माने, परिवार की इज़्ज़त रखे। धीरे-धीरे वह अपने मन की बात कहना छोड़ देती है। सवाल पूछना, विरोध करना या अपनी इच्छा जताना उसे अपराध जैसा लगने लगता है। यह मानसिक कैद शारीरिक कैद से कहीं अधिक खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें सलाखें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या परंपरा और जाति की कठोर दीवारों से और भी मज़बूत हो जाती है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय संबंधों के मामलों में बेटियों को घर में बंद कर देना, मोबाइल छीन लेना या बाहर निकलने से रोक देना वहाँ सामान्य व्यवहार माना जाता है। कई बार यह कैद महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक चलती है। शहरों में इसका रूप थोड़ा बदला हुआ दिखता है, लेकिन सार वही है। यहाँ बेटी को 'आधुनिक सुरक्षा' के नाम पर निरंतर निगरानी में रखा जाता है–लोकेशन ट्रैकिंग, समय की सख्त पाबंदी और हर निर्णय पर सवाल। फर्क सिर्फ़ दिखावे का है, सोच वही पुरानी है। कानून इस पूरी व्यवस्था के विपरीत खड़ा है। भारतीय संविधान हर महिला को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। बालिग बेटी को अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने का पूरा हक़ है। इसके बावजूद, जब मामला परिवार का बताकर पेश किया जाता है, तो कानून कई बार मौन हो जाता है। पुलिस और प्रशासन अक्सर माता-पिता की बात को ही अंतिम मान लेते हैं, जबकि बेटी की सहमति और इच्छा को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। यहीं कानून और समाज के बीच का टकराव साफ दिखाई देता है, और दुर्भाग्य से अक्सर समाज हावी हो जाता है। इस कैद का मनोवैज्ञानिक प्रभाव बेहद गहरा और दीर्घकालिक होता है। आत्मविश्वास टूटता है, आत्मसम्मान कमजोर पड़ता है और भविष्य को लेकर डर पैदा होता है। कई बेटियाँ अवसाद, चिंता और अकेलेपन का शिकार हो जाती हैं। पढ़ाई और करियर पर इसका सीधा असर पड़ता है, क्योंकि उनकी ऊर्जा अपने अधिकारों की रक्षा में ही समाप्त हो जाती है। परिवार इसे अस्थायी कदम मानता है, लेकिन बेटी के लिए यह अनुभव जीवन की दिशा बदल देता है। समाज की दोहरी मानसिकता इस समस्या को और अधिक जटिल बना देती है। एक ओर बेटियों को देवी कहकर पूजने की परंपरा है, तो दूसरी ओर उन पर भरोसा करने से गहरा संकोच भी है। फिल्मों, धारावाहिकों और लोककथाओं में आज भी 'आदर्श बेटी' वही दिखाई जाती है, जो चुप रहे, सहन करे और कभी सवाल न उठाए। यही सांस्कृतिक संदेश पीढ़ी दर पीढ़ी दोहराया जाता है, जिससे नियंत्रण को नैतिकता और दमन को संस्कार का सम्मानजनक नाम मिल जाता है। इस अंधेरे के बीच बदलाव की कुछ स्पष्ट किरणें भी दिखाई देती हैं। शिक्षा, सोशल मीडिया और जागरूकता अभियानों ने बेटियों को अपनी बात रखने का साहस दिया है। अनेक संगठन और मंच ऐसे हैं, जो कानूनी सहायता के



साथ-साथ मानसिक संबल भी प्रदान कर रहे हैं। फिर भी यह प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक समाज की सामूहिक सोच नहीं बदलेगी, तब तक 'सुरक्षा' का यह पिंजरा नए-नए रूपों में बना ही रहेगा। शिक्षा इस समस्या की जड़ पर सीधा प्रहार करती है। शिक्षित बेटी न केवल अपने अधिकार पहचानती है, बल्कि उन्हें हासिल करने का आत्मबल भी जुटाती है। उतना ही ज़रूरी है माता-पिता और समाज की मानसिक शिक्षा। जब यह समझ विकसित होगी कि सुरक्षा का अर्थ संदेह या नियंत्रण नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और समर्थन है, तब बेटियों को कैद करने की प्रवृत्ति स्वतः समाप्त होने लगेगी। स्कूलों और परिवारों में समानता और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्थिक स्वतंत्रता भी इस संघर्ष का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हथियार है। आत्मनिर्भर बेटी न केवल अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होती है, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी जुटा पाती है। रोजगार, व्यावसायिक कौशल और आगे बढ़ने के अवसर उसे मानसिक व सामाजिक मजबूती देते हैं। जब बेटी आर्थिक रूप से सशक्त होती है, तब 'सुरक्षा' के नाम पर लगाए गए ताले अपने आप कमजोर पड़ने लगते हैं और नियंत्रण की जगह आत्मविश्वास ले लेता है। 'सुरक्षा' के नाम पर बेटी को जेल में रखना मात्र पारिवारिक विषय नहीं, बल्कि एक गहरा और गंभीर सामाजिक अन्याय है। यह पितृसत्तात्मक सोच की वही कठोर दीवार है, जिसे तोड़े बिना समानता और न्याय की कल्पना अधूरी रहती है। सच्ची सुरक्षा बंद दरवाज़ों में नहीं, बल्कि खुले अवसरों और विश्वास में निहित है। बेटी को उड़ने का अधिकार दिया जाए, उस पर भरोसा किया जाए और उसकी स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। तभी समाज वास्तव में सुरक्षित, संवेदनशील और प्रगतिशील कहलाने के योग्य बन सकेगा।

**कृति आरके जैन**

# वैश्विक युद्ध की प्रेत-छाया में व्यापारिक द्वंद का दौरा

**ताकतवर देशों की आर्थिक सिरमौर बनने की चाहत**

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य व्यापारिक संप्रभुता और विश्व की अर्थव्यवस्था मैं सिरमौर बनने के प्रयासों की ओर बढ़ रहा है। इस समय विश्व व्यवस्था की परिघटना में एक ऐतिहासिक मोड़ आ गया है जहाँ शांतिपूर्ण सहयोग और आर्थिक प्रतिस्पर्धा, युद्ध की परंपरागत विधि की अपेक्षा पहले से कहीं अधिक निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। आज 21वीं सदी में पारंपरिक 'भौतिक युद्ध' के स्थान पर देश व्यापार युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और नीतिगत टकराव के माध्यम से अपनी शक्ति, प्रतिष्ठा और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने में लगे हैं। यह स्पष्ट है कि अब विश्व युद्ध नहीं, बल्कि व्यापार युद्ध होने की संभावना अधिक है, क्योंकि दुनिया के अधिकांश प्रमुख देशों ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। आज विश्व अर्थव्यवस्था में शक्ति संतुलन का निर्धारण केवल सैन्य बल से नहीं होता बल्कि आर्थिक ताकत, वैश्विक व्यापार नीति, निवेश सहयोग एवं तकनीकी नेतृत्व से होता है। अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे प्रमुख देश अब सीधे युद्ध की बजाय आर्थिक रणनीतियों, शुल्क, व्यापार समझौतों, बाजारों तक पहुंच और पूंजी आकर्षण की लड़ाई में लगे हैं। आज अमेरिका ने 2025 में भारत सहित लगभग 68 देशों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए, जिनका उद्देश्य अपने व्यापार घाटे को कम करना और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना है, जबकि इसी कदम ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ाया है । अमेरिका और चीन के बीच पहले से चले आ रहे व्यापार तनाव ने व्यापार युद्ध की अवधारणा को मज़बूती दी है, जहाँ दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा रहे हैं। इससे वैश्विक व्यापार नेटवर्क प्रभावित हो रहे हैं और कई उद्योगों में अस्थिरता आ रही है। अमेरिका-चीन के बीच यह टकराव केवल शुल्कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तकनीकी नियंत्रण, निवेश प्रतिबंध और आपूर्ति श्रृंखला पुनर्गठन जैसे मुद्दों पर भी उभर रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रवाहशीलता पर असर पड़ा है। इस प्रतिस्पर्धा की पृष्ठभूमि में प्रत्येक देश अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए नीतिगत परिवर्तन कर रहा है। भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2024-25 में निर्यात में लगभग 15.52% की वृद्धि दर्ज की है, जिससे इसके व्यापार घाटे में भी उल्लेखनीय कमी आई है। भारत के निर्यात में मर्चेंडाइज और सेवा दोनों का योगदान रहा है और यह वैश्विक बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को मजबूती देता है। अमेरिका, जो समय-समय पर 'अमेरिका फर्स्ट' जैसी नीति अपनाता रहा है, वह अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करते हुए उच्च टैरिफ लागू करता है, जिससे उसके व्यापारिक साझेदारों को आर्थिक संतुलन में बदलाव का सामना करना पड़ता है। अमेरिका के इस कदम से न केवल चीन, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के साथ भी तनाव उत्पन्न होने का खतरा बढ़ रहा है। अमेरिका का लक्ष्य लंबे समय से अपने व्यापार घाटे को कम करना रहा है, जो लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर का रहा है, और इसी वजह से टैरिफ नीति का सहारा लिया जा रहा है। चीन की स्थिति भी दिलचस्प है, जो अब विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ अपनी वैश्विक पहुंच और तकनीकी क्षमता का विस्तार कर रहा है। चीन बेल्ट एन्ड रोड (बीआरआई) के जरिए कई देशों को अपनी आर्थिक परिधि में लाने का प्रयास कर रहा है, जबकि अमेरिका उसे रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देख रहा है। भारत ने हमेशा आधिकारिक तौर पर कहा है कि वह गुटनिरपेक्ष राजनीति और शांति की दिशा में विश्वास रखता है। भारत का रुख पारंपरिक सैन्य आक्रामकता से अलग है; वह व्यापार, निवेश, आर्थिक सुधार और तकनीकी नवाचार के माध्यम से विश्व में शांति एवं विकास का संदेश देना चाहता है। भारत जैसे उभरते बाजार देश ने व्यापार समझौतों पर जोर दिया है और उसने अनेक मुक्त व्यापार व साझेदारी समझौते किए हैं, जिनसे उसके निर्यात को बाज़ारों तक पहुंचाने में मदद मिली है और वैश्विक भागीदारों के साथ उसके संबंध मजबूत हुए हैं। दूसरी तरफ, पश्चिम एशियाई खाड़ी देश, जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि, मुख्य रूप से तेल और ऊर्जा व्यापार में व्यस्त हैं। इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं कच्चे तेल पर निर्भर हैं और तेल की कीमतों तथा वैश्विक ऊर्जा मांग पर उनकी आर्थिक स्थिति काफी हद तक टिकी हुई है। वे अपने संसाधनों का उपयोग वैश्विक निवेश और ऊर्जा सुरक्षा पर दबदबा बनाए रखने के लिए कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आंतरिक विद्रोह, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक विविधीकरण की चुनौतियों के बीच इन देशों की नज़र वैश्विक आर्थिक संतुलन और निवेश आकर्षण पर टिके हुए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा जैसे विकसित देश भी रक्षा और रणनीतिक सहयोग से अधिक आर्थिक सुधार और वैश्विक व्यापार में प्रभाव के लिए प्रयासरत हैं। यूरोपीय संघ के भीतर व्यापार नीतियों, तकनीकी मानकों और आव्रजन नीतियों के माध्यम से वे अपने बाजार को संरक्षित करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का काम कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, इसके प्राकृतिक संसाधनों और खुले व्यापार मॉडल के कारण, वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अर्थव्यवस्था और वैश्विक शक्ति के बीच यह नया संबंध दर्शाता है कि आज दुनिया की लड़ाई ',कौन बड़ा सैनिक है' की नहीं बल्कि ',कौन बड़ा व्यापारी और निवेशक है' की हो गई है। इस प्रतिस्पर्धा का प्रभाव रोज़गार, मुद्रास्फीति, निवेश प्रवाह और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी देखने को मिलता है। शोध बताते हैं कि आयात शुल्क और व्यापार संघर्षों से वैश्विक रोजगार में करोड़ों नौकरियों के नुकसान का खतरा भी होता है, विशेषकर निम्न-कुशल श्रमिकों पर यह प्रभाव और अधिक गहरा होता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि दुनिया अब सामरिक युद्धों की अपेक्षा अर्थव्यवस्था, व्यापार नीति, तकनीकी नेतृत्व और निवेश रणनीति के युद्ध में प्रवेश कर चुकी है। ऐसी स्थिति में युद्ध की विधि सैन्य टकराव से बढ़कर आर्थिक प्रभाव, व्यापार प्रोत्साहन, वैश्विक साझेदारी और स्थिरता की दिशा में केंद्रित हो रही है। तथा इसमें भारत जैसे गुटनिरपेक्ष देश की भूमिका विशुद्ध रूप से शांति, आर्थिक समृद्धि और सहयोग की दिशा में अग्रसर होती दिखाई देती है। इस समग्र परिप्रेक्ष्य से यह स्पष्ट है कि 21वीं सदी में 'व्यापार युद्ध' ही मुख्य संघर्ष का मैदान है, जहाँ शक्ति का निर्धारण केवल बंदूक या टैंक से नहीं बल्कि बाज़ार, नीति, नवाचार, और वैश्विक सहयोग से होता है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सपा सुप्रीमो ने देवरिया व मुरादाबाद के दिवंगत बीएलओ के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और गहरी संवेदना किया व्यक्त



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा बीएलओ कर्मियों के पीड़ित परिवारों को दी गई आर्थिक सहायता की चारों ओर सराहना हो रही है। 10 जनवरी को सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में उन्होंने देवरिया व मुरादाबाद के दिवंगत बीएलओ के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि एसआईआर ड्यूटी के दौरान अत्यधिक कार्यदबाव के कारण आत्महत्या करने अथवा हृदयाघात से निधन होने वाले बीएलओ कर्मियों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा पूर्व में अखिलेश यादव ने की थी। इसी क्रम में सलेमपुर तहसील देवरिया के लेखपाल आशीष कुमार गौतम की पत्नी कंचन गौतम तथा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-7 की बीएलओ रंजू दुबे के पति जगदम्बा दुबे को दो-दो लाख रुपये का चेक दिया गया। समाजवादी पार्टी देवरिया की ओर से इस मानवीय पहल के लिए अखिलेश यादव को हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गई।

### शिक्षा, सेवा और समर्पण का प्रतीक बने मिथुन चौरसिया



**सलेमपुर,देवरिया।** ऑल इंडिया एनबीसीई आईएएन मीट 2026 के दौरान एमएसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, सलेमपुर के संस्थापक मिथुन कुमार चौरसिया को शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध अभिनेता राहुल बनर्जी द्वारा प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मान शिक्षा के विस्तार, कौशल विकास और सामाजिक उत्थान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मान्यता देता है। साधारण पृष्ठभूमि से आगे बढ़कर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। माता निर्मला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एमएसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, कला, विज्ञान, वाणिज्य और कौशल विकास का सशक्त मंच तैयार किया है, जिससे वर्तमान में एक हजार से अधिक छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। वे राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा परिषद भारत के भी संस्थापक अध्यक्ष हैं। उनकी सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भावना अनेक युवाओं को प्रेरित कर रही है।

### चार बोरी यूरिया के साथ एक तस्कर गिरफ्तार




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सेवतरी के पगडंडी रास्ते से रविवार को तस्करी के लिए नेपाल जा रही चार बोरी यूरिया के साथ पुलिस ने एक तस्कर को हिरासत में लेकर कस्टम कार्यालय नौतनवा को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सेवतरी निवासी दुर्गेश पुत्र जंगी अग्रहरी रविवार की भोर में साईकिल पर लादकर चार बोरी यूरिया नेपाल की तरफ लेकर जा रहा था। वहीं गस्त कर रहे चौकी इंचार्ज अरूण कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र यादव, कांस्टेबल अशोक यादव ने सेवतरी सीमा से उसे हिरासत में लेकर थाने लाई और विधिक कार्रवाई करते हुए नौतनवा कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। इस सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज अरूण कुमार सिंह ने बताया कि चार बोरी यूरिया बरामद कर कस्टम को सुपुर्द किया गया है।

# विरासत और विकास की सशक्त ब्रांडिंग बना गोरखपुर महोत्सव, पर्यटन मंत्री ने किया भव्य शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पूर्वांचल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला गोरखपुर एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक गरिमा और आधुनिक सोच के संगम का साक्षी बना। चम्पा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव का भव्य शुभारम्भ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जय वीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा परिसर रोशनी, उत्साह और सांस्कृतिक ऊर्जा से जगमगा उठा। गोरखपुर महोत्सव अब केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि यह जिले की सांस्कृतिक चेतना, पर्यटन संभावनाओं और आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला एक सशक्त ब्रांड बन चुका है। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, कलाकारों और हजारों शहरवासियों की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद 'सबरंग' कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकारों ने लोकनृत्य, पारंपरिक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लियालोकसंस्कृति की जीवंत झलक ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक उल्लास से भर दिया।

**लोकसंस्कृति के साथ विज्ञान और 'लोकल' का संगम**



इस वर्ष का गोरखपुर महोत्सव कई मायनों में खास नजर आ रहा है। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है, जहां बच्चों की नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक सोच ने सभी को प्रभावित किया। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों, स्वदेशी वस्तुओं और हस्तशिल्प के स्टॉल आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूती देते दिखे। इन स्टॉलों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को न केवल मंच मिला, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया संबल प्राप्त हुआ।

**गोरखपुर तपोभूमि, विश्व पटल पर पहचान**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जय वीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गोरखपुर एक तपोभूमि है, जिसकी पहचान आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी स्थापित हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, पर्यटन और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने वर्ष 2025 में आयोजित कुम्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता भारत की सांस्कृतिक शक्ति और प्रशासनिक दक्षता का जीवंत उदाहरण है।

**गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

उद्घाटन समारोह में सदर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, श्रीराम चौहान, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, डीआईजी/एसएसपी राज करन नय्यर, आयोजक नोडल एवं जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, जीडीए सचिव पुष्पराज सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सफल आयोजन और बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना**

आयोजक नोडल एवं जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे राजस्व में वृद्धि के साथ स्थानीय व्यापारियों को सीधा लाभ मिला है। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयोजन समिति, प्रशासन और नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोरखपुर महोत्सव शहर की सांस्कृतिक पहचान का मजबूत आधार बन चुका है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

शुभारम्भ अवसर पर एडी स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया। इसके पश्चात मथुरा की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना गीतांजलि शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**जनसहभागिता से बढ़ा महोत्सव का गौरव**

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और उत्कृष्ट प्रशासनिक प्रबंधन के बीच उमड़ी भारी भीड़ यह प्रमाणित कर रही है कि गोरखपुर महोत्सव केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान और स्थानीय पहचान का महाकुंभ बन चुका है। आने वाले दिनों में विविध कार्यक्रमों के साथ यह महोत्सव गोरखपुर के सांस्कृतिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है।

### देवरिया पुलिस ने चलाया मार्निंग वॉकर अभियान, 14 उपद्रवी गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में 11 जनवरी को सुबह 5 से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया गया। इस दौरान 20 स्थानों पर 348 व्यक्तियों और 212 वाहनों की जांच कर संदिग्धों से पूछताछ की गई तथा यातायात व कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। इसी दिन जनपदीय पुलिस ने कार्यालयों, थानों व पुलिस लाइन में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही मिशन शक्ति फेज-5 के तहत 'बहू-बेटी अभियान' के अंतर्गत गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं थाना रुद्रपुर पुलिस ने टेढ़ा स्थान क्षेत्र में उपद्रव करने वाले 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू की है।

## बेलघाट थाना की मिशन शक्ति टीम ने आयोजित किया बहू-बेटी सम्मेलन, महिलाओं को किया जागरूक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार** -गोरखपुर के दक्षिणांचल क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने की दिशा में बेलघाट थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा रविवार को ग्राम मुकारिमपुर में एक भव्य बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और बच्चियां शामिल हुईं। सम्मेलन में आशा बहू, कृषि सखी, बीसी सखी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहित विभिन्न महिला समूहों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। टीम ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समाज की मजबूती का आधार बताते हुए महिलाओं से आत्मनिर्भर और सतर्क रहने का आह्वान किया।

सम्मेलन के दौरान महिलाओं को विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। इनमें विमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, एम्बुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए 102, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 तथा अग्निशमन सेवा 101 प्रमुख रूप से शामिल रहे। टीम ने यह भी बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का कैसे और कब उपयोग किया जाए। इस अवसर पर बेलघाट थाने की मिशन शक्ति टीम से महिला कांस्टेबल प्रीति दुबे, उप निरीक्षक आशीष त्रिपाठी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा का एहसास होता है।

## मनरेगा में वित्तीय अनियमितता पर सख्ती, 12 जनवरी को ग्राम सभा में लोकपाल की खुली बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर।** विकासखंड सहजनवा के ग्राम सभा खीरीडाड़ में मनरेगा कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर प्रशासन अब सख्त रुख अपनाता दिख रहा है। जिला लोकपाल मनरेगा नवीन कुमार ने इस मामले के निस्तारण हेतु 12 जनवरी 2026 को ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में लोकपाल ने सहजनवां के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सत्यकाम तोमर को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने को कहा है।पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम सभा खीरीडाड़ निवासी राम सतीश द्वारा मनरेगा कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की गई है। शिकायत में कुल छह बिंदुओं पर गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। लोकपाल के अनुसार, इस शिकायत के संबंध में चार माह पूर्व ही बीडीओ को आख्या (जांच रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकपाल नवीन कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि लंबित शिकायत के निष्पक्ष निस्तारण के उद्देश्य से 12 जनवरी 2026 को ग्राम सभा खीरीडाड़ में एक खुली बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में ग्राम प्रधान विजय कुमार, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक, लघु सिंचाई विभाग के जेई तथा संबंधित जॉब कार्ड धारकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बीडीओ को निर्देशित किया गया है कि वे सभी संबंधित पक्षों को समय से सूचना देकर बैठक में उपस्थित कराएं, ताकि मामले की गहन समीक्षा कर निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके।

## तेंदुए के हमले से तीन घायल, रेस्क्यू में जुटी विभाग



**●वन विभाग द्वारा जाल बिछाकर किया जा रहा तेंदुए को रेस्क्यू करने का प्रयास, क्षेत्र में दहशत का माहौल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहिया में जंगल से भटककर तेंदुआ रिहायशी इलाकों में पहुंच गया। गांव में तेंदुआ निकलने की सूचना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तेंदुए की सूचना पर वन विभाग व स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के जद्दोजहद में जुट गई। वहीं लोगों की शोर सुनकर डकारता हुआ तेंदुआ बाहर निकला और तीन लोगों पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। तेंदुए के पंजे से स्थानीय निवासी सोहनलाल अग्रहरी, कमल चंद्र पाण्डेय तथा मंजीत गौतम घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय एक अस्पताल में इलाज करवाया गया जहां तीनों घायलों की स्थिति सामान्य है। वहीं देर शाम तक वन विभाग व बरगदवा थाने की पुलिस तेंदुए को पकड़ने में जुटी हुई है लेकिन तमाम विभागीय प्रयासों के बाद भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया। वहीं भागता हुआ तेंदुआ बेलाहिया चौराहे से पश्चिम स्थित एक तालाब में जाकर छुप गया। वन विभाग की टीम द्वारा जाल बिछाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं तेंदुआ को पकड़ में नहीं आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आया 8 वर्षीय आयुष, इलाज के दौरान मौत

**रूद्रपुर,देवरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय आयुष विश्वकर्मा की जान चली गई। आयुष पुत्र मनोज विश्वकर्मा शाम करीब पांच बजे घर से कुछ ही दूरी पर स्थित दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे गौरीबाजार ले गए। जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने देवरिया रेफर कर दिया। देवरिया में भी हालत में सुधार न होने पर उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक आयुष अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बलरामपुर में महिला आयोग उपाध्यक्ष चारू चौधरी का दौरा

**●महिला चिकित्सालय, कस्तूरबा विद्यालय और कारागार का किया निरीक्षण**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर) चारू चौधरी ने बलरामपुर जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया, जिनमें जिला महिला चिकित्सालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और जिला कारागार शामिल हैं। उन्होंने इन स्थानों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। चौधरी ने अपने दौरे की शुरुआत जिला महिला चिकित्सालय से की। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, चिकित्सीय व्यवस्थाओं और महिला रोगियों को मिल रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को स्वच्छता में सुधार लाने तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उपाध्यक्ष कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बलरामपुर देहात पहुंचीं। उन्होंने छात्राओं से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत उन्होंने छात्राओं को ट्रैक सूट भी वितरित किए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। जनपद भ्रमण के अंतिम चरण में चारू चौधरी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बंदियों से बातचीत की और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं और जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्मिक उपस्थित थे।

## सनातन धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए पंच परिवर्तन अपनाने की जरूरत : विशाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** सनातन व राष्ट्र की रक्षा के लिए हिंदुओं को एक जुट होना होगा तभी हमारा सनातन धर्म और राष्ट्र सुरक्षित रहेगा।उक्त बातें रविवार को शोहरतगढ़ नगर पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरएसएस जिला प्रचारक विशाल ने कहा।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का हत्यारा और कायर प्रधानमंत्री मुस्लिम आतंकवादी जैसे देश के हाथों की कठपुतली बन चुका है उनके इशारे पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या की जा रही है।अगर युनुस ने हिंदुओं पर अत्याचार व हत्याएं नहीं रोकी तो आरएसएस चुप नहीं बैठेंगे उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा।जैसे पाकिस्तान की हालत हो गई है उससे भी बदतर हालात बांग्लादेश का होगा।सभासद राजकुमार मोदनवाल ने कहा कि बांग्लादेश का कायर व हत्यारा प्रधानमंत्री युनुस ने बेगुनाह हिंदुओं पर अत्याचार कर उनकी हत्याएं करा रहा है इसको लेकर भारत ही नहीं विदेशों के हिंदुओं में काफी आक्रोश है। बिष्णु बबूना ने कहा कि पंच परिवर्तन अर्थात स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं और लोगों को इसके लिए प्रेरित भी करें तभी हमारा राष्ट्र आत्मनिर्भर व सशक्त होगा।समाज में फैले ऊंच-नीच व छुआ-छूत की खाई को पाटते हुए संगठित होना होगा तभी हिंदु समाज सुरक्षित रह सकता है।कहा कि सनातन धर्म को चोट पहुंचाने व हिंदूओं पर आघात करने के लिए आतंकवादियों को पनाह देने वाले देश भारत में घुसपैठ कराकर आतंक फैलाने की फिराक में लगे हुए हैं लेकिन सैनिकों के साहस व पराक्रम से उनके मंसूबे सफल नहीं हो पा रहे हैं। हिंदू सम्मेलन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन तहसील शोहरतगढ़ अध्यक्ष आनंद कसौधन, शिवकुमार अग्रवाल, नंदू गौड़, शिवशक्ति शर्मा, सोनू निगम, पप्पू पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।

## तेंदुए के हमले से पांच घायल, देर शाम तक रेस्क्यू में जुटी विभाग

**● रिहायशी इलाके में तेंदुआ के पहुंचने से दहशत का माहौल, वन विभाग ने दिया आस-पास के गांवों के लोगों को सतर्क रहने का निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के मधवलिया रेंज के गनेशपुर बीट के जंगल से निकलकर तेंदुआ रविवार की दोपहर ग्राम पंचायत अमहवा व बेलहिया के सिवान में पहुंचा जहां खेत मे काम कर रही मजिदा खातून पत्नी सोहराब व 13 वर्षीय जैनब पुत्री मसहूर पर हमला कर दिया। तेंदुआ ने किशोरी तथा महिला के पैर तथा हाथ पर पंजे से खरोच मार दिया जिसका उपचार बरगदवा के निजी अस्पताल में करने के बाद दोनों लोगों को घर वापस भेज दिया गया। तेंदुआ के हमले की सूचना मिलते ही ग्रामीणों के दौड़ाने पर तेंदुआ भागकर गांव के दक्षिण स्थित बेलहिया गांव के पश्चिम पोखरा के पास झाड़ी में जाकर में छिप गया। वहीं करीब चार बजे दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ पोखरा के पास पहुंच गई। इस दौरान बेलहिया गांव निवासी सोहन ने झाड़ के पास जाकर लाठी व डंडा लेकर झाड़ को हटाने लगा तभी झाड़ी से निकलकर तेंदुए ने सोहनलाल अग्रहरी 45 वर्ष, कमल चंद्र पाण्डेय 40 वर्ष तथा मंजीत गौतम 32 वर्ष को पंजे से झपट्टा मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा लाठी डंडे लेकर दौड़ाने पर पुनः तेंदुआ झाड़ में जाकर छिप गया। सूचना मिलने पर तेंदुए की तलाश में देर शाम तक वन विभाग एवं स्थानीय पुलिस की टीम पोखरे के पास जाल बिछाकर तेंदुए को पकड़ने के जद्दोजहद में जुटी रही। तेंदुए की सूचना से आस-पास के गांवों में दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग आस-पास के गांवों के लोगों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इस संबंध में मधवालिया रेंज के वनदारोगा आरके तिवारी ने बताया कि बेलहिया पोखरे के पास घेराबंदी कर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सरकारी आवास न खाली होने से नई तैनात कर्मी को हो रही परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर** - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौवापुर में पूर्व में कार्यरत बीएचडब्ल्यू श्रीमती गीता वर्मा द्वारा स्थानांतरण के बावजूद सरकारी आवास खाली न किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार श्रीमती गीता वर्मा करीब 17 वर्षों से अपने ही ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौवापुर में कार्यरत थीं। बताया जाता है कि कार्यकाल के दौरान गर्भवती महिलाओं द्वारा तत्कालीन प्रभारी चिकित्सक डॉ. जय सिंह तथा बीएचडब्ल्यू गीता वर्मा के खिलाफ शिकायतें की गई थीं। इन शिकायतों को लेकर डॉ. जय सिंह एवं स्टाफ के बीच काफी कहासुनी हुई, जिसका मामला थाना स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉ. जय सिंह एवं बीएचडब्ल्यू गीता वर्मा दोनों का स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण के बाद दोनों अपने-अपने नए तैनाती स्थलों पर कार्यरत हो गए, किंतु आरोप है कि श्रीमती गीता वर्मा ने अब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौवापुर का सरकारी आवास खाली नहीं किया है। इसके चलते उनके स्थान पर नियुक्त नई महिला कर्मचारी को मजबूरीवश दूसरे स्थान पर किराए का मकान लेकर अस्पताल में सेवाएं देनी पड़ रही हैं। इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी करण से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण से संबंधित पत्राचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक विकल्प मिश्रा को किया जा चुका है। अब उच्च स्तर से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कस्बे में पत्थरबाजी कर रहे 14 उपद्रवी गिरफ्तार

**●-घटना में एक सिपाही घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 015/2026 धारा 191(2), 191(3), 121(1), 121(2), 132, 352, 125, 110 बीएनएस0 व 7 सीएलए एक्ट से संबंधित 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। 11 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर अम्बेडकर मूर्ति टेढ़ा स्थान तिराहे के पास से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि टेढ़ा स्थान में स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास वार्ड पण्डा टोली व टेढ़ा स्थान वार्ड(हरिजन बस्ती) के बीच फूटबाल मैच देखने के दौरान हुई कहासुनी को लेकर विवाद हो रहा है व ईट पत्थर चला रहे हैं। इस सूचना पर थाना रुद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पर दोनों पक्ष एक दूसरे को गाली गुप्ता देते हुए ईट पत्थर चला रहे थे और उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा पुलिस वालों को देखकर भीड़ को उकसाते हुए गाली गुप्ता देते हुए ईट पत्थर चलाने लगे। उसी दौरान उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा चलाए जा रहे ईट से एक आरक्षी को चोट लगी जो मौके पर ही बेहोश हो गया। इस संबंध में उप निरीक्षक कृष्णकान्त द्वारा तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना की जा रही है। उक्त अभियोग में शेष वांछित अभियुक्तगण की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बहु बेटी सम्मेलन के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना अंतर्गत मिशन शक्ति अध्याय 5 के अंतर्गत रविवार को महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के क्रम में उप निरीक्षक दीनदयाल सिंह व रामनाथ यादव, आरक्षी रणजीत यादव, महिला आरक्षी बबिता सिंह द्वारा गोल्हौरा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग का भ्रमण किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम डुगडुगिया में बहु बेटी सम्मेलन लगाकर महिलाओं को खुद के साथ होने वाले अपराधों से बचने के बारे में जागरूक किया गया तथा महिलाओं को हेल्पलाईन नं. 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व बच्चियों को आपराधिक घटनाओं व घरेलू हिंसा से बचने के उपाय बताए।

## संक्षिप्त खबरें

### देवहा नदी घाट पर मकर संक्रांति पर सुरक्षा देखने पहुंचे थाना प्रभारी ने दिए व्यवस्था के निर्देश



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा के सीमावर्ती ग्राम बहीर जागीर गांव में देवहा नदी तट पर मकर संक्रांति स्नान के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस थाना प्रभारी वेद सिंह ने थाना क्षेत्र स्थित देवहा नदी स्नान घाट का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी ने मकर संक्रांति पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष योजना बनाने को कहा गया है, ताकि भीड़-भाड़ की स्थिति से बचा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से घाट पर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा। थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधान दीनदयाल से भी घाट पर प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया साथ ही घाट पर रस्सी बांधकर सुनिश्चित किया जाएगा जिसके तहत लोग स्नान करने केलिए नदी की गहराई में न जा सके सातरह किसीभी तरह की लापरवाही बर्दाश्तनहीं की जाएगा मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही सौहार्द काह इसको शांतिपूर्वक संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है इसे पूरी निष्ठा केसाथ संपन्न कराया जाएगा।

### श्रीमद्भागवत कथा का प्रारम्भ 16 जनवरी से

**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर के सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल में नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी,उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी और जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर के सौजन्य से 16 जनवरी दिन शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा का प्रारम्भ हो रहा है इस पवित्र पावन मोक्षदायनी कथा का आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा।

**कार्यक्रम का विवरण -**

1-गणेश पूजन अर्चन और शोभा यात्रा 16 जनवरी

2-कपिल और सति प्रसंग वर्णन,ध्रुव कथा और ऋषभ देव जी के पुत्रों का उपदेश 17 जनवरी

3-जड़ भरत कथा, नरकों का वर्णन,अजामिल कथा और प्रह्लाद कथा 18 जनवरी

4-गज ग्राह कथा,समुद्र मंथन कथा,बलि वामन कथा और श्री कृष्ण जन्मोत्सव 19 जनवरी

5-बाल लीला,नाम करण,श्री गिरिराज पूजन और छप्पन भोग दर्शन 20 जनवरी

6-श्री राम प्रसंग,वृंदावन वन से मथुरा गमन,उद्धव गोपी प्रसंग और श्री कृष्ण रुक्मणी विवाहोत्सव 21 जनवरी

7-सुदामा चरित्र,नव योगेश्वर कथा,शुकदेव विदाई और कथा विश्राम 22 जनवरी

8-हवन एवं भंडारा 23 जनवरी

सभी आस पास के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि कथा का रस लेकर अपने को धन्य करें।

### वरिष्ठ कवि आचार्य देवेंद्र देव के महाकाव्य का छतरपुर में विमोचन



**बरेली** / वरिष्ठ कवि आचार्य देवेंद्र देव के महाकाव्य का विमोचन छतरपुर मध्य प्रदेश में किया गया। यह महाकाव्य ग्रन्थ अकादमी, दिल्ली से सद्यः प्रकाशित 'वीरभद्रावतार छत्रसाल बुन्देला' का, महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान, छतरपुर (म.प्र) के परम प्रभु श्रीरामराजा सरकार के परम पावन ओरछा धाम स्थित बुन्देली फार्म एण्ड रिजॉर्ट में, हिन्दी साहित्य भारती अन्तरराष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष और उ.प्र. के पूर्व शिक्षामंत्री आदरेय डा.रवीन्द्र शुक्ल जी, प्रेरक भाई पवन तिवारी। संगठन मंत्री, विद्या भारती,पूर्वोत्तर क्षेत्र परम पूज्य सन्त स्वामी राजेश्वरानंद जी के साथ-साथ, संस्थान के सचिव डा.कमलेश अहिरवार, रामनिवास शुक्ल, और संस्थान अध्यक्ष गोविंद सिंह बुंदेला, भगवत शरण अग्रवाल, राकेश शर्मा, भरत जी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संयोजन देश के लाडले ओज कवि प्रियवर सुमित ओरछा ने किया। इस कार्यक्रम में इनके ग्रन्थों के आवरण-चित्रकार प्रियवर अमर सोनी, झांसी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर मेरे साथ आदरेय वरिष्ठ कवि हिमांशु श्रोत्रिय जी 'निष्पक्ष' भी उपस्थित रहे।

## खलिहान और खेल मैदान की बेशकीमती जमीन पर बने दर्जनों मकान, शिकायतों के बाद भी कार्यवाही शून्य

**● प्रशासन नही हटवा सका बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा**

**खेल मैदान पर बनते रहे मकान, सोता रहा प्रशासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन जहां सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अभियान चला रहा है वहीं दूसरी तरफ कब्जा हटवाने की जिम्मेदारी संभाल रहे राजस्वकर्मी व सम्बंधित जिम्मेदार ही इन जमीनों पर अपने चहेतों व मोटी रकम लेकर कब्जा कराने में जुटे हैं। मामला जनपद खीरी की तहसील गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत जटपुरा का है, जहाँ जिम्मेदारों पर ही अवैध कब्जेदारों को संरक्षण देने के आरोप लग रहें है स्थानीय शिकायतकर्ता ने खेल मैदान पर कब्जे सहित की शिकायत जिलाधिकारी, सहित आयुक्त एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद को की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार ग्राम व पोस्ट जटपुरा तहसील गोला परगना कुकुरा जिला खीरी ने गांव में गाटा संख्या- 1192 रकबा 0.1500 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खेल मैदान के नाम के नाम दर्ज को वर्तमान ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल द्वारा गैर कानूनी तरीके से स्वयं का हित साधते हुये कुछ लोगों को कब्जा करवाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया किकुछ लोग अवैध काबिज हैं,वहीं कुछ को अभी भी अवैध कब्जा करवाने हेतु आश्वासन दिया जा रहा है। उपरोक्त सरकारी भूमि पर लोगों ने मकान, टीन शेड, छप्पर आदि बना कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, इसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा पूर्व में की गई थी एवं आंशिक रूप से कार्यवाही के आदेश भी दिये गये थे,किन्तु लेखपाल द्वारा एक बार फिर कब्जेदारो से मोटी रकम वसूल कर उनको छोड़ दिया गया। शिकायत पर खेल मैदान की पैमाइश की गई जिसमें ठाकुर प्रसाद, शिवकुमार, सुरेंद्र यादव, किताबुद्दीन शौकत, अयूब सहित अन्य लोगों के अवैध मकान और दुकान बने पाए गए। जिसके बाद भी अभी तक बेदखल नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा खुलेआम ग्राम पंचायत की भूमि और अन्य सरकारी संपत्तियो पर पैसा लेकर कब्जा कराए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। शिकायत करने व खबर चलाने पर उल्टापत्रकार और शिकायतकर्ता को धमकाना शुरू कर दिया हैं, इनके हौसले बुलन्द हैं और बेखौफ गांव की सरकारी संपत्तियों/देव स्थान, होलिका की जगह, खाद के गड्ढे, घूरे ,खलिहान, हरिजन बस्ती की आरक्षित भूमि को खुर्द बुर्द कर रहे हैं। शिकायत कर्ता की गयी शिकायतों से खिन्न उपरोक्त आरोपी लोग शिकायत कर्ता पर शिकायत वापस लेने तथा खबर न प्रकाशित करने का का दबाव बना रहे हैं। पत्रकार ने किसी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका जाहिर की है । यदि कोई भी घटना शिकायतकर्ता तथा पत्रकार के साथ घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रधान से लेकर तहसील प्रशासन और अवैध कब्जेदारो की ही होगी।शिकायतकर्ता ने मामले मे दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने व सरकारी सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की है। **वर्जन**- ग्राम प्रधान जटपुरा का कहना है कि अवैध कब्जा तो है लेकिन यह सभी अवैध कब्जे मुझसे पहले वाले प्रधानों ने करवाए हैं। मै इनको हटवाऊंगा तो मेरा चुनाव प्रभावित हो जाएगा। बताया जाता है अधिकारियों को चढ़ावा चढ़ाकर मामले को मैनेज करने का खेल चल रहा है। शायद इसीलिए पैमाईश के चार दिन बाद भी अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण नहीं कराया जा रहा है और ना ही दोषियों पर मुकदमा ही पंजीकृत कराया जा रहा है।

## दिवंगत विधायक के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचे राज्यपाल संतोष गंगवार



**बरेली**/फरीदपुर के दिवंगत विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल के घर आज झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भावभीनी श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे ज्ञात रहे 2 जनवरी को विधायक श्याम बिहारी लाल का हार्ट अटैक पढ़ने से स्वर्गवास हो गया था गमगीन माहौल में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के बाहर होने के कारण वह आज उनके आवास पहुंचे। और परिजनों को सांत्वना दी साथ ही दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर राज्यपाल ने कहा जनता ने विधायक नहीं बल्कि एक सच्चा सेवक खो दिया है उनकी सेवा को जनता सदैव याद रखेगी इनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना धर्मपाल सिंह आदि मौजूद थे सभी ने दिवंगत विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनको सांत्वना दी।

## तीन दिवसीय दिव्यता शिविर समापन में पहुंचे राज्यपाल गंगवार





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** थाना इज्जतनगर के गांव आसपुर खूबचंद में स्थित एस0 एस0 मेडीकल कॉलेज में लायंस क्लब मेलिवन जोंस के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क दिवयांगता शिविर का रविवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का लायंस श्रीकुमार अध्यक्ष,नरेश अग्रवाल, डॉ सुबोध दीक्षित, शशिभूषण अग्रवाल, डॉ सुषमा दीक्षित, अरूण भार्गव ने बुके देकर सम्मानित किया। राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा दिव्यांगों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। पैंतीस बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का मौका मिलेगा। कैंप संयोजक श्रीकुमार ने बताया डॉ आर0 ए0 अग्रवाल डॉ एके पांडेय, डॉ आर0 ए0 गंगवार, डॉ प्रवीन अग्रवाल, डॉ राजन दीक्षित की विशेषज्ञ टीम ने दिव्यांग बच्चों का सफल ऑपरेशन किया।इस दौरान लायंस राकेश अग्रवाल,नरेश खण्डेलवाल, मुकेश गोयल,पंकज गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विनोद खेतान,सलव बंशल, उदित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## असली अध्यक्ष चूल्हा चौका में व्यस्त, अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान उनके पति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खीरी।** टाउन द्धमामला लखीमपुर खीरी की सीमा से सटी नगर पंचायत खीरी टाउन का है जहां पर नियम कानून को ताक पर रखकर नगर पंचायत अध्यक्ष उजमा वी की कुर्सी पर बैठकर उनके पति फहीम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खीरी द्वारा अध्यक्षी का संचालन किया जा रहा है। यह मामला नगर पंचायत खीरी में चर्चा का विषय बना है। खीरी नगर पंचायत के कई सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत खीरी में नियम कानून की जमकर अनदेखी और विकास के नाम पर भारी अनियमितताए की जा रही हैं। खीरी नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर उजमा वी के बैठने के बाद से खीरी नगर पंचायत अपने काले कारनामों के लिए हमेशा अखबारी सुर्खियो में रही है। इनके भ्रष्टाचार की गूंज शासन प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच चुकी हैं। नगर पंचायत खीरी के कई सभासदों द्वारा वीडियो उपलब्ध कराते हुए अध्यक्ष उजमा वी तथा उनके पति फहीम अहमद पूर्व चेयरमैन खीरी पर कई गम्भीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष खीरी घर गृहस्थी में व्यस्त रहती है। और नगर पंचायत अध्यक्ष के पद का संचालन उनके पति फहीम द्वारा किया जाता हैं। आखिर यह किस नियम और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से नगर पंचायत अध्यक्ष के कमरे का ताला खुलवाकर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर फाइलों में खुर्द बुर्द करते हैं। सभासदों का आरोप है कि नियमानुसार नगर पंचायत अध्यक्ष के कमरे का ताला उनकी उपस्थित में खोला जाना चाहिए और उनके अनुपस्थित रहने की स्थित में कमरे में ताला लगा रहना चाहिए। किसी बाहरी व्यक्ति को अध्यक्ष के कमरे में पड़ी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने का कोई अधिकार नहीं है। यदि कही कोई जरूरी दस्तावेज खो जाए या फिर पंचायत के कार्यो की पत्रावलियों कोई गलत इंद्राज हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा। इस नियम विपरीत खेल पर अधिशासी अधिकारी खीरी क्यों चुप हैं? किसके आदेश से अध्यक्ष के कमरे का ताला नगर पंचायत खीरी के गैर पदाधिकारियों के लिए खोलकर बाहरी लोगों को उसमें बैठाया जाता है। अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने का अधिकार किसने दिया? खीरी नगर पंचायत में हो रहे विधि विरुद्ध, अनैतिक कार्यों पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार की क्यों नहीं पड़ रही है। और इस पर प्रभावी रोक क्यों नहीं लगाई जा रही है। जिला प्रशासन को इस गंभीर मामले पर आवश्यक कार्रवाई करना चाहिए। जिससे की नियमों का अनुपालन हो सके और सरकार की छवि पर कोई अंगुली न उठ पाए।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूंडला इकाई की वार्षिक बैठक हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई की वार्षिक बैठक रविवार को स्टेशन रोड स्थित होटल जे एस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी तहसील टूण्डला इकाई सोमेंद्र पोनिया ने की, जबकि संचालन महामंत्री राकेश गौतम द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा पत्रकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संरक्षक राजू उपाध्याय ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सदस्यता विस्तार पत्रकार सुरक्षा समाचार संकलन में आ रही समस्याएं तथा वर्ष 2026 के कार्ड रिन्यूअल नए सदस्यों को जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। तहसील अध्यक्ष विमल किशोर ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों से अपने अपने वर्ष 2026 के कार्ड रिन्युवल कराने को कहा,बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में राजू उपाध्याय संरक्षक, सोमेंद्र पोनिया जिला उपाध्यक्ष व तहसील टूण्डला इकाई प्रभारी,तहसील अध्यक्ष विमल किशोर, सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री राकेश गौतम, उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल, कपिल देव, मोनू, रिंकू यादव आदि तहसील इकाई के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं को साइबर जागरूकता, कानूनी प्रावधानों तथा पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। महिला बीट अधिकारियों द्वारा गांवों, कस्बों, स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल आयोजित कर 'डरे नहीं, सहे नहीं–आवाज उठाएं' का संदेश दिया गया। इस दौरान 1090, 112, 1076, 1098, 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, मिशन शक्ति केंद्र व महिला पीआरवी जैसी सुविधाओं से अवगत कराते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

## हरदेव राजा मंदिर पर अतिक्रमण ,ग्राम प्रधान और लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप

**● ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** 10 जनवरी 2026: कोतवाली पसगवां अंतर्गत ग्राम महदूदा के ग्रामीणों ने प्रशासन को एक शिकायत पत्र भेजकर गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित प्राचीन ग्राम देवता 'हरदेव राजा' के पवित्र स्थान पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ आवाज बुलंद की है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति और क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से जबरन गोबर के उपले पाथे जा रहे हैं, जिससे स्थान की पवित्रता भंग हो रही है।ग्रामीणों के अनुसार, यह स्थान समस्त गांववासियों की अटूट श्रद्धा का केंद्र है, लेकिन वर्तमान में यहां उपले पाथने का कार्य चल रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो प्रधान पति और लेखपाल ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी- 'शिकायत कहीं भी कर लो, कुछ नहीं होगा, यहां ऐसे ही उपले पाथे जाएंगे।' इस घटना ने ग्रामीणों की धार्मिक भावनाओं को गहराई से आहत किया है।शिकायत पत्र में मांग की गई है कि तत्काल इस अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो। ग्रामवासियों ने इसे सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में शांति-व्यवस्था को खतरे में डाल रही हैं। प्रशासन से अपील की गई है कि मामले का संज्ञान लें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।समस्त ग्रामवासी इस मामले में न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## मेले में दी जाएं सभी स्वास्थ्य सुविधाएं: सीएमओ



**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजरिया व बेलही में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य मेले में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दोनों पीएचसी पर प्रसव सेवाएं शुरू कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सीएमओ ने बताया कि जनपद के 80 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य मेलों में कुल 3224 मरीजों का इलाज किया गया तथा मलेरिया, डेंगू, हेपेटाइटिस बी और सी सहित 228 जांचें की गईं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा भंडार, लैब और ओपीडी का जायजा लिया और मरीजों से मधुर व्यवहार व स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान राय कमलेश्वर श्रीवास्तव सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य कराए बिना निर्माण कार्य दिखा भुगतान निकाले जाने का आरोप

**● भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी ब्लॉक धौरहरा की अधिकांश ग्राम पंचायतें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखीमपुर खीरी।** एक तरफ सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार और अपराधों पर अंकुश लागने के लिए सख्त कदम उठाते हुए अपने मातहतों को नित नए फरमान जारी किये जा रहे हैं और जीरो टार्लेस की नीति लागू की जा रही हो वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के मातहतों द्वारा लालच के वशीभूत होकर अपनी ही सरकार के दावों और वादों की हवा निकाली जा रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार विकास खंड धौरहरा में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की बाढ़ सी आ गई है। आरोप है कि ऐसा लगता है कि यहां पर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति धौरहरा विकास खंड और इनकी ग्राम पंचायतों पर लागू ही न होती हो। ताजा मामला विकास खंड धौरहरा की ग्राम पंचायत देवीपुरवा का बताया जाता है जहां पर एक भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसको सुनकर आम आदमी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी। सूत्र बताते हैं कि देवीपुरवा में इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य कराए वगैर ही कागजों पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल कर आपस में बंदरबाट कर लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस सड़क का निर्माण कार्य दिखाकर भुगतान निकाला गया है उसका आजतक निर्माण ही नहीं हुआ है। इस सड़क पर आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो बच्चे बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो जाते है।इस फर्जीवाड़े के खेल में प्रधान, पंचायत सचिव व जे. ई. आर. ई. एस की मिलीभगत होने के आरोप लगाए जा रहे है। उपरोक्त सभी लोगों द्वारा फर्जी बिल बाउचर, फर्जी स्टीमेट, लगाए जाने के साथ साथ यक्ष प्रश्न यह पैदा होता हैं कि आखिर एम बी किसने और कहां से कैसे जनरेट करके वर्क आई. डी. तथा कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र किसने दिया? इन अहम सवालों के उत्तर किसी के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि धौरहरा ब्लॉक सहित इसकी ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर लूट का खेल किया जाता रहा है। यदि मामले का ले सी. डी. ओ. खीरी ले संज्ञान और कराए जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो जे. ई. समेत कई जिम्मेदार लोगों पर भी आयेगी कार्रवाई की आंच।

## ब्लॉक सभागार मोहम्मदी में तहसील प्रशासन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहम्मदी खीरी-** तहसील अंतर्गत आज ब्लॉक सभागार मोहम्मदी में तहसील प्रशासन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मोहम्मदी चलवुराजु आर, तहसीलदार अरुण कुमार, नायब तहसीलदार एवं क्षेत्र के लेखपालों की उपस्थिति में लगभग 150 जरूरतमंद ग्रामीण बुजुर्गों को कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम में दूर-दराज गांवों से आए ग्रामीण बुजुर्गों की संख्या काफी रही, जिनमें महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। ठंड के मौसम को देखते हुए प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों के लिए राहतकारी साबित हुई। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान यह बात भी सामने आई कि भारतीय संस्कृति में अतिथि और बुजुर्गों का सम्मान सेवा और सत्कार से जुड़ा माना गया है। कहा जाता है– अतिथि जब आता है तो उसे आदरपूर्वक कुछ खिलाया-पिलाया जाता है, यही हमारी परंपरा की आत्मा है। हालांकि, आज ब्लॉक सभागार में बुजुर्गों को कंबल के साथ चाय या पानी जैसी व्यवस्था नहीं मिल सकी। ग्रामीण बुजुर्ग दूर-दूर से आए थे, मगर मौसम ने प्रशासन का साथ दे दिया–ठंड के बीच अचानक धूप निकल आई, जिससे बुजुर्गों ने मुस्कराते हुए कहा कि 'चलो, चाय नहीं मिली तो सूरज की गर्मी ने ही मेहमाननवाज़ी कर दी।' कार्यक्रम सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ। भविष्य में यदि ऐसे आयोजनों में सेवा, सत्कार और व्यवस्था का थोड़ा और समन्वय हो जाए, तो यह भारतीय परंपरा और प्रशासनिक प्रयास –दोनों की गरिमा को और बढ़ाएगा।

## शास्त्री की पुण्यतिथि पर इन्द्रपुरी चौक में श्रद्धांजलि, सादगी और राष्ट्रसेवा को किया गया स्मरण

**हजारीबाग, झारखंड :-** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 60वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हजारीबाग के इन्द्रपुरी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता, सीपीएम जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, आनंद मेहता, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय में हुआ था। वे भारत के पहले रेल मंत्री और देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे। उन्होंने वर्ष 1964 से 1966 तक लगभग 18 महीनों तक देश का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि 'जय जवान, जय किसान' का नारा देश को देने वाले शास्त्री अपनी सादगी, दृढ़ संकल्प और ईमानदारी के लिए आज भी याद किए जाते हैं। वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान उन्होंने देश का सफल नेतृत्व किया। युद्ध के बाद ताशकंद समझौते के उपरांत 10 जनवरी 1966 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

## हाल ए बरबर नगर पंचायत

**● साहब कब आते हैं और कब जाते हैं किसी को पता नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरबर खीरी।** नगर पंचायत बरबर का अतिरिक्त चार्ज का कार्य देख रहे मोहम्मदी अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत बरवर में हफ्ते में कम से कम 2 दिन नियत होना चाहिए । कार्यालय के चार से पांच जिम्मेदार पदों के कर्मचारी को जो लगभग प्रतिदिन श्रह कार्यालय मोहम्मदी दौड़ते रहते हैं। जिससे जनहित कार्य बाधित होता है साहब कब बरबर आते हैं और कब चले जाते हैं। किसी को कोई पता नहीं । 5 दिसंबर से नगर पंचायत प्रशासन द्वारा 11 चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाया जा रहे थे। जो कल दिनांक 09/,01/,2026 से मात्र 6 में ही सिमट गए दिनांक 7/.1./26 को सीताराम चौराहा पर अलाव को लेकर विवाद हो गया था । विवाद इतना गहराया की कोई अप्रिय घटना घटने तक की स्थिति पैदा हो गई थी। जनता कर्मचारियों के आरोप प्रत्यारोप को लेकर दोनों पक्षों में ग्लानि है। सक्षम अधिकारी होने के नाते दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता के साथ नगर के जनहित कार्यों में बंदरों का आतंक व पूर्व में सभासदों द्वारा अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रस्तावित किया था । बोर्ड बैठक बुलाकर विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। अब देखना है कि अधिशासी अधिकारी द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है। और कोई 2दिन बरबर नगर पंचायत के लिए नीयत कर विकास कार्यों को गति दी जाती है या यू ही चलता रहेगा कार्य।

## चारा लेने गई महिला को गन्ने के खेत में खींचकर बाघ ने बनाया निवाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** जानवरों के लिए चारा लेने गयी विवाहिता को बाघ ने अपना निवाला बना डाला। बाघ के हमले की खबर पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने तमाम ग्राम वासियों को साथ लेकर ड्रोन कैमरा उड़ाकर रेस्क्यू सर्च आपरेशन शुरू कर दिया है। पूरी रात वन विभाग के चले सर्च आपरेशन के बाद आज सुबह विवाहिता महिला का अध खाया क्षत विक्षत शव वन विभाग ने बरामद कर लिया है।बाघ के हमले से मौत की खबर पाकर परिजनों में हड़कंप मच गया है। घर के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ौरी विवाहिता महिला ऊषा देवी पत्नी श्री पवन कुमार उम्र 42(अनुसूचित जाति) धोबी जो कि खेत में अपने जानवरों के लिए चारा अगोड़ा लेने गई थीं सायं 5?:15 बजे गन्ने के खेत से अपने दो शावक के साथ मादा बाघ ने ऊषा देवी को गन्ने के खेत में खींच के ले गया। बाघ के हमला करने की खबर आग की तरह फ़ैल गयी ग्राम वासियों द्वारा गन्ने के खेत में महिला की काफ़ी खोजबीन की। लेकिन विवाहित महिला का कुछ पता नहीं चल पाया! महिला के साथ हुए हादसे की खबर पाकर प्रभावी वना अधिकारी की टीम मौके पर चौकी बेलरायां की पुलिस फोर्स दलबल के साथ पहुंची ग्रामीणों के साथ में लेकर विवाहित महिला की खोज शुरू की वन विभाग द्वारा थर्मल ड्रोन मंगाया गया है रात में ही 9:30 बजे पुनः खोजबीन शुरू हुई पुरी रात चले सर्च आपरेशन के बाद उसी गन्ने के खेत से महिला का अध खाया क्षत-विक्षत शव वनविभाग ने बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेलरॉया प्रभागीय वना अधिकारी रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## नए तरीके से हो रही साइबर ठगी, 'जंप्ड डिपॉजिट स्कैम' से रहें सतर्क

**भदोही।** डिजिटल लेनदेन के बढ़ते चलन के बीच साइबर ठगों द्वारा अपनाया जा रहा 'जंप्ड डिपॉजिट स्कैम' आम लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। इस ठगी में साइबर अपराधी पहले पीड़ित के बैंक खाते में 100 रुपये से 5000 तक की छोटी राशि ट्रांसफर करते हैं और मैसेज मिलते ही जिज्ञासा में यूपीआई ऐप खोलकर पिन डालने पर पहले से भेजी गई रिक्वेस्ट स्वीकार हो जाती है, जिससे खाते से बड़ी रकम निकल जाती है स्पष्ट किया है। यूपीआई ने स्पष्ट किया कि बिना पिन डाले खाते से पैसा नहीं निकाला जा सकता और अधिकांश धोखाधड़ी फर्जी कॉल, मैसेज या भुगतान अनुरोध के जरिए होती है। भदोही साइबर सेल के मुताबिक अनजान क्रेडिट मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न देने, पिन सोच-समझकर डालने और केवल अधिकृत यूपीआई ऐप इस्तेमाल करने की सलाह दी है। ठगी की स्थिति में तुरंत बैंक को सूचना देने के साथ 1930 साइबर हेल्पलाइन या पर शिकायत दर्ज कराने से धन वापसी की संभावना बढ़ जाती है।

## पुलिस की तत्परता बढ़ाने के लिए एसपी ने कराया स्मॉल आर्म्स फायरिंग अभ्यास



**भदोही।** पुलिस बल की कार्यकुशलता और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में सरपतहां शॉर्ट रेंज फायरिंग बट पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ स्मॉल आर्म्स फायरिंग अभ्यास आयोजित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। फायरिंग अभ्यास में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए निशानेबाजी, हथियार संचालन, सांस नियंत्रण, ट्रिगर कंट्रोल तथा दबाव में सही निर्णय लेने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और भीड़ नियंत्रण के लिए आंसू गैस के प्रयोग का भी अभ्यास कराया गया।

## मनरेगा बचाओ संग्रामः गांधी पार्क में कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

**भदोही।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत ज्ञानपुर स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया। उपवास का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय एवं जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की आजीविका का मजबूत आधार है, लेकिन मजदूरों को समय से काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है। मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र मिश्रा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन' ने योजना को कमजोर किए जाने पर चिंता व्यक्त की।निवर्तमान प्रदेश सचिव राकेश मौर्य एवं किसान कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय सहसंयोजक विकास मिश्रा ने मनरेगा को ग्रामीण भारत की जीवनरेखा बताते हुए इसे मजबूत करने की मांग की। कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा में पर्याप्त बजट आवंटन, मजदूरी दर बढ़ाने तथा लंबित भुगतान शीघ्र करने की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। उपवास कार्यक्रम में पंडित दीनानाथ दुबे, प्रेम बिहारी उपाध्याय, राजेश दूबे, राजेश्वर दुबे, मुशीर इकबाल, सुबुकतगीन अंसारी, त्रिलोकी नाथ बिन्द, विकास मिश्रा, मृत्युंजय पांडेय, हसनैन अंसारी, दीपक पांडेय, स्वालेह अंसारी, जज लाल राय, राजेंद्र मौर्य, संजय जायसवाल, नाजिम अली, अवधेश पाठक, शिवपूजन मिश्र, महेश मिश्रा, सुरेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण व स्वास्थ्य जागरूकता के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा

**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया। साइकिल यात्रा गोपीगंज बड़ा चौराहा से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री वृंदावन गार्डेन पर्वतपुर पहुंची, जहां समाजसेवी धर्मेंद्र यादव व जगदीश यादव ने साइकिल चालकों का स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने साइकिल व योग को स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी बताया। हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया गया, जो विभिन्न गांवों में नारे लगाते हुए अमवा माफी पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही के तीनों विधानसभा में ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ वाचन

● **मंडलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर की उपस्थिति में विधानसभा 394-औराई के अंतर्गत काशीराज इंटर कॉलेज,कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह घोसिया के विभिन्न बूथों पर ड्राफ्ट सूची पढ़कर सुनाई गई**

**जिला निर्वाचन अधिकारी के निरीक्षण व उनके उपस्थिति में जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों पंचायत भवन मुंशीलाटपुर,पिपरिस,वुडवर्ड स्कूल,एमए समद कॉलेज आदि पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य,बीएलए के समक्ष ड्राफ्ट सूची पढ़कर सुनाई गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 11 जनवरी 2026** भारत निर्वाचन आयोग एवं कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत आज 11 जनवरी 2026 को जनपद भदोही की तीनों विधानसभा क्षेत्रों–392 भदोही, 393 ज्ञानपुर एवं 394 औराई–के समस्त मतदेय स्थलों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन पूर्वाह्न 11बजे से सायं 4 बजे तक किया गया।

अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची को दिनांक 11.01.2026 को जनपद मे अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बी0एल0ओ0 द्वारा अपने मतदेय स्थल पर पढ़कर सुनाया गया है। उक्त कार्यक्रम के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल पर फार्म-6,7, 8 एवं घोषणा पत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी है।

उक्त के साथ ही जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं हैं, उनसे फार्म-6 एवं घोषणा पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज सम्बन्धित बी0एल0ओ0 को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया है। जनसामान्य के अवलोकन हेतु आलेख्य मतदाता सूची की पी.डी.एफ. जनपद भदोही की वेबसाइट 222.ड्डद्धड्डस्रश्द्धद्ध.ठ्ठश्व.द्बठ्ठ पर भी अपलोड की गयी है। यदि उक्त मतदाता सूची में किसी निर्वाचक का नाम छूट गया है अथवा कोई संशोधन अपेक्षित है तो सम्बन्धित मतदाता फार्म-6 मय घोषणा पत्र (नए मतदाताओं के लिए), फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन हेतु) एवं फार्म-8 (मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण किये जाने हेतु) में पूर्ण विवरण भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा दें।' इस विशेष अभियान का संचालन जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति एवं निर्देशन में किया गया। सभी मतदेय स्थलों पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) द्वारा जनसामान्य एवं बूथ लेवल एजेंट (BLA) के समक्ष ड्राफ्ट मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान BLO के पास फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 एवं डिक्लेरेशन फॉर्म पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे। मतदाताओं को यह भी सूचित किया गया कि यदि ड्राफ्ट मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, दावा अथवा आपत्ति हो तो वे संबंधित क्च्रु को निर्धारित प्रपत्रों पर अवगत करा सकते हैं।

**अधिकारियों द्वारा निरीक्षण एवं निगरानी**

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ERO), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (AERO), BLO सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की सतत समीक्षा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य द्वारा भी विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण किया गया।

विंध्याचल मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश की उपस्थिति में विधानसभा 394-औराई के अंतर्गत काशीराज इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 222, 223 एवं 224 तथा कंपोजिट विद्यालय माधोसिंह (घोसिया) के बूथ संख्या 174 से 182 (कुल 09 बूथ) पर क्च्रु द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन कराया गया। इस अवसर पर जनसामान्य एवं बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति रही।

**विधानसभा-वार विवरण**

**विधानसभा-392** भदोही जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भदोही द्वारा पंचायत भवन मुंशीलाटपुर, पिपरिस, वुडवर्ड पब्लिक स्कूल, एम.ए.समद इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय हरियाव सहित सभी मतदेय स्थलों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई।

**विधानसभा 393- ज्ञानपुर**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एव सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। उनकी उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय काली महाल, गुलाबधर इंटर कॉलेज गोपीगंज सहित सभी बूथों पर BLO द्वारा ड्राफ्ट सूची का वाचन किया गया।

**विधानसभा 394- औराई**

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय सहसेपुर, प्राथमिक विद्यालय विठ्ठलपुर, कठारी, काशीराज इंटर कॉलेज सहित समस्त मतदेय स्थलों पर सूची का वाचन कराया गया।

**फील्ड में सक्रिय रहा प्रशासन**

पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक सभी पोलिंग स्टेशनों पर क्च्रु सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। साथ ही BLO सुपरवाइजर, AERO एवं ERO अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर फील्ड में सक्रिय रहे। जिला



निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं भी विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में कार्यक्रम की अनुपालन का जायजा लिया गया।

**जन सहभागिता पर विशेष जोर**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची के वाचन का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं अधिकतम जन सहभागिता सुनिश्चित करना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो सके।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्ति अवधि दिनांक 06.01.2026 से 06.02.2026 तक निम्न स्थानों से फार्म प्राप्त कर अपना फार्म भरें-

1. पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर पदाभिहित अधिकारी / वी.एल.ओ. से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध करा सकते हैं।
2. तहसील कार्यालय / जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।
3. ऑनलाइन माध्यम से आयोग के मोबाइल ऐप ECINET अथवा Voter Helpline App एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6, 7 एवं 8 हेतु आवेदन कर सकता है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों, मंदिरों पर हमलों, महिलाओं-बच्चों के साथ बर्बरता तथा जबरन पलायन के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी ने केंद्र सरकार की चुप्पी और विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन भारत सरकार की ओर से कोई ठोस कूटनीतिक पहल नहीं की जा रही है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस मुद्दे पर स्पष्ट और कठोर रुख अपनाए। वहीं जिला प्रभारी सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि देश की विदेश नीति में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और किसी भी स्थिति में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी ने मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने तक व्यापारिक व कूटनीतिक संबंधों की समीक्षा, बिजली आपूर्ति एवं अन्य आर्थिक सहयोग पर पुनर्विचार किया जाए। इस संबंध में राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में ठोस कदम उठाने की अपील की गई।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा की गई सख्ती को लेकर आम आदमी पार्टी ने असहमति जताई और कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही आवाज को दबाया नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर सूर्य नारायण सिंह, कृष्ण अवतार राही, मनोज गुप्ता, विद्यासागर यादव, शिवकुमार मौर्य, रामप्रसाद यादव, सरताज अंसारी, विमेंद्र विश्वकर्मा, वीरेंद्र गौड़, इजहार अहमद, संतोष यादव, सुल्तान अशरफ, पवन सिंह, हरिशंकर पाल, वरुण यादव, विनय बिंद, अरुण पासवान, नंदलाल पाण्डेय, श्यामलाल मौर्य, जाहिद अंसारी, श्यामलाल पटेल, के.पी. गुप्ता, संगम पासी, सोहन लाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक लापता अनहोनी की आशंका से परिजन परेशान

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र बरजी कलां निवासी अजय यादव (22 वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। परिजनों के अनुसार अजय यादव 07 जनवरी को सुबह 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों द्वारा कोतवाली गोपीगंज में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही पांच दिन बीत जाने के बाद भी युवक का पता नही चल पाने से परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर काफी परेशान है।

## 64 वर्षीय योगाचार्य विजय श्रीवास्तव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, भदोही को दिलाया गौरव

**भदोही।** जनपद भदोही के लिए गर्व का विषय बनते हुए 64 वर्षीय वरिष्ठ योगाचार्य विजय श्रीवास्तव ने योग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। विगत 38 वर्षों से योग साधना में निरंतर सक्रिय योगाचार्य विजय श्रीवास्तव ने एक ही आसन को एक मिनट में 84 बार लगातार पूरक-रेचक क्रिया के साथ कर यह उपलब्धि हासिल की। यह रिकॉर्ड 16 दिसंबर को योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा नियुक्त निर्णायक एवं गवाहों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया, जिसे मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि के साथ योगाचार्य विजय श्रीवास्तव ने न केवल भदोही जनपद बल्कि उत्तर प्रदेश को भी विश्व पटल पर योग के क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। योगाचार्य की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर योग प्रेमियों, स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न योग संस्थानों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं।

## उप जिलाधिकारी चुनार ने किया बूथो का निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** उप जिलाधिकारी चुनार राजेश कुमार वर्मा ने रविवार को सीखड़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रामगढ़, बटौवा, पूरन पट्टी, खानपुर, बसारतपुर तथा कुशहा सहित विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी बूथ वाले विद्यालय खुलें पायें गए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी बी एल ओं को निर्देशित किया कि मतदाता सूची को मतदाताओं के सम्मुख स्वयं पढ़ेंगे तथा ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में फोटो धुंधली और पुरानी हो गई है उनसे नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर बी एल ओं ऐप के माध्यम से परिवर्तित करा लें।डबल मतदाताओं की पहचान कर लें तथा सुपरवाइजर के माध्यम से आस पास के बूथों से मिलान कर लें कि कोई मतदाता का नाम दो ग्राम पंचायतों में तो नहीं है, यदि है तो उन्हें चिंहित कर उनका फार्म सात आनलाइन भर दें। उप जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य अत्यंत सावधानी पूर्वक आराम से करें। कार्य में शिथिलता बरतने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## नवजात शिशु का शव मिलने से गांव में मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के ज्ञानपुर ब्लॉक अंतर्गत गिराई गांव के पाल बस्ती में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक हाते के भीतर लगभग सात माह के नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिराई गांव निवासी राजन मिश्रा के हाते में रविवार सुबह कुछ महिलाएं भूसा निकालने के लिए पहुंची थीं। इसी दौरान उनकी नजर भूसे के पास पड़े नवजात शिशु के शव पर पड़ी, जिसे कुछ बिल्लियां नोच रही थीं। यह दृश्य देखकर महिलाएं घबरा गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते गांव के पुरुष व महिलाएं भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल गोपीगंज चौकी इंचार्ज कुलदीप मिश्रा दीवान मिथिलेश सिंह सहित पीआरबी मौके पर पहुंची और नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि क्षेत्र में नर्सिंग होम और कथित रूप से अनाधिकृत अस्पतालों की संख्या अधिक है। ऐसे में लोक-लाज या सामाजिक भय के चलते किसी द्वारा नवजात शिशु के शव को रात के अंधेरे में यहां फेंक दिया गया होगा।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## गिराई गांव में दो जले ट्रांसफार्मर को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गोपीगंज।** कोतवाली के गिराई गांव में पिछले तीन माह से 32 केवीए का ट्रांसफॉर्मर और 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर 5 दिनों से जले होने से परेशान ट्रांसफार्मर को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बताते चलें गांव में लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले पांच दिनों से जला हुआ है, वही 32 केवीए का ट्रांसफॉर्मर तीन माह से ज्यादा दिनों से जला है जिससे पूरा गांव अंधेरे में है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग को कई बार सूचना दिए जाने के बाद भी जले ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया है जिससे पूरा गांव अंधेरे में है। ग्रामीणों ने बताया कि 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर गांव को विद्युत आपूर्ति हो रही थी जिससे राहत रही परंतु उसके भी जल जाने से गंभीर संकट हो गया। जिसके कारण जहां सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है वही चोर उचक्कों का भी भय बना हुआ है। यह भी आरोप लगाया कि अंधेरे का लाभ उठाकर ही नवजात का शव गांव में पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने मांग किया कि विद्युत विभाग शीघ्र जले ट्रांसफार्मर को बदलवाए। प्रदर्शन करने वालों में अवधेश पाल, आशीष, अंकित, रजत मिश्रा, भूमिधर, पवन, राजकुमार, सुनील समेत ग्रामीण रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से कपड़ा व्यवसायी की हुई मौत

● **आधा किलोमीटर दूर तक बाइक को घसीटते हुए मक्का लदा ट्रक डिवाइडर में टकराया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में मक्का लादकर जा रहा ट्रक बाइक सवार कपड़ा व्यवसायी को कुचलते हुए सीमेंट लदे ट्रक से टकराते हुए डिवाइडर में जाकर भिड़ गया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के सैंभा गांव निवासी कपड़ा व्यवसायी 40 वर्षीय संजय सिंह कुशवाहा बाइक से मध्यप्रदेश के हनुमना में कपड़ा पहुंचाने गए थे।कपड़ा पहुंचाने के बाद दोपहर में घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ के आगे पहुंचे तो पीछे से मक्का लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रक बाइक चालक को टक्कर मार दिया। बाइक चालक को रौंदते हुए अनियंत्रित ट्रक बाइक को घसीटते हुए आधा किलोमीटर दूर तक ले गई। ट्रक चालक तेज रफ्तार में होने के चलते जैसे ही बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो आगे चल रहे सीमेंट लदे ट्रक से टकराते हुए डिवाइडर में जाकर भिड़ गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ शिवाकांत पांडेय, सुभाष यादव,राम विशाल मौके पर पहुंचे और घटना की जांच करते हुए मृत कपड़ा व्यवसायी के स्वजनों को सूचना दी। सूचना पाकर रोते-बिलखते हुए पहुंचे मृतक के बड़े भाई अजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि छोटा भाई साथ में कपड़े का कारोबार करता था। मध्यप्रदेश के हनुमना में लोवर टी-शर्ट पहुंचाने गया था कि घर वापस लौटते समय ट्रक के कुचलने से मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद एसआइ शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से प्रयागराज जिला निवासी कपड़ा व्यवसायी की मृत्यु हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## प्रदीप यादव की घातक बल्लेबाजी से कोइरौना ने जीता फाइनल मैच






**जंगीगंज।** डीघ ब्लॉक के केवलपुर-सोनेचा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोइरौना और सुजातपुर के मध्य मैच खेला गया। जहां कोइरौना ने सुजातपुर की टीम को हराकर जीत दर्ज की, कोइरौना के खिलाडी प्रदीप यादव को मैन ऑफ़ द मैच दिया गया। केवलपुर में रविवार को आयोजित फाइनल मैच में सुजातपुर की टीम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। कोइरौना की टीम ने 14 ओवर में 147 रन बना कर आल आउट हो गई। कोइरौना की टीम में प्रदीप यादव की धुवादार बल्लेबाजी से कोइरौना की टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई। प्रदीप यादव ने 38 गेंद खेलकर 75 रन बनाये जिसमें नौ छक्का और दो चौका शामिल था। जवाब में उतरी सुजातपुर की टीम कोइरौना के खिलाड़ियों के सामने कुछ खास न कर सकी और पूरी टीम 14वे ओवर मात्र 86 रन बनाकर आल आउट हो गई। और कोइरौना की टीम ने फाइनल मैच जीत लिया। दोनो टीम के खिलाडियों को डॉ आजाद दूबे ने पुरस्कृत किया। डॉ आजाद दूबे ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम और भाईचारा का विकास होता है और खेल से प्रतिभाओं का भी विकास होता है। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवयुवक अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 13 को




**चुनार, मीरजापुर।** नवयुवक अधिवक्ता समिति चुनार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी मंगलवार को तहसील प्रांगण में संपन्न होगा।शपथ ग्रहण के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश मीरजापुर अरविंद कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन चुनार ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह होंगे। इसकी जानकारी नवयुवक अधिवक्ता समिति द्वारा दी गई।

## आदर्श ब्राह्मण मंच का बैठक संपन्न




**चुनार, मीरजापुर।** नगर स्थित रामलीला भवन में रविवार को आदर्श ब्राह्मण मंच की बैठक आयोजि कि गई। उक्त बैठक संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ ब्रह्मानंद शुक्ला कि अध्यक्षता में की गई। जिसमें आदर्श ब्राह्मण मंच के नगर का अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता पं. शशिकांत मिश्रा व उपाध्यक्ष रमाशंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष सौरभ पुजारी, महामंत्री डॉ.बंगलेश चंद्र पांडेय को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में ब्राह्मणों के उत्थान जिम्मेदारी व एक दूसरे का सहयोग करने पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्नेह द्विवेदी ने किया।इस दौरान लक्ष्मी कांत पांडेय, डॉ.कैलाशपति त्रिपाठी, प्रदीप कुमार शुक्ला,आचार्य पंडित दीपक उपाध्याय, गौरीनाथ दीक्षित, मुन्ना चौबे, परितोष द्विवेदी, अरविंद कुमार त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, प्रतीक राव बैद्य, गोली पांडेय, सत्येंद्र दुबे, दिनेश कुमार अवस्थी,राजन तिवारी, श्रवण कुमार अवस्थी, बलभद्र शुक्ला, जटाशंकर पांडेय, हेमंत कुमार पांडेय, वीरेंद्र कुमार तिवारी, दरोगा तिवारी, सहित बड़ी संख्या में आदर्श ब्राह्मण मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घर से चार किलोमीटर दूर कुएं में उतराया मिला गायब अधेड़ का शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के सेमरा कलां गांव के सीवान में स्थित पुराने कुएं में रविवार सुबह चार दिन से गायब हुए अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त लल्लू उर्फ सिंघाड़ा निवासी अमदह के रूप में की। क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में रविवार सुबह खेत की ओर शौच करने गए ग्रामीणों ने कुएं के पास मेड़ पर साइकिल गिरी देखा पास गए तो साइकिल में झोला टंगा हुआ था। ग्रामीणों ने अनहोनी की आशंका को लेकर कुएं में झांककर देखा तो अधेड़ व्यक्ति का शव उतराया हुआ था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई टीपी सिंह ने घटना की जांच करते हुए कुएं से शव को बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त अमदह गांव निवासी लल्लू उर्फ सिंघाड़ा के रूप में की।मृतक के एक पैर का चप्पल कुएं से पचास मीटर दूर खेत में मिला वहीं दूसरे पैर का चप्पल कुएं में उतराया मिला। मृतक मोबाइल फोन नही मिला।पिता का शव कुएं में मिलने पर रोते-बिलखते हुए पहुंची पुत्री सोनी ने बताया कि बीते 8 जनवरी को दोपहर में साठ वर्षीय पिता लल्लू गैस चूल्हा लेने के लिए घर साइकिल से निकले थे। लेकिन उसके बाद घर वापस नही लौटे।गायब पिता की काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नही चलने पर शनिवार को ड्रमंडगंज थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मेहनत मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करता था। मृतक का इकलौता पुत्र नगीना महाराष्ट्र में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। पत्नी की दस वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। अधेड़ व्यक्ति का कुएं में शव मिलने पर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त रही।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक सेमरा कलां गांव के कुएं के कुएं तक कैसे पहुंचा घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## आगामी स्नान पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**सभी प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग, बम निरोधक दस्ता व विशेष टीमें मेला क्षेत्र में सक्रिय**



**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला-2026 के आगामी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संगम नोज से लेकर मेला क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वारों पर मेला पुलिस, पीएसी एवं आरएएफ के जवानों की सघन तैनाती की गई है। प्रवेश द्वारों पर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी एवं सत्यापन के उपरांत ही मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जा रहा है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आठ-स्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है। बाहरी सुरक्षा घेरों में पुलिस बल द्वारा मोर्चा संभाला गया है, जबकि आंतरिक घेरों में पीएसी, आरएएफ एवं एटीएस के जवान मुस्तैदी से तैनात हैं। संगम नोज पर घुड़सवार पुलिस की भी तैनाती की गई है। सभी पांटून पुलों के दोनों सिरों पर पीएसी बल मौजूद है, जिससे आवागमन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। बम निरोधक दस्ता मेला क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर लगातार सघन जांच एवं तलाशी अभियान चला रहा है। संगम नोज सहित प्रमुख स्थलों पर पुलिस, पीएसी तथा एटीएस के कमांडो संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जा रही है। संगम सहित सभी स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए एनडीआरएफ, बाढ़ राहत दल एवं जल पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। जवानों द्वारा लगातार अनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी की ओर जाने से रोका जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला सहित वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन मेला क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

## अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई, हटाई गयी अब्दुल गनी शाह की मजार

**देवरिया।** जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गोरखपुर ओवरब्रिज के किनारे बनी अब्दुल गनी शाह की मजार पर बुलडोजर चलाकर उसे हटा दिया। यह कार्रवाई सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से की गई। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर राजस्व विभाग की टीम, नगर पालिका के अधिकारी तथा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। सुरक्षा और गति को ध्यान में रखते हुए तीन जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मजार सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई थी, जिसे कई बार नोटिस देने के बाद हटाया गया। यह पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। मजार कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि हम लोग प्रशासनिक कार्रवाई में कोई बाधा नहीं डाल रहे हैं। प्रशासन अपने नियमानुसार अतिक्रमण हटा रहा है। वहीं हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि सदर विधायक द्वारा पहले ही अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी, उसी क्रम में प्रशासन ने यह कदम उठाया है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं ताकि किसी भी तरह की शांति भंग न हो।

## ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया



**नैनी, प्रयागराज।** चरण वंदन फाउंडेशन के द्वारा रविवार को मेला क्षेत्र के सेल्फी पॉइंट पर कंबल वितरण साधु संतों असहाय लोगों को किया गया।सर्दी से राहत देने का कार्य पदाधिकारी के द्वारा की गई। संस्था के संस्थापक रीति विमल पांडे एवं कौशलेंद्र पांडे के नेतृत्व में वितरण किया गया। नितेश जायसवाल ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। ईश्वर सेवा है। इस भीषण ठंड में लोग कांप रहे हैं। संस्था के द्वारा कंबव वितरित करके एक पुनीत कार्य किया जा रहा है। माघ मेला जैसे विशाल धार्मिक क्षेत्र में साधु संत जरूरतमंद लोगों की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। इस अवसर पर कौशलेंद्र पांडे, नितेश जायसवाल, नितिन तिवारी, आनंद जायसवाल ,रामजस द्विवेदी, बालमुकुंद त्रिपाठी आदि रहे।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का माघ मेला में आगमन 13 जनवरी को

**ब्यूरो प्रयागराज।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का माघ मेला क्षेत्र में आगमन 13 जनवरी को होगा। यह जानकारी जगदुरु शंकराचार्य जी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दिया है।

# कांग्रेस ने 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया, वीबी-जी राम जी' बिल को वापस लेने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने शनिवार को यूपीए शासनकाल के दौरान लाए गए ग्रामीण रोजगार कानून को ''निरस्त'' करने के विरोध में अपना 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू कर दिया। इस अभियान के तहत आज हर जिले में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। यह आंदोलन 25 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसमें 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में अधिकार-आधारित कानून के रूप में बहाल करने और काम के अधिकार, और पंचायतों के अधिकार को बहाल करने की मांग की जा रही है। कांग्रेस की ओर से शनिवार को सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा को ''निरस्त'' किए जाने और उसके स्थान पर वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू किए जाने पर चर्चा की गई। इसके बाद 11 जनवरी को जिला मुख्यालयों में एक दिन का उपवास और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस इस संघर्ष को तब तक जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जब तक कि हम काम, आजीविका और जवाबदेही के उस अधिकार की बहाली हासिल नहीं कर लेते, जिसे (नरेन्द्र) मोदी सरकार ने मनरेगा को ध्वस्त करके छीन लिया है।'' आंदोलन के कार्यक्रम के अनुसार, इस क्रम में 12 से 29 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद काम के अधिकार की मांग को लेकर 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। फिर 7 से 15 फरवरी तक विधानसभाओं का घेराव किया जाएगा, जबकि राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समापन से पहले 16 से 25 फरवरी के बीच चार बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस ने लोगों से 'मनरेगा बचाओ संग्राम' से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि मनरेगा को बचाने के लिए +91-9873010606 पर मिस्ड कॉल दें और क्यूआर कोड स्कैन करें। कांग्रेस ने कहा है कि वह 'वीबी-जी राम जी' कानून को पूरी तरह से वापस लिए जाने और मनरेगा को बहाल करने की मांग करती है। विपक्षी दल ने कहा है कि जहां निरस्त किए गए काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन दिल्ली केंद्रित था, वहीं मनरेगा बचाओ संग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला और राज्य केंद्रित होगा।

## फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-12/ 2026 धारा-115(2)/ 352/ 351(3)/ 109(1)/ 3(5)/ 61(2)क भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरबाज पुत्र शमीमुद्दीन उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम मरियाडीह थाना पुरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-11.01.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत रमा देवी नहर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक-07.01.2026 को वादी मुकदमा के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मार पीट की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-12/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

## गोबर और गौमूत्र पर शोध, करोड़ों का घोटाला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** 'द इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश में गाय के गोबर और गौमूत्र से कैंसर का इलाज खोजने के नाम पर करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है. जबलपुर स्थित नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में 2011 में शुरू की गई 'पंचगव्य' परियोजना अब जांच के दायरे में है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य गाय के गोबर, मूत्र और दूध से बनी औषधियों द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज खोजना था. सरकार ने इसके लिए 3.5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन जांच में यह बात सामने आई है कि भारी भरकम खर्च के बावजूद न तो कोई ठोस नतीजा निकला और न ही पैसों का सही हिसाब मिला। संभागीय आयुक्त के आदेश पर हुई जांच में वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है. जांच रिपोर्ट के मुताबिक, 2011 से 2018 के बीच करीब 1.92 करोड़ रुपये केवल गोबर, गौमूत्र, गमले और अन्य कच्चे माल की खरीद पर खर्च कर दिए गए, जबकि जांचकर्ताओं का दावा है कि बाजार दर के हिसाब से इनकी कीमत 15 से 20 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए थी. इसके अलावा, शोध के नाम पर विश्वविद्यालय की टीम ने गोवा और बेंगलुरु जैसे शहरों की 23-24 हवाई यात्राएं कीं, जिनका शोध से कोई सीधा संबंध नहीं दिख रहा। जांच में एक ऐसी गाड़ी (कीमत 7.5 लाख रुपये) की खरीद का भी पता चला है, जिसकी मंजूरी मूल प्रस्ताव में नहीं थी. साथ ही, 7.5 लाख रुपये ईंधन और मेंटेनेंस पर और 15 लाख रुपये फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान पर खर्च किए गए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. एस.एस. तोमर ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि पूरी प्रक्रिया में सरकारी नियमों का पालन किया गया है और कोई घोटाला नहीं हुआ है. फिलहाल जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

## स्वच्छता अभियान एवं साज सज्जा कार्यक्रम किया गया



**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से रविवार को अरैल सेक्टर नंबर -7 में संकटमोचन मार्ग पर स्थित सरस्वती कैंप में शिविर के आयोजन में स्वच्छता अभियान एवं साज सज्जा कार्यक्रम किया गया। आप सभी को अवगत कराना है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती परिवार द्वारा पर्व - पर्व पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को मां गंगा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम में सव कुंवर तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, सुनील कुशवाहा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, डा.एस.बी.यादव, संदीप केसरवानी,शशिकांत पांडेय,शिव प्रताप सिंह,इन्दु प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र पाल, सौरभ यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रेम चन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहार की डिलीवरी पर प्रतिबंध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या प्रशासन ने राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की डिलीवरी पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है, जिनमें कहा गया था कि खाद्य वितरण कंपनियां (डिलीवरी कंपनियां) अयोध्या शहर की परिधि में मांसाहारी भोजन की आपूर्ति कर रही हैं, जो 'पंच कोसी परिक्रमा' क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अयोध्या शहर के उन होटलों और होमस्टे को भी चेतावनी जारी की गई है, जहां कथित तौर पर मेहमानों को मांसाहारी भोजन और मादक पेय (शराब) परोसे जा रहे थे। अयोध्या के सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने कहा, 'हमें शिकायतें मिली थीं कि पहले से लागू प्रतिबंध के बावजूद, ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से पर्यटकों को मांसाहारी भोजन परोसा जा रहा था. इसके बाद ऑनलाइन नॉन-वेज डिलीवरी पर भी रोक लगा दी गई है.' उन्होंने आगे बताया कि सभी होटलों, दुकानदारों और डिलीवरी कंपनियों को प्रतिबंध के आदेश की जानकारी दे दी गई है. प्रशासन द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी की जाएगी। हालांकि, राम पथ पर अभी भी दो दर्जन से अधिक लाइसेंस प्राप्त शराब की दुकानें मौजूद हैं, जबकि अयोध्या नगर निगम ने पिछले मई में राम पथ के 14 किलोमीटर के हिस्से पर शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव अपनाया था. एक एएमसी अधिकारी ने कहा, 'हमने फैजाबाद शहर में भी राम पथ पर मांस की दुकानों को हटाने की कोशिश की है,लेकिन राम पथ से शराब की दुकानों को हटाने के लिए हमें जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी.' रक्षा मामलों और अंतरराष्ट्रीय रणनीति के विशेषज्ञ सुशांत सिंह ने 'एक्स' पर यह खबर शेयर करते हुए टिप्पणी की, 'काश, उन्होंने यह जानने के लिए कई रामायण पढ़ी होतीं कि राम और सीता क्या खाते थे, विशेष रूप से तब जब राजकुमार जंगल में शिकार कर रहे थे। '

## पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर बनी थी वाराणसी टेंट सिटी परियोजना

**● पीएम ने किया था उद्घाटन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने अपने हालिया आदेश में कहा है कि 2023 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी के तट पर 'टेंट सिटी' का निर्माण पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया था. बताया गया है कि निकाय ने इसके लिए 17.12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे अब तक वसूल नहीं किया गया है। द हिंदू की खबर के मुताबिक, एनजीटी की प्रधान पीठ, जिसमें अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल शामिल थे, एक ऐसे आवेदन पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि टेंट सिटी को आवश्यक मंजूरी के बिना स्थापित किया गया था. ये नदी के तट और जल को प्रदूषित कर रही है. साथ ही वनस्पतियों और जीवों को नुकसान पहुंचा रही है.आवेदक ने यह भी आरोप लगाया था कि टेंट सिटी का सीवेज सीधे नदी में बहाया जा रहा है। गौरतलब है कि13 जनवरी 2023 को इस परियोजना का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि 'टेंट सिटी के साथ काशी आने वाले पर्यटकों और भक्तों को अब आवास का एक अविश्वसनीय साधन मिल गया है।' अपने हालिया आदेश में एनजीटी ने गुरुवार (8 जनवरी) को कहा, हम पाते हैं कि प्रतिवादी संख्या 11 और 12 (दो निजी कंपनियों) द्वारा स्थापित और संचालित टेंट सिटी पर्यावरण मानदंडों और गंगा नदी (पुनरोद्धार, संरक्षण और प्रबंधन) प्राधिकरण के आदेश का उल्लंघन करते हुए बनाई गई थी, जिसके लिए पर्यावरण क्षतिपूर्ति जुर्माना लगाया गया था, लेकिन अभी तक इसे वसूल नहीं किया गया है. इसलिए, इसे जल्द वसूल किया जाना आवश्यक है.'बताया गया है कि अब तक वसूले न गए इस जुर्माने की राशि 17.12 लाख रुपये है। एनजीटी ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि प्रतिवादी (सरकारी अधिकारी) यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में गंगा नदी (पुनरुद्धार, संरक्षण एवं प्रबंधन) प्राधिकरण आदेश, 2016 और लागू पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करते हुए गंगा नदी या उसकी सहायक नदियों के किनारे किसी भी प्रकार की टेंट सिटी का निर्माण न होने दिया जाए। आवेदक ने यह भी आरोप लगाया था कि टेंट सिटी 'कछुआ वन्यजीव अभयारण्य' के स्थान पर बनाई गई थी और इस अभयारण्य को 2020 में अवैध रूप से निरस्त कर दिया गया था। इस पर एनजीटी के आदेश में कहा गया है कि चूंकि टेंट सिटी से संबंधित एक कछुआ अभयारण्य को गैर-अधिसूचित करने का मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए प्राधिकरण इस मामले में हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझता। अक्टूबर 2023 में एनजीटी को सौंपी गई एक रिपोर्ट में स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) द्वारा कहा गया था कि 'टेंट सिटी के परियोजना विकास के पूर्व-अनुमति के लिए आवेदन 2022 में परियोजना के लागू होने के बाद किया गया था।'

## मण्डलायुक्त का मतदान केन्द्र पर औचक निरीक्षण, मतदाता सूची की खामियां तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश

**● फोटो अपडेट, नाम सुधार और नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** रविवार को मण्डलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सौम्या अग्रवाल ने रविवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-262, इलाहाबाद उत्तर के मतदान केन्द्र सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज, ममफोर्डगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची का गहन परीक्षण किया और जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं थी, उन्हें तत्काल बदलवाने के निर्देश बीएलओ को दिए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मतदाताओं के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं, उनके सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदान केन्द्र पर शामिल किए जाएं। किसी भी अर्ह मतदाता का नाम यदि सूची में छूट गया हो या नया मतदाता हो, तो फार्म-6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर नाम दर्ज कराया जाए।

नाम, उम्र, लिंग अथवा अन्य विवरणों में त्रुटि होने पर फार्म-8 के माध्यम से तुरंत संशोधन कराया जाए। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं की फोटो धुंधली, काली, साइज में गलत या अत्यधिक पुरानी है, उनकी नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से अपडेट कराई जाए। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर फार्म-8 भरवाकर उसे सही कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र पर मौजूद मतदाताओं से संवाद किया, जिसमें मतदाताओं ने बताया कि फार्म-6 एवं फार्म-8 भरने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है और बीएलओ द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। बीएलओ से मतदाता सूची के पठन की स्थिति की जानकारी ली गई, जिस पर बताया गया कि मतदाता सूची का पठन मतदाताओं की उपस्थिति में किया गया है। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सदर, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## 'देश में सिर्फ दो किसान यूनियन, 286 संगठन फर्जी', ऋषिपाल बोले- गंगा सागर और त्रिवेणी घुमाने के नाम पर किसानों से वसूलते हैं 5000

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** देश में फर्जी किसान नेताओं ने अपना मायाजाल फैला रखा है। ऐसे-ऐसे लोग किसान नेता बनकर बैठे हैं, जिनके पास अपनी एक इंच भूमि भी नहीं है। यही नहीं, कबाड़ वाले भी भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का तमगा लगाकर घूम रहे हैं। गंगा सागर व त्रिवेणी घुमाने के नाम पर यह किसानों से पांच-पांच सौ रुपये वसूलते हैं। फैक्ट्री मालिकों व सड़क बनाने वाले ठेकेदारों को धमका कर अवैध वसूली करना ही इनका धंधा बन गया है। दैनिक जागरण से विशेष बातचीत के दौरान भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अंबावता ने यह दावा किया।

**क्या बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष?**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में भारतीय किसान यूनियनों की बाढ़ आ गई है। लगभग 288 संगठन बन गए हैं। इनमें से भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) और भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) को छोड़ दें तो अन्य सभी 286 संगठन फर्जी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि किसान संगठन बनाकर किसानों को लूटने का गोरखधंधा चल रहा है। पहले किसी न किसी नाम से एनजीओ का रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। बाद में उसके नाम के आगे भारतीय किसान यूनियन जोड़ दिया जाता है। जो पूरी तरह से गलत है। इन फर्जी संगठनों के पदाधिकारी किसानों को गंगासागर, त्रिवेणी, राजस्थान घुमाने के नाम पर 200 से 500 रुपये वसूलते हैं। इसके अलावा जब कहीं सड़क बनती है तो वहां जाकर खड़े हो जाते हैं। गुणवत्ता की कमी बताकर ठेकेदार से मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। फैक्टरी मालिकों से भी इसी तरह दबाव बनाकर धन उगाही की जाती है। फर्जी संगठनों के पदाधिकारियों की कमाई का यही जरिया है। ऐसे फर्जी संगठनों के नेताओं ने ही कभी किसानों को एकजुट नहीं होने दिया। इनकी जांच कराने व कार्रवाई करने की मांग लगातार उठाई जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन ध्यान ही नहीं दे रहा है।

**जमीन है नहीं, फिर भी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अंबावता ने बताया कि हरियाणा में दवा का कारोबार करने वाला एक शख्स भी एक किसान संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गया है। जबकि, उसके पास न तो जमीन है और न ही वह खेती करता है। कबाड़ के व्यवसाय से जुड़े लखनऊ के एक व्यक्ति अपना एक किसान संगठन बना रखा है, जिसमें वह राष्ट्रीय अध्यक्ष है। मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद समेत अन्य जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति है।

## कर्ज माफी और 5000 पेंशन के लिए प्रयागराज में गरजे किसान, 10 मार्च को लखनऊ में धरने का किया आह्वान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** माघ मेले का परेड मैदान रविवार को किसानों के शत-प्रतिशत कर्ज की माफी और पांच हजार रुपये वृद्धावस्था पेंशन की मांग से गूंज उठा। ऐसे ही तमाम मुद्दों पर चिंतन-मनन के लिए देश के कोने-कोने से किसान यहां जुटे थे। अवसर था भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय अधिवेशन का, जिसमें राष्ट्रीय व प्रांतीय नेताओं ने सरकार पर निशाना भी साधा।इसके अलावा 10 मार्च को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सरकार को घेरने का एलान किया। हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत कई प्रांतों से किसान इसमें शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि देश में जो सरकार है उसकी विचारधारा किसानों से मेल ही नहीं खाती। किसानों की जमीन लूटी जा रही है, खाद के लिए वह भटक रहे हैं। धान खरीद केंद्रों में बिचौलिए हावी है। कहा कि इस अधिवेशन में कर्जमाफी, आयोग का गठन, जमीनों को कब्जा मुक्त कराने, निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज का 60 फीसदी कोटा निर्धारित करने और ईवीएम से चुनाव बंद कराने का मुद्दा उठाएंगे।

**क्या बोले ऋषिपाल?**

ऋषिपाल ने कहा कि 2027 में यूपी का विधानसभा चुनाव होना है। इसमें किसान तय करके मतदान करेंगे। जो किसानों का कर्ज माफ करेगा और पेंशन बढ़ाएगा, उसी के साथ रहेंगे। बताया कि इन्हीं मांगों को लेकर 10 मार्च को 25 हजार किसानों के साथ लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनीस गाजी, राष्ट्रीय महासचिव रामपाल अंबावता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, राष्ट्रीय सचिव ओम सिंह गुर्जर, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पांडेय, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा, पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष रवींद्र प्रधान, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष रामानुज ने भी विचार व्यक्त किए।

**सदस्यों की लड़ाई ही लड़ेगा भाकियू**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी प्रदेश अध्यक्षों व जिलाध्यक्षों को संगठन की मजबूती का लक्ष्य भी दिया। कहा कि हर जिले में कम से कम पांच-पांच सौ नए सदस्य जोड़े जाएं। 100 रुपये की सदस्यता शुल्क के अलावा इनसे कोई पैसे नहीं लिया जाएगा। कहा कि अब संगठन सिर्फ अपने सदस्यों की लड़ाई लड़ेगा। हर किसी के लिए आंदोलन नहीं होंगे। जिलों में धरना-प्रदर्शन के लिए पहले अनुमति लेनी होगी।

## प्रयागराज में फर्जी पासपोर्ट का खुलासा, खुफिया विभाग चौकन्ना; एक आरोपी दुबई में कार्यरत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** गलत नाम, जन्मतिथि, पता के सहारे फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाने के दो मामले पकड़े जाने के बाद खुफिया विभाग के अधिकारियों के होश उड़ गए हैं। इसमें एक मामला मुट्ठीगंज और दूसरा करेली में पकड़ा गया है। इसमें एक फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई में काम कर रहा है। दोनों मामले की जांच वरिष्ठ अधीक्षक (पॉलिसी) क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ के पत्र पर पुलिस ने की थी। दोनों के खिलाफ पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा भी दर्ज किया है। आश्चर्य की बात यह रही कि जिन दो लोगों पर यह मुकदमा लिखा गया है, उनके पास पहले से पासपोर्ट था और दूसरा पासपोर्ट बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किया गया। खुफिया विभाग के अधिकारियों को आशंका है कि ऐसे और भी लोग हो सकते हैं, जिसे लेकर गोपनीय तरीके से जांच की जा रही है। खुफिया एजेंसी आईबी (इंटेलिजेंस ब्यूरो) ने कुछ समय पहले डीसीपी नगर के यहां मो. आमिर निवासी मुट्ठीगंज के बारे में जानकारी मांगी थी। उसका पासपोर्ट किस नाम से जारी किया गया है, इसकी रिपोर्ट देने की बात कही गई थी। डीसीपी के निर्देश पर गऊघाट मुट्ठीगंज चौकी प्रभारी लवकुश कुमार ने जांच की तो पता चला कि मो. आमिर कोई है ही नहीं। पासपोर्ट में जिसकी फोटो लगी है, वह मो. आमिल है। मो. आमिल का पहला पासपोर्ट 22 सितंबर 1993 को पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ से जारी किया गया था। इसमें मो. आमिल ने अपने पिता का नाम स्व. मो. सईद लिखा था। खुद की जन्मतिथि 12 अगस्त 1978 दर्शाया था। उसने दूसरा पासपोर्ट तीन दिसंबर 2016 को बनवाया। इसमें अपना नाम मो. आमिर पुत्र मो. सईद लिखवाया। इसमें अपनी जन्मतिथि एक फरवरी 1967 लिखी। इस पासपोर्ट की वैधता दो दिसंबर 2026 तक है। इस समय वह इसी पासपोर्ट के सहारे दुबई में काम कर रहा है। इसी प्रकार पिछले दिनों वरिष्ठ अधीक्षक (पॉलिसी) क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ द्वारा करेली के दो पासपोर्ट की जांच के लिए जिले के पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा गया था। करेली थाने में तैनात उपनिरीक्षक विजय प्रकाश यादव ने जांच की तो दोनों पासपोर्ट मो. बेलाल के नाम पर बना था। दोनों में उसकी फोटो थी। पिता का नाम एक ही था, जबकि जन्मतिथि व घर का पता अलग-अलग था। मो. बेलाल ने पहला पासपोर्ट 2019 में बनवाया था। इसमें अपनी जन्मतिथि एक दिसंबर 2005 अंकित की थी। घर का पता सुल्तानपुर भावा लिखवाया था। यह पासपोर्ट 13 नवंबर 2023 तक वैध था। इसके बाद मो. बेलाल ने दूसरे पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। इसमें अपनी जन्मतिथि एक दिसंबर 2003 लिखी। घर का पता सुल्तानपुर भावा नूरुल्ला रोड लिखा। यह पासपोर्ट 28 नवंबर 2024 जारी हुआ। इसकी वैधता तिथि 27 नवंबर 2034 है। इन दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## लिट्टीपाड़ा प्रखंड के नवाडीह मैदान में राजद का वनभोज सह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, झारखंड:-** राष्ट्रीय जनता दल (राजद/आरजेडी) पाकुड़ इकाई की ओर से नववर्ष 2026 के अवसर पर शांति, समृद्धि, ऊर्जावान एवं गतिशील जीवन की शुभकामनाओं के साथ वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ के किनारे लिट्टीपाड़ा प्रखंड के नवाडीह मैदान में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगामी चुनाव को ध्यान में रखकर संगठन को एकजुट और मजबूत बनाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पाकुड़ जिला के साथ-साथ लिट्टीपाड़ा विधानसभा के हर प्रखंड और हर गांव के कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सदैव साथ हैं। पार्टी को मजबूत बनाना ही उनका लक्ष्य है और सभी के सहयोग से अवसर मिलने पर पाकुड़ जिला एवं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के उपरांत पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वनभोज में भाग लिया। इस अवसर पर जिला सचिव रणजीत सिंह, प्रखंड सचिव मुन्ना यादव, जिला सचिव महबूब अंसारी, प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इकरामुल अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति दुबे, अमरपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, महेशपुर से सदानंद यादव, पाकुड़ से रमेश सिंह, हिरणपुर से राजेश शाह, पाकुड़िया युवा प्रखंड अध्यक्ष राकेश मंडल, मीडिया प्रभारी नीतीश कुमार, पंचायत प्रखंड सचिव किशन कुमार डेहरी सहित असांत डेहरी, मोहन डेहरी, मनोज ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विवेक मालतो, सुशील, मीडिया प्रकोष्ठ से वीरेंद्र डेहरी, युवा नेता सामुएल मड़ैया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रद्धा व सादगी के साथ मनाई गई दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया स्थित सिद्धो-कान्हू चौक के समीप नवनिर्मित झामुमो कार्यालय में दिशोम गुरु, झारखंड आंदोलन के महानायक एवं झामुमो के संस्थापक आदरणीय बाबा शिबू सोरेन की 82वीं जयंती श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महेशपुर के लोकप्रिय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान झामुमो की ओर से प्रखंड के गरीब, वृद्ध, बेसहारा एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन ने अत्यंत संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में महाजनी प्रथा के विरुद्ध आंदोलन से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और सांसद बने। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के लिए व्यापक आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप आज झारखंड राज्य का गठन संभव हो सका। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु ने अपना संपूर्ण जीवन झारखंड के जन-जन की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष, नेतृत्व और स्नेह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। गुरुजी झारखंड आंदोलन के महानायक थे और हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित हैं। अबुआ राज के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं झामुमो के संस्थापक आदरणीय बाबा शिबू सोरेन को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनका संघर्षपूर्ण जीवन हर झारखंडी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवीलाल हांसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, उपाध्यक्ष अशोक भगत, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष छोटू भगत, कालिदास टुडू, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, सचिव अब्दुल वनीज, युवा मोर्चा सचिव नेगार अंसारी, विश्वजीत दास, नेजाम अंसारी, विनोद भगत, सूरज रविदास, तोहिदुल शेख, अनिसुर रहमान, मुजीबुल शेख, मोईन आलम, नरेश हांसदा, सुनील सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विपक्ष के नेता राहुल सहित विपक्षी पार्टियां भारत के जेन-जी को उकसा रही हैं, हिंसा के सहारे सत्ता परिवर्तन हेतु - हिन्दु विचार मंच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** विश्व का सर्वाधिक पंथनिरपेक्ष एवं सफल लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत वर्ष में अराजकता पूर्ण भयावह संकट पैदा करने की कुचेष्टा विगत वर्षों से कांग्रेस पार्टी तथा उनके वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर से लेकर अन्य नेता करते रहे हैं। अय्यर ने खुले और स्पष्ट रूप से पाकिस्तान जैसे भारत के चिर-शत्रु देश से नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की अपील की। वहीं दूसरी ओर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता से वर्षों उपरांत लोकसभा में विपक्ष के पद पर राहुल गांधी आसीन हुए। लेकिन लोकसभा में चर्चा के क्रम में वे अपने भाषणों और कार्यशैली से एनडीए विशेषकर देश के प्रधानमंत्री, आरएसएस, सनातन सांस्कृतिक मूल्यों तथा सनातनियों की अनावश्यक निंदा कर भारत विरोधी तत्वों को संरक्षण प्रदान करते रहे। इतना ही नहीं राहुल गांधी विदेश की धरती से संवैधानिक संस्थाओं–चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी–पर बिना प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर अनर्गल टिप्पणियां करते रहे हैं जिससे राष्ट्र विरोधी तत्वों को सह मिलता रहा है। हालांकि भारतीय प्रजातांत्रिक राष्ट्र में सरकार की सकारात्मक आलोचना, संविधान सम्मत विरोध और प्रदर्शन करने का अधिकार है जो राष्ट्रीय हित में हो। परंतु वाक् स्वतंत्रता की आड़ में राष्ट्र विरोधी भावना और ऐसे तत्वों को सह देना संविधान एवं भारत विरोधी कृत्य है। 'वोट चोर', 'गद्दी छोड़ो' तथा 'चुनाव आयोग को देख लेने' जैसी धमकियां क्या संविधान विरोधी मानसिकता नहीं दर्शातीं? भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस पार्टी की सरकारें केंद्र और प्रदेशों में लंबे समय तक शासन में रहीं, लेकिन किसी विपक्षी दल ने कभी हिंसक तरीके से सत्ता से जबरन हटाने का प्रयास नहीं किया। स्मरण रहे कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन के विरुद्ध लोक तांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन हुआ जिसका नेतृत्व जयप्रकाश नारायण ने किया। इसे कुचलने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करते हुए नेताओं को यातनाएं दी गई और देश में आपातकाल लागू कर जनता के मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। इसके बाद हुए चुनाव में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को दोषी ठहराया। इसके बावजूद जनता पार्टी की मोरारजी देसाई सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी और पुनः जनता ने इंदिरा गांधी को पूर्ण बहुमत देकर सत्ता सौंपी। लेकिन इसके बाद 42वें संविधान संशोधन द्वारा धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़कर क्या परंपरागत पंथनिरपेक्ष भारत में साम्प्रदायिकता को बढ़ावा नहीं दिया गया? वर्ष 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रही। इसी दौरान राहुल गांधी द्वारा अध्यादेश फाड़ने की घटना क्या संवैधानिक मर्यादा के अनुरूप थी? मनमोहन सिंह द्वारा 'देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है' जैसा बयान देना क्या संवैधानिक मूल्यों के अनुकूल था?

आज राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर जेन-जी को हिंसक मार्गों से सत्ता परिवर्तन के लिए उकसा रहे हैं। भारत में स्वतंत्रता काल से प्रत्येक पांच वर्ष पर निष्पक्ष चुनाव होते आए हैं, चाहे कांग्रेस सत्ता में रही हो। यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं होता तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा को सफलता कैसे मिलती? हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार विधानसभा चुनावों में पराजय के बाद राहुल गांधी वोट चोरी का नैरेटिव गढ़कर देश-विदेश में भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। हिन्दु विचार मंच का कहना है कि श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में हिंसक सत्ता परिवर्तन की घटनाओं से प्रेरित होकर विपक्ष भारत में भी जेन-जी को हिंसा और अराजकता की ओर धकेलना चाहता है। हरियाणा में सपा नेता अजय चौटाला का ऐसा बयान भारत विरोधी और निंदनीय है। मंच का मानना है कि संविधान बचाने का दावा करने वाले नेता वास्तव में संविधान और राष्ट्र विरोधी तत्वों को संरक्षण दे रहे हैं। 60 वर्षों तक कांग्रेस को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया, फिर भी देश की मूल समस्याओं की उपेक्षा हुई। वक्फ बोर्ड, जम्मू-कश्मीर समस्या, सनातन मूल्यों की उपेक्षा और तुष्टिकरण की राजनीति ने देश की सामूहिक प्रगति को बाधित किया। 5 जनवरी को जेएनयू में राष्ट्र विरोधी नारों और देश के प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक नारे लगाए गए। ऐसे कृत्यों का विरोध करने के बजाय कांग्रेस नेताओं का मौन समर्थन चिंता का विषय है।

हिन्दु विचार मंच ने कहा कि भारत के सनातनियों को जातिगत भेद से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। विश्व में सनातनियों के लिए केवल भारत ही मातृभूमि है। सनातनी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा करने में पूर्ण सक्षम हैं। मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है और उसकी रक्षा प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है।

## सीताराम कंट्रक्सन पर अल्ट्राटैक कम्पनी के अधिकारियों ने की बैठक

**औराई भदोही।** औराई क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड कोठ्या स्थित सीताराम कंट्रक्सन पर अल्ट्राटैक कम्पनी के अधिकारियों ने ठेकेदार,राजमिस्त्री, वरिष्ठ नागरिको व ग्राहकों के साथ बैठक किया है।कार्यक्रम में अल्ट्राटैक कम्पनी के तकनीकी अधिकारी मनोरमा कुशवाहा व अमित कुमार गुप्ता कम्पनी के उत्पाद व सेवाओं के बारे विस्तृत जानकारी दिया।बैठक में अधिकारियों ने अल्ट्राटैक सीमेंट को डेमो के माध्यम से असली व नकली का पहचान बताया। सीताराम कंट्रक्सन के डायरेक्टर विजय शंकर दुबे ने कहा कि सपनों का घर बार-बार नहीं बनाया जाता है,जब भी किसी व्यक्ति को किसी तरह का निर्माण कार्य कराना हो तब वह सोच-विचार कर कार्य करें।क्योंकि इस समय कुछ सीमेंटों में मिलावटखोरी चल रही है।विजय शंकर दुबे ने कहा कि बिल्डिंग मटेरियल सम्बन्धित शुद्ध सामानों की खरीदारी करने के लिए सीताराम कंट्रक्सन पर सम्पर्क करें। इस अवसर पर विष्णु दुबे विनोद तिवारी भयंकर गुरु लक्ष्मी शंकर मिश्रा राकेश दुबे राजनारायण दुबे भूपेंद्र शुक्ला अजय सरोज ठेकेदार आजाद ,मिस्त्री आशा राम,संतोष सरोज वकील आदि उपस्थित रहे।

## करोंग्राम में धूमधाम से मनी दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती



**करों, देवघर, झारखंड:-** रविवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती झारखंड मुक्ति मोर्चा के सौजन्य से करोंग्राम स्थित स्थानीय धर्मराज चौक के समीप धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में डिंडाकोली, सालतर, पंचगड़िया, रानीडीह, डूमरतर, कमलकरडीह, करोंपाड़ी एवं प्रतापपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गुरुजी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष सुनील हांसदा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि गुरुजी ने हमेशा गरीब-गुरबों के हक और अधिकार के लिए जी-जान से संघर्ष किया। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। इस मौके पर सचिव प्रह्लाद दास, मुखिया प्रतिनिधि मंटू मंडल, खकन सिंह, नवल सिंह, विजय राय सहित अन्य गणमान्य लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बरही में 14 वर्षीय किशोर रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस व ग्रामीणों की तलाश जारी

● जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिले




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड अंतर्गत बरदाग घटवार टोला, कोरियाडीह निवासी राजू सिंह का 14 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बीते 23 दिसंबर से लापता है। परिजनों के अनुसार दीपक मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है तथा वह केवल अपने गांव का नाम ही कठिनाई से बता पाता है। बताया गया कि 23 दिसंबर को शाम करीब 5 बजे तक उसे गांव में खेलते हुए देखा गया था, इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद से परिजन, ग्रामीण, पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता लगातार उसकी खोजबीन में जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। बेटे के लापता होने से उसकी मां गहरे सदमे में हैं, वहीं पूरा परिवार गंभीर मानसिक तनाव में है। मामले की सूचना बरही थाना को दे दी गई है। शनिवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, कुलदीप प्रसाद, रामदेव सिंह सहित अन्य लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अब तक की गई खोजबीन की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक से दूरभाष पर बातचीत कर मामले में त्वरित एवं ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने आसपास के गांवों तथा अन्य थाना क्षेत्रों के आमजनों से अपील की है कि यदि कहीं भी उक्त बच्चे के संबंध में कोई जानकारी या सुराग मिले तो मानवता के नाते बरही थाना, परिजनों, संबंधित पंचायत के मुखिया अथवा किसी सामाजिक कार्यकर्ता को तुरंत सूचित करें फिलहाल दीपक की सकुशल बरामदगी को लेकर पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि, दिव्यांग बच्चों के बीच बिताया समय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंड:-** आदिवासी अस्मिता, झारखंड आंदोलन के प्रतीक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके संघर्षों व योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित स्वर्गीय गुरुजी के पूर्व आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी माता रूपी सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद जोबा माझी, झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद पांडे, सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने गुरुजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर झारखंड के विकास और सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने चेशायर होम रोड, रांची स्थित चेशायर होम पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला अवसर है जब बाबा दिशोम गुरु की जयंती उनके बिना मनाई जा रही है। गुरुजी के संघर्ष, त्याग और बलिदान ने झारखंड को अलग राज्य के रूप में स्थापित करने की प्रेरणा दी। वे जीवनपर्यंत कमजोर, पिछड़े और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहे। उनके विचार और आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने चेशायर होम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे यहां अक्सर आते रहे हैं और यहां की सेवा भावना उन्हें प्रेरित करती है। उन्होंने संस्था के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां रह रहे दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और शक्ति किसी से कम नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनके बीच कंबल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया तथा संस्था को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने भी दिव्यांग बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया और चेशायर होम में संचालित सेवा कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में निरंतर सार्थक प्रयास करती रहेगी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जयंती पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने उनके विचारों, संघर्षों और सामाजिक न्याय के संकल्प को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

# आदर्श लक्ष्य के नेतृत्व में आजसू पार्टी का चला सेवा अभियान, देवघर में सैकड़ों जरूरतमंदों को मिला ठंड से राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी आदर्श लक्ष्य के नेतृत्व में देवघर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर कम्बल वितरण अभियान चलाया गया। इस दौरान गरीब, असहाय, वृद्ध, दिव्यांग एवं बेसहारा लोगों के बीच सैकड़ों की संख्या में गर्म कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बल वितरण अभियान टावर चौक, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, सत्संग चौक, बैद्यनाथधाम स्टेशन तथा सदर अस्पताल परिसर में चलाया गया, जहां आजसू पार्टी के युवा कार्यकर्ता सुबह से ही पहुँचकर जरूरतमंदों की पहचान करते हुए उन्हें कम्बल प्रदान करते नजर आए। कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत की मुस्कान दिखाई दी, वहीं कई बुजुर्गों एवं मरीजों के परिजनों ने इस सहयोग के लिए आजसू पार्टी एवं आदर्श लक्ष्य को दुआएँ दीं। इस अवसर पर आदर्श लक्ष्य ने कहा कि ठंड के इस प्रचंड मौसम में सड़कों, स्टेशनों और



अस्पतालों के आसपास जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए एक कम्बल भी बड़ी राहत होता है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही आजसू पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी सदैव आगे रही है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में भी देवघर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के जनसेवा कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड के कारण परेशान न हो। कार्यक्रम में आजसू पार्टी, युवा आजसू एवं छात्र आजसू के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ इस सेवा अभियान को सफल बनाया।

# हजारीबाग जेल से फरार तीनों कैदी महाराष्ट्र से गिरफ्तार, एसआईटी टीमों की त्वरित कार्रवाई

● सोलापुर के ईंट-भट्ठे से पकड़े गए आजीवन कारावास के सजायाफ्ता कैदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** जय प्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग से फरार हुए तीनों सजायाफ्ता कैदियों को हजारीबाग पुलिस ने महाराष्ट्र के सोलापुर जिले से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी करमाला थाना क्षेत्र के कोरटी स्थित एक ईंट-भट्ठे से की गई, जहां तीनों मजदूरी कर छिपे हुए थे। जानकारी के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 1:30 बजे देवा भुइयां उर्फ देव कुमार भुईयां, राहुल रजवार और जितेन्द्र रवानी जेल की खिड़की का रॉड काटकर बेडशीट के सहारे नीचे उतरे और चारदीवारी पार कर फरार हो गए थे। तीनों कैदी अलग-अलग मामलों में 20 वर्ष, 27 वर्ष और आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद के नेतृत्व में तीन विशेष जांच टीम गठित की गई। एक टीम तकनीकी साक्ष्यों पर काम कर रही थी, दूसरी टीम कैदियों के भागने के रास्तों का पता लगा रही थी, जबकि तीसरी टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि जेल से भागने के बाद तीनों पहले हजारीबाग और आसपास के इलाकों में छिपे, फिर ट्रेन के जरिए गया, क्यूल, जसीडीह होते हुए पुणे जाने वाली ट्रेन से महाराष्ट्र पहुंचे। दौंड जंक्शन से बस और पैदल सफर कर वे सोलापुर जिले के एक ईंट-भट्ठे तक पहुंचे, जहां मजदूरी करने लगे। लगातार तकनीकी निगरानी और सूचना तंत्र के आधार पर पुलिस टीम ने कोरटी ईंट-भट्ठे से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके



बाद ट्रांजिट रिमांड पर उन्हें हजारीबाग लाया गया। पुलिस के अनुसार, तीनों कैदियों का आपराधिक इतिहास भी गंभीर रहा है और इनमें से एक आरोपी पूर्व में भी जेल से फरार हो चुका था। हजारीबाग पुलिस ने इस कार्रवाई को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली जेल से फरारी के मामले का कम समय में खुलासा करना बड़ी सफलता है। हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई उनकी प्राथमिकता है। हाल के दिनों में गंभीर मामलों का तेजी से उद्भेदन इसी सतर्कता का परिणाम है।

# चंदवा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जन्म जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, संघर्ष और विचारों को किया गया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंड:-** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, झारखंड राज्य के शिल्पकार एवं आदिवासी-मूलवासी समाज की आवाज रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जन्म जयंती के अवसर पर चंदवा प्रखंड में श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम रविवार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके संघर्षमय जीवन, आदिवासी-मूलवासी अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए आजीवन संघर्ष तथा झारखंड राज्य निर्माण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भावपूर्ण शब्दों में याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन केवल एक नेता नहीं बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने शोषित, वंचित और उपेक्षित समाज को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके संघर्षों के कारण ही आज झारखंड राज्य अस्तित्व में है और आदिवासी समाज को अपनी अलग पहचान मिली है। दिशोम गुरु के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य जुनैद अनवर एवं मोहन गंझू, जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित कुमार तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष नौशाद आलम, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष राजेंद्र भगत, प्रखंड सचिव रौबिन उरांव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में दिशोम गुरु के सपनों को साकार करने, उनके बताए मार्ग पर चलने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने आपसी एकता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहने का आह्वान किया। श्रद्धा, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न यह कार्यक्रम दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बना।

# बनहरदी कोल ब्लॉक विस्थापित रैयतों का अल्टीमेटम, ज़मीन सुधार को बताया पहली प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** बनहरदी कोल ब्लॉक अंतर्गत विस्थापित रैयतों की एक महत्वपूर्ण आम सभा पंचायत भवन बारी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रोबिन उरांव ने की। सभा में बड़ी संख्या में रैयतों की उपस्थिति रही, जहां सभी ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं और विचार साझा किए। बैठक का मुख्य मुद्दा ज़मीन सुधार रहा, जिसे सर्वसम्मति से रैयतों की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता घोषित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान रोबिन उरांव ने कहा कि विस्थापित रैयत लंबे समय से ज़मीन से जुड़े अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। रैयतों ने बताया कि ज़मीन सुधार से संबंधित सभी आवश्यक कागजात एक माह पूर्व अंचल कार्यालय में विधिवत रूप से जमा किए गए थे, इसके बावजूद अब तक न तो किसी प्रकार की जांच प्रक्रिया शुरू की गई है और न ही कोई ठोस पहल की गई है। इस स्थिति से रैयतों में गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। बैठक में उपस्थित रैयतों



ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक ज़मीन सुधार की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र में किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी कार्य में ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जाएगा। रैयतों का कहना है कि यह निर्णय मजबूरी में लिया गया है ताकि प्रशासन का ध्यान उनकी जायज़ मांगों की ओर आकृष्ट किया जा सके। सभा के दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि विस्थापन के बाद से ही रैयत कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ज़मीन सुधार न होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर प्रभावित हो रहा है। रैयतों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बेलाल अहमद, नौशाद अंसारी, रमेश उरांव, हाजी हाशिम अहमद अंसारी, अशोक भुइयां, बिनेश्वर उरांव, सुकु उरांव, महेश राम, तेटर मोची, जीते उरांव, नेजाम मियां, धनलाल उरांव, संतोष राम, अजय भुइयां, लालसहाय उरांव, कार्तिक महतो, सुरेश उरांव, जगदीश राम, रामेश्वर उरांव सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला रैयत–सरिता देवी, सबिता देवी, सीता देवी, दयामनी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, मनीषा कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। अंत में ग्राम प्रधान ने सभी रैयतों से एकजुट रहने की अपील की और भरोसा दिलाया कि ज़मीन सुधार के अधिकार के लिए संघर्ष पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा।

# रांगा मोड़ बुलडोजर ने अपोलो क्लीनिक को 47 रनों से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** रांगा मोड़ मैदान में रविवार को रांगा मोड़ प्रीमियर लीग का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। मुकाबला रांगा मोड़ बुलडोजर टीम और अपोलो क्लीनिक टीम के बीच खेला गया, जिसमें रांगा मोड़ बुलडोजर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अपोलो क्लीनिक टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांगा मोड़ बुलडोजर टीम ने निर्धारित 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 95 रन बनाए। टीम की ओर से आयुष राज ने 13 गेंदों में ताबड़तोड़ 30 रन बनाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अपोलो क्लीनिक टीम रांगा मोड़ बुलडोजर के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने पूरी तरह बिखर गई और पूरी टीम मात्र 47 रन पर सिमट गई। इस तरह रांगा मोड़ बुलडोजर ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में संजय कुमार दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 4 विकेट झटके। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में रांगा मोड़ प्रीमियर लीग के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने विजेता टीम को नगद पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर और बेस्ट विकेटकीपर को भी नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजीव कुमार झा, संरक्षक कुंदन



शर्मा, अध्यक्ष नयन राज साहनी, समाजसेवी प्रकाश महथा, अमित शांडिल्य, सुमन झा, कुणाल रंजन, साकेत राज सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि रांगा मोड़ प्रीमियर लीग का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और युवाओं में खेल भावना का विकास करना है।

# करवाए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही : डीएम

●जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता से नहीं होगा समझौता : विधायक

रविवार को जिलाधिकारी व सदर विधायक ने नगर भ्रमण कर विकास कार्यों की जानी हकीकत

एनएच 44 पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज को पूर्ण कर ट्रैफिक डायवर्जन हेतु एनएचएआई को 15 जनवरी तक दिया अल्टीमेटम

शहजाद नदी के दीर्घ सेतु पर बरसात से पूर्व पिलर लेवल के कार्य पूर्ण कराने के सेतु निगम को दिए निर्देश

शहरी क्षेत्र आजादपुरा में जल निगम (शहरी) के कार्यों में सड़क पुनर्निर्माण को त्वरित गति से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

वर्णी कॉलेज पहुंचकर एसआईआर की जानी प्रगति, फार्म 6 भरवाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने एक साथ नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनएचएआई झांसी द्वारा एनएच 44 पर कैलगुवां रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज, सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में निर्मित शहजाद नदी के दीर्घ सेतु तथा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर क्षेत्र आजादपुरा में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आमजन पर पडने़ वाले प्रभाव की गहन समीक्षा की। विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई, गुणवत्ता में कमी अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभाग आपसी समन्यय से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में समय-सीमा, गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वाले अधिकारी और ठेकेदार के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम विधायक के साथ सबसे पहले एन.एच.ए.आई. झांसी (ओवर ब्रिज) पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए एनएचएआई झांसी को निर्देशित किया गया कि ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से 15 जनवरी तक पूर्ण किए जाए। कार्य को दिन-रात (24वाई7) शिफ्ट प्रणाली में कराते हुए डेक स्लैब, एप्रोच रोड, रेलिंग, कैश बैरियर, सुरक्षा दीवारें, स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाइट, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, दिशा-सूचक संकेतक एवं वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) के समस्त कार्य मानक अनुसार शीघ्र पूर्ण किए जाएं। इसके उपरांत वे सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में बनाए जा रहे शहजाद नदी के दीर्घ सेतु पर पहुंचे, यहां पर निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान सेतु निगम को निर्देश दिए गए कि दीर्घ सेतु का समस्त निर्माण कार्य शासन द्वारा स्वीकृत समय-सीमा के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री आई.एस./आई.आर.सी.मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। बरसात के पहले सेतु के पिलर, पाइल, बीम, डेक स्लैब एवं एप्रोच रोड का कार्य विशेष गुणवत्ता नियंत्रण के साथ कराते हुए सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन पूर्ण किए जाएं। साथ ही, कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा हेतु हेलमेट, जैकेट, सुरक्षा जूते आदि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएँ तथा रात्रिकालीन कार्य हेतु पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए धूल, ध्वनि एवं निर्माण मलबे का नियमानुसार निस्तारण तथा जलनिकासी व्यवस्था को तकनीकी दृष्टि से सुदृढ रखने के निर्देश दिए गए। शहर के आजादपुरा में जल निगम (शहरी) द्वारा कराए जा रहे पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निगम (शहरी) को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए 48 घंटे के भीतर अस्थायी मरम्मत एवं निर्धारित अवधि में स्थायी सड़क पुनर्निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए। खुदाई कार्य सीमित लंबाई में किया जाए, अन्य भूमिगत सेवाओं (बिजली, गैस, दूरसंचार) को क्षति न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग चेतावनी बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था एवं वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किए जाए, कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। परियोजनाओं के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने वर्णी कॉलेज में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के कार्यों का जायजा लिया, उन्होंने एक एक कर सभी बीएलओ के फर्मो को देखा और उन्हें घर घर जाकर अधिक से अधिक फार्म 6 भरवाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश विश्वकर्मा, एनएचएआई, जल निगम शहरी, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रान्ति पर श्रीसर्वेश्वर व मां अन्नपूर्णा धाम में होगा भव्य खिचड़ी प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य एक बार फिर देखने को मिलेगा। श्रीसर्वेश्वर धाम बांध कॉलोनी में 15 व 16 जनवरी को मां अन्नपूर्णा धाम, गनगौरा राजघाट रोड पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जगत गुरु स्वामी डा.कृष्णागिरी महाराजजी एवं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रान्ति भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। इस दिन दान, पुण्य और सेवा का विशेष महत्व माना गया है। इसी भावना के साथ दोनों धामों में खिचड़ी प्रसाद का विशाल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार खिचड़ी प्रसाद का वितरण सुबह से ही प्रारंभ हो जाएगा। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। स्वयंसेवकों की टीम व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करेगी। स्वामी डा. कृष्णागिरी महाराजजी ने बताया कि खिचड़ी प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समरसता और सेवा का प्रतीक है। इसमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे सामाजिक एकता का संदेश मिलता है। वहीं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोडने़ का कार्य करते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी और भक्तगण सहयोग कर रहे हैं। धाम परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा तथा भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहेगा। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। मकर संक्रान्ति के इस पावन पर्व पर आयोजित खिचड़ी प्रसाद निश्चित ही श्रद्धा, सेवा और सौहार्द का सजीव उदाहरण बनेगा।

## मगरगाह में खुलेआम धूप सेंक रहे मगरमच्छ, सुरक्षा के अभाव में खतरा बरकरार



**तालबेहट।** माताटीला बांध के जल निकासी क्षेत्र स्थित मगरगाह में इन दिनों सुबह व शाम के समय दर्जनों विशालकाय मगरमच्छ और घड़ियाल नदी किनारे धूप सेंकते नजर आ रहे हैं। इन्हें देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग व सैलानी मौके पर पहुंच रहे हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम न होने से जलीय जीवों के साथ-साथ आमजन की जान भी खतरे में है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ सैलानी रोमांच के लिए मगरमच्छों और घड़ियालों पर पत्थर फेंकते हैं, जिससे वे चोटिल हो रहे हैं। वन विभाग व सिंचाई विभाग की ओर से न तो सुरक्षा घेरा बनाया गया है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। ऐसे में नदी किनारे चरने वाली बकरियों व सैलानियों पर हमले की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों मगरगाह क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### शक्ति केंद्रों के बूथ अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न

**पाली।** गहन मतदाता पुनरीक्षण सर्वेक्षण शक्ति केंद्र बैठक (द्वितीय चरण) के अंतर्गत शक्ति केंद्र डोंगरा कला, बंट एवं करमरा पर शक्ति केंद्र के संयोजक, बूथो के अध्यक्ष की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अतिथि एडवोकेट श्री जगदीश सिंह लोधी (मंडल प्रभारी पाली) द्वारा सभी को उनकी जिम्मेदारी पूर्वक वोटर लिस्ट में अंकित प्रत्येक वोटर की जानकारी, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नव वोटर बढ़वाना एवम प्रत्येक बूथ की बारीकी से सम्पूर्ण जानकारी लेने की बात बताई । इस मौके पर चंद्रशेखर पंथ, पाली मंडल अध्यक्ष ब्रजेश राजपूत, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष पुनीत चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष महिपाल सिंह मौजूद रहे । पड़ना बूथ के बीएलओ जितेंद्र साहू को मुख्य अतिथि ने सामुहिक रूप से उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुष्प देकर सम्मानित किया।

### कंटेनर की टक्कर से पुत्र की मौत, पिता घायल

**ललितपुर।** शनिवार देर शाम नेशनल हाई-वे 44 पर एक कंटेनर ने पिता-पुत्र सवार बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता दूर जा उछला, जबकि पुत्र कंटेनर के नीचे आ गया, जिससे कंटेनर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल पिता को उपचार के जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम मगरपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह अपने 19 वर्षीय पुत्र शिवांश ठाकुर के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी बीच बिरधा चौकी क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की कंटेनर के रौंदे जाने से मौके पर मौत हो गयी, जबकि पिता घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक की तलाश शुरू कर दी है और हादसे की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

### पति ने पत्नी को मारा पीटा, चेहरे पर काटा

**ललितपुर।** ललितपुर में एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। पीड़िता को कड़ाके की सर्दी में घर से बाहर निकाल दिया गया। बेटी की मदद के लिए 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंचे पिता को भी दामाद ने पीटा। घायल पिता-पुत्री को शनिवार रात ललितपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थाना मड़ावरा के ग्राम लुहारा निवासी 30 वर्षीय रानी बुनकर ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले हरिराम बुनकर से हुई थी। रानी के अनुसार, उनकी तीन बेटियां हैं और पति शराब पीकर बेटा न होने पर रोज मारपीट करता है। वह अक्सर उसे ठंड में घर से बाहर निकाल देता है। शुक्रवार रात पति हरिराम ने उसके साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। जब इस घटना की जानकारी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के बडेरा गांव में रहने वाले रानी के पिता छिंगा को मिली, तो वह शनिवार शाम 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां दामाद हरिराम ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। पीड़िता रानी ने यह भी बताया कि पति उसे बेटा न होने पर तलाक देने की धमकी देता है। रानी के पिता ने बताया कि शादी के 12 साल बाद से ही दामाद बेटियों के जन्म के बाद से उनकी बेटी के साथ मारपीट करता आ रहा है।

### बार एसोसिएशन और पत्रकारों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

**तालबेहट।** मर्दन सिंह खेल मैदान पर तहसील बार एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट संगठन के पत्रकारों के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 12 ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में बार एसोसिएशन की ओर से एडवोकेट अजय उपाध्याय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बार एसोसिएशन के खिलाड़ी अखिलेश श्रीवास ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को 155 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी जर्नलिस्ट संगठन की टीम की शुरुआत लड़खड़ाई और गौतम मोदी व रामलखन जल्दी आउट हो गए। इसके बाद विवेक श्रीवास्तव 'अन्ना' और अनिल चतुर्वेदी 'अन्नू' ने पारी संभालते हुए टीम को 109 रन तक पहुंचाया, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। मैच में बार एसोसिएशन ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ मैच खेला, जिससे आपसी सौहार्द और मैत्री का संदेश गया।

## पी पी एल पड़ोरिया कप के पांचवे लीग मैच में ललितपुर को रजोरा ने हराया

●पी पी एल पड़ोरिया कप के पांचवे लीग मैच में ललितपुर को रजोरा ने हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जाखलौन।** ललितपुर जनपद के बिरधा ब्लाक के ग्राम पड़ोरिया में चल रहे टूर्नामेंट में रजौरा टीम ने ललितपुर की टीम को चार विकेट से हरा दिया ललितपुर चांदमारी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया लेकिन यह निर्णय उनके लिए गलत साबित हुआ और ललितपुर सिम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही टीम ने 20 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवा दिए लेकिन एक छोर से दीपेंद्र पुरोहित अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी करते रहे और लास्ट बॉल तक मैदान पर डटे रहे जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए 25 रनों का योगदान दिया लेकिन एक तरफ से विकेट लगातार गिरते रहे और 16 ओवरों की मैच में ललितपुर की टीम मात्र 91 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। जिसमें रजोरा टीम की ओर से शोभाराम ने 4 विकेट और आनंद ने घातक गेंदबाजी के चलते तीन विकेट झटके और ललितपुर की टीम को मात्र 91 पर ही समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजोराकी टीम शुरुआत में पहली गेंद पर छक्के से खाता खोला और शुरुआत अच्छी हुई लेकिन जैसे ही ललितपुर टीम के घातक गेंदबाज जोकि पड़ोरिया गांव के ही रहने वाले हैं। उनकी घातक गेंदबाजी के चलते भगवान सिंह पटेल ने 6 विकेट अपने नाम कर दिए और राजोरा की टीम के लिए विकेट के रूप में लगातार झटके देते रहे। लेकिन किसी भी गेंदबाज ने उनके साथ नहीं दिया और राजोरा की टीम ने चार विकेट से जीत अपने नाम दर्ज कर ली। रजोरा की टीम से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रॉबिन ने 25 और शोभाराम ने 22 रनों का योगदान दिया दोनों बल्लेबाजों की मदद से टीम ने चार विकेट से जीत दर्ज की। टीम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार, अनिल झां, हनुमत पटेल, पटेल इंटरप्राइजेज रहे। कमेटी द्वारा गाजे बाजे के साथ माला पहनकर उनका अभिवादन किया, और मुख्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनसे संवाद किया। टूर्नामेंट में अंपायर की भूमिका राकेश पटेल और राजपाल पटेल ने निभाई।

## बीना ने माल्थोन को 35 रनो से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जाखलौन-** सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में श्री नरेंद्र सिंह पप्पी राजा की पुण्य स्मृति में चल रहे टूर्नामेंट के चौथे लीग मुकाबले में बीना की टीम ने माल्थोन की टीम को 35 रनो से हराया। जिसमें बीना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। और बल्लेबाजी करते बीना की टीम ने 15.4 ओवरों में 130 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक रन नीरज के बल्ले से 34 रन जिसमें पांच गगन चुम्मी छक्के शामिल हैं। और रितिक ने भी 34 रनों का योगदान दिया। जिसमें माल्थोन की तरफ से गेंदबाजी कर रहे अंकित ने 4 विकेट और 2 विकेट अन्नू यादव ने और हर्ष ने 4 विकेट लेकर बीना की टीम को 16 ओवर के मैच में 130 रनों पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी माल्थोन की टीम ने पहले विकेट के लिए 26 रनों की पार्टनरशिप की और दूसरा विकेट 47 रनों के स्कोर पर गिरा लेकिन इसके बाद विकेट पर विकेट गिरते रहे। और माल्थोन की टीम 95 रन के कुल स्कोर पर सिमट गई। माल्थोन की टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने बल्लेबाज मनोज जिन्होंने 27 बोलों में 29 रनों का योगदान दिया। और 15 रन राजेंद्र ने बनाये, और बल्लेबाज रन नहीं बना सके और माल्थोन की टीम 15 ओवर में 95 रन के स्कोर ऑल आउट और बिना ने 35 रनों से अपना यह मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रही बिना टीम के खिलाड़ी नीरज जिन्होंने 20 बोलो में 34 रन अपने 5 छक्को की मदद से बनाएं और 2 ओवर में 20 रन देकर लिए 3 विकेट इनके ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच की स्कोरिंग धीरज शर्मा का कमेंट्री बद्री प्रसाद ने और मैच में अंपायरिंग छोटेलाल झा और रोहित मिश्रा ने की।मौजूद रहे। दुष्यंत प्रताप सिंह, मुन्ना सोनी, शिशुपाल यादव, श्रेयांश जैन, दीपक यादव, संदीप राजा, कपिल तिवारी, और जेपीएल समिति में संजय जैन, राहुल यादव, सेलू राजा, अजय बुंदेला आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर संगठित अत्याचार पर आप आक्रोशित

●महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों को तत्काल रोकने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों को लेकर भारत सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुये कूटनीति व व्यापारिक संबंधों पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में प्रदेशीय आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद केन्द्र सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत जाहिर करते हुये बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ोसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। मौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से चार सूत्रीय मांगों को रखा है। ज्ञापन देते समय आप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज से पावागिरि में पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारम्भ

● अयोध्या नगरी का सजा स्वरूप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट ।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में पाषाण को भगवान बनाने के संस्कारों हेतु अयोध्या नगरी का भव्य स्वरूप सजाया गया है। वात्सल्य मूर्ति बुंदेली संत मुनि सुव्रतसागर महाराज के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया मुरैना के निर्देशन में श्रीमज्जिजिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को कलश यात्रा से होगा। रविवार को मूलनायक चमत्कारी बाबा पारसनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक किया गया। महोत्सव में 24 माता-पिता, 24 सौधर्म इंद्र सहित विभिन्न इंद्र-इन्द्राणी 400 से अधिक जिनबिम्बों के संस्कार करेंगे। उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह व सीओ रक्षपाल सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। आयोजन को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज एवं प्रबंध समिति ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। श्रीमज्जिजिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ एवं नव गजरथ महा महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को कलश यात्रा से किया जायेगा। पाषाण को भगवान बनाने के संस्कारों के लिए पावागिरि को अयोध्या नगरी बनाया गया है। जहाँ 24 माता-पिता 24 सौधर्म इंद्र के साथ कुबेर इंद्र, महायज्ञ नायक सहित विभिन्न इंद्र-इन्द्राणी 400 से अधिक जिनबिम्बों के संस्कार करेंगे। उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। 12 जनवरी को कार्यक्रम के शुभारंभ में चमत्कारी बाबा मूलनायक भगवान का मस्तिकाभिषेक, देवाज्ञा गुरु आज्ञा आचार्य निमंत्रण जाप्यानुष्ठान के बाद मंगल घाट यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात वेदिका शुद्धि सकलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा एवं नान्दी विधान मंडप प्रतिष्ठा के बाद मंगल ध्वज स्थापना एवं पांडाल उद्घाटन किया जाएगा। दोपहर की मेला में याग मंडल विधान सायं काल महाआरती प्रवचन एवं रात्रि में इंद्र दरबार तत्व चर्चा कुबेर द्वारा अयोध्या की रचना रत्न वृष्टि अष्टकुमारियों द्वारा माता की सेवा 16 स्वप्न दर्शन एवं गर्व कल्याणक की आंतरिक क्रियाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए डॉ. जयकुमार, राजकुमार जैन चकरपुर, अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन बबीना, मंत्री जयकुमार जैन कन्धारी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जैन बबीना, उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा, ऑडिटर पंकज भंडारी, अजय जैन, अचिन जैन, गौरव विरधा, अमित जैन पिंटू, सौरभ जैन, अक्षत पवा, तरुण आरौन सहित क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं निकटवर्ती सकल दिगम्बर जैन समाज ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत

● कांग्रेसियों ने घंटाघर पर किया सांकेतिक उपवास

काम के अधिकार को खत्म कर रही भाजपा : कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिलाध्यक्ष डा.दायराम रजक व जिला मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में घंटाघर मैदान में सांकेतिक उपवास किया गया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के मुख्य बिंदु इस तरह साफ-साफ रखे जा सकते है। हर जरूरतमंद परिवार को मनरेगा के तहत पूरा काम मिले, काम बंद करना बंद हो। जवाबदेही की गारंटी, काम न मिलने, भुगतान में देरी और भ्रष्टाचार के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। भुगतान की गारंटी, मजदूरों को समय पर पूरी मजदूरी मिले, महीनों तक भुगतान न लटकाया जाए। मनरेगा में किए गए बदलाव वापस लेने की गारंटी, मजदूर-विरोधी नियम, ऑनलाइन हाजिरी, जॉब कार्ड कटौती जैसे बदलाव रद्द किए जाएँ। मनरेगा की मूल भावना की गारंटी। मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम और गरीबों के रोजगार के अधिकार से कोई छेड़छाड़ नहीं। काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण गारंटी हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन के लिए काम पाने का संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा के तहत काम न देना संविधान की भावना के खिलाफ है। धरना प्रदर्शन पर नेहा तिवारी, रामदेवी विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मोहनसिंह चंदेल, हरिबाबू शर्मा, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, राकेश रजक, खलक सिंह, रफीक अली, कुलदीप पाठक, ब्रजेश शांडिल्य, दीपक रायकवार, राकेश सेन महरौनी, साहबसिंह लोधी, बलवीरसिंह राजपूत, शंकर यादव, श्याम सुंदर सिरोठिया, उदलसिंह चंदेल, अशोक स्वर्णकार, उपदेश सेन, मनोहर पाल, मुन्नालाल, खलक सिंह, भैया लाला आदि मौजूद रहे।

## पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग

●यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** रविवार को तहसील सभागार में यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद सहित प्रदेशभर में पत्रकारों के उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज कराए जा रहे मुकदमों की निष्पक्ष जांच, संगठन को प्रत्येक तहसील स्तर पर सक्रिय करने तथा अधिकारियों से संवाद स्थापित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय ने की, जबकि संयोजन जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने पत्रकारों के उत्पीड़न के मामलों पर शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आंदोलन की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। रामलखन ने सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों के विरुद्ध फर्जी शिकायतों के आधार पर दर्ज हो रहे मुकदमों पर चिंता जताते हुए ललितपुर से झांसी तक आंदोलन करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में जिला संरक्षक गजेंद्र मोहन त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष अजय बुंदेला, शरद सोनी, सौरभ जैन, देवेंद्र यादव, गौतम मोदी, महेंद्र सिंह तोमर, ललित अगरिया, अनिल चतुर्वेदी, मोनू चौबे, रामलखन बार, सुशील विश्वकर्मा (जखौरा), अनुराग कुशवाहा (बांसी), प्रवीण तिवारी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति 5 के तहत छात्राओं को दी जानकारी



**कानपुर।** आज दिनांक 11.01.2026 को एंटी रोमियो टीम थाना कल्याणपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के विषय में बालक /बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 1098, 112, 181,1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा UPCOP ऐप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

### महुलानी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सपन्न, 40 मरीजों का हुआ इलाज, विभिन्न रोगों की जांच



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुलानी पर रविवार को आयोजित सीएम आरोग्य मेला में मरीजों को स्वास्थ्य रक्षा की जानकारी दी गई और बीमारी के अनुसार दवा भी दिया गया। आरोग्य मेला में पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार के अधीक्षक डॉ एसके पटेल ने बताया कि कुल 40 मरीज आए थे। मरीजों को जांच के आधार पर दवा वितरित की गई। दो मरीज में आयरन, कैल्शियम की दवा वितरित की गई। 6 महिलाओं में फैमिली प्लानिग का समान दिया गया। इस अवसर पर ऐश्वर्य श्रीवास्तव, राजेश कुमार पाण्डेय, अनंत, प्रकृति, प्रज्ञा, निधि, अनिल श्रीवास्तव, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### लायंस क्लब हर्ष द्वारा माघ मेला स्नानार्थियोंके सेवार्थ नि:शुल्क चाय वितरण



**झप्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष द्वारा रविवार को रोड़वेज बस स्टेशन प्रतापगढ़ पर वरिष्ठ लायन स्व0राकेश श्रीवास्तव जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज माघ मेला में संगम स्नान करने जा रहे स्नानानार्थियो की सेवा हेतु लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के निर्देशन में नि:शुल्क चाय एवं बिस्कुट का वितरण सुबह 7बजे से 9बजे तक 500 से अधिक लोगों को किया गया।इस सेवा कार्य में प्रशासक संतोष भगवन, सचिव आरबीसिंह,कोषाध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह, सर्विस चेयरपर्सन डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, वरिष्ठ लायन हरिशंकर सिंह हैपी , लायन सुशील चंद्र शुक्ला एवं रोडवेज प्रभारी रत्नाकर त्रिपाठी तथा समाज सेवी मनोज शर्मा ,शुभम शर्मा, अनुराग प्रजापति, शिवम शर्मा व अध्यक्ष जी के सहयोगियों ने सेवा कार्य किया। उपस्थित क्लब के पदाधिकारियों ने स्व0 लायन ?राकेश श्रीवास्तव जी द्वारा किए गए सेवा कार्यो से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।अंत में अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जय जवान जय किसान के प्रणेता थे लाल बहादुर शास्त्री

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर सिंचाई विभाग चौराहे पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने कहा कि शास्त्री जी का प्रधानमंत्री काल ऐतिहासिक रहा और 1965 के युद्ध में भारत की विजय उनके नेतृत्व की देन थी। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 'जय जवान-जय किसान' का नारा सैनिकों और किसानों के सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में अम्बिकेश पाण्डेय, उग्रसेन राव, शिवकुमार राजभर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अचल के नामांकन में उमड़ा व्यापारियों का जनसैलाब

**● ढोल-नगाड़ों के बीच व्यापारियों ने दिखाई अभूतपूर्व एकजुटता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शहर के दो हिस्सों–उत्तर और दक्षिण–में विभाजन के बाद हो रहे कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में रविवार को जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अचल गुप्ता, महामंत्री पवन तिवारी और कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अपने समर्थकों के साथ भव्य जुलूस निकालते हुए नामांकन दाखिल किया। आगामी 18 जनवरी को मतदान होना है। बारहदेवी स्थित बारहदेवी मंदिर परिसर से निकला यह जुलूस देखते-ही-देखते विशाल जनसैलाब में बदल गया। दक्षिण कानपुर के सैकड़ों व्यापारी ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और गगनभेदी नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह व्यापारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों की इस अभूतपूर्व एकजुटता से चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है।

जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र में व्यापार और व्यापारी हितों से जुड़े नारे गूंजते रहे। जुलूस बारहदेवी चौराहा होते हुए भगत नामदेव गुरुद्वारा परिसर पहुंचा, जहां मुख्य चुनाव अधिकारी रामेश्वर गुप्ता एवं चुनाव अधिकारी प्रकाश पाण्डेय की मौजूदगी में तीनों प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अचल गुप्ता ने कहा कि व्यापारी हितों की रक्षा, व्यापार की सुरक्षा और संगठन की मजबूती के लिए वह हर संघर्ष के लिए तैयार हैं और व्यापारियों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। इस भव्य जुलूस में प्रमुख रूप से प्रकाश वीर आर्य, शम्मी मल्होत्रा, रोमी सिंह, विजय गुप्ता, डबली गुप्ता, अरुण कुमार बाजपेयी, बल्देवराज मल्होत्रा, वंदना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। व्यापारियों की इस ऐतिहासिक एकजुटता ने साफ संकेत दे दिया है कि कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल का यह चुनाव बेहद रोचक और निर्णायक होने जा रहा है।

## शौचालय के लिए मुख्यमंत्री को लिखा खून से पत्र



**कानपुर।** कानपुर में संत लाल का हाता, में नहीं है सीवर लाइन, महिलाओं और पुरुषों को लगानी पड़ती है लाइन, आपको बताते चलें कि कानपुर में वार्ड 37 के संत लाल का हाता में रहने वाले लोगों ने अब शौचालय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से पत्र लिखा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम लिखे गए इस पत्र के लिए, संत लाल का हाता के लोगों ने अपने शरीर से खून निकलवाया, और फिर पत्र लिखा, इलाके के लोगों का कहना है कि शहर के बीचोबीच उनकी बस्ती है, नगर निगम के जलकल विभाग से महज 500 मीटर दूरी पर होने के बाद भी उनके पास मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, इलाके में सीवर लाइन न होने के कारण 3000 लोगों को हर दिन शौचालय के लिए लाइन लगानी पड़ती है, नगर निगम लगातार उनकी अनदेखी कर रहा है।

## महाराज पुर क्षेत्र में किसान को बंधक बना कर चार भैंसें चोरी, दो बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर जनपद के महाराज पुर थाना क्षेत्र के तिवारी पुर गांव में बीतीं रात चार से पांच बदमाशों ने एक किसान को बंधक बनाकर भैंस चोरी कर ली,, ग्रामीणों के जागने और शोर मचाने पर दो भैंसे छोड़ कर फरार हो गए, बाद में ग्रामीणों ने दो संदिग्धों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया, पीड़ित किसान शिवनारायण,बाबा, पुत्र जालिम यादव ने बताया कि वह गांव से करीब 500 मीटर दूर खेतों में बने मकान में रह कर खेती करते हैं, रात करीब 12 अज्ञात बदमाश चारपाई के पास पहुंचे,और उनके ही मफलर से मारपीट कर तमंचे के बल पर उन्हें चारपाई से बांध दिया, इसके बाद पशुबाड़े में बंधी चार भैंसों को खोलकर ले गए, किसान के शोर मचाने पर पास ही पानी की टंकी पर चौकीदारी कर रहे उनके भाई मंगल ने आवाज सुनी और दौड़कर बंधन मुक्त किया, इसके बाद 112 डायल कर सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची, और रात में ही आसपास तलाश, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पाया ,करीब तीन घंटे बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के जंगल में खोजबीन की,, जहां दो भैंसे बंधी हुई मिली, लेकिन दो-भैंसे अब भी गायब है जिनकी तलाश की जा रही है,, किसान शिवनारायण ने बताया कि घटना से एक दिन पहले सुनौली गांव के गांव के दो युवक बहाने से उनके आसपास आए थे,जबरन शराब पिलाने की कोशिश कर थे, आशंका है कि वही युवक रात की वारदात से पहले रेकी करने आए थे, ग्रामीणों ने दोनों संदिग्धो को गांव के बाहर दौड़ा कर पकड़ लिया, और पुलिस को सौंप दिया, महाराज पुर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि किसान द्वारा बताए गए संदिग्धो से पूछ ताछ की जा रही है तहरीर और जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज कर,आगे की कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सजेती थाना क्षेत्र में डीसीएम ने बाइक सवार मां बेटे को रौंदा, मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के कैथा चौराहे के पास रविवार दोपहर डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि उनकी चाची गंभीर रूप से घायल हो गई, पुलिस ने चाची को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उन्हें कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मां बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, हैं साढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी सत्येंद्र पाल का 17 वर्षीय पुत्र अर्पित पाल,अपनी मां 50 वर्षीय अनीता और 30 वर्षीय चाची आकांक्षा पत्नी रविन्द्र के साथ बाइक से कोरिया के पास झंडापुर गांव जा रहें थें, परिजनों के अनुसार अर्पित की बुआ की बिटिया के यहां पुत्र का जन्म हुआ था,जिसकी बाद में मौत हो गई थी,उसी शोक संवेदना में शामिल होने के लिए तीनों घर से निकले थे, जैसे ही सजेती थाना क्षेत्र के कैथा चौराहे के पास पहुंचे,तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अर्पित और उसकी मां अनीता की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक में बैठीं चाची आकांक्षा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर चाची को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया,इस हादसे में पूरे रसूलपुर गांव को झकझोर कर रख दिया, म्रतक अर्पित अपनी दो बहनों श्रद्धा और सपना का अकेला भाई था, इकलौते बेटे और मां की एक साथ मौत से पिता सत्येंद्र और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है, पिता का कहना है कि उनके घर का चिराग बुझ गया,सजेती थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के मतदान बूथ संख्या 244 पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमवापुर नानकार में बीएलओ द्वारा एसआईआर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर मतदाताओं को दिखाया। मतदाताओं ने अपना व अपने परिवार सदस्यों का मतदाता सूची में नाम देखकर त्रुटियों के सही करने के लिये बीएलओ को जानकारी दी। बीएलओ के कार्यों का औचक निरीक्षण करने के लिये बूथ पर दोपहर में अचानक एसडीएम शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा भी पहुंचे। एसडीएम ने बूथ पर इकट्ठा मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी ली। एसडीएम ने मतदाताओं से कहा कि परिवार में जिन पात्र लोगों का नाम सूची में दर्ज होने से वंचित रह गया हो, तो उनका फार्म 6 भरकर बीएलओ को दे दें। अगर वोटर लिस्ट में मतदाता का नाम या कोई गलती हो, तो वो भी फॉर्म 8 भरकर सही करा लें। बीएलओ प्रियंका सिंह को निर्देशित किया कि प्राप्त फार्म को एप्प पर सही ढंग से फीड कर तहसील कार्यालय को अवगत कराएं। एसआई आर के तहत चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार नोटिस की कार्यवाही को भी पूर्ण करने को कहा। इसी तरह बूथ संख्या 305 बेलभरिया पर बीएलओ सफीरुद्दीन ने मतदाता सूची का प्रकाशन कर मतदाताओं को वोटर लिस्ट से जुड़ी जानकारी दिया। क्षेत्र के ढेबरुआ, नज़रगढ़वा, सेमरहवा, अलीदापुर, धनौरा मुस्तहकम, बैनिया सहित अन्य बूथों पर भी बीएलओ कार्य में जुटे रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत डीएम ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण, मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल पर लिया फील्ड फीडबैक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जीजीआईसी चुन्नीगंज तथा आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित कैलाशनाथ इंटर कॉलेज एवं डीएवी इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर उपस्थित बूथ लेवल ऑफिसरों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से संवाद कर निर्वाचक नामावली से संबंधित स्थिति जानी। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की प्रक्रिया संचालित है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश में निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी से जनपद के समस्त बूथों पर बीएलओ ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ उपस्थित हैं, जहां आम नागरिक अपने नाम की जांच कर सकते हैं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो वह फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है। फॉर्म-6 ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए वोटर डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग किया जा सकता है। आवेदन के उपरांत बीएलओ द्वारा नियमानुसार सत्यापन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन नागरिकों ने पहले से अपना मोबाइल नंबर मतदाता सूची से लिंक कर रखा है, वे वोटर हेल्पलाइन ऐप पर मोबाइल नंबर दर्ज कर परिवार के सभी सदस्यों के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में एक साथ देख सकते हैं। जिनका मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, वे भी वोटर डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर अपना नाम खोज सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सत्यापन के बाद भी नाम सूची में नहीं मिलता है, तो फॉर्म-6 भरना अनिवार्य होगा। फॉर्म भरते समय आवेदक को अपना विवरण प्रस्तुत करना होगा। यदि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं अथवा माता-पिता या दादा-दादी में से किसी का नाम दर्ज रहा हो, तो उसका विवरण देने से सत्यापन प्रक्रिया सरल हो जाती है।

## दिव्यांगों को सशक्तीकरण व सम्मान के साथ समुचित प्रतिनिधित्व सौंपना है सच्ची सेवा- मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि दिव्यांगों को सशक्तीकरण के जरिए सामाजिक सरोकार तथा राष्ट्रीय विकास का समुचित प्रतिनिधित्व सौपना आवश्यक है। उन्होने कहा कि दिव्यांगों को सम्मान तथा अपनत्व प्रदान करते हुए इन्हें समाज में समानता का बोध कराना ही सच्ची सेवा है। विधायक मोना ने यह बातें रानीगंज कैथौला के समीप पूरे नोहर सिंह में रविवार को आयोजित दिव्यांग सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होने कार्यक्रम में मौजूद पचास से अधिक दिव्यांगजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। वहीं विधायक मोना ने साहित्यकार हरि बहादुर सिंह हर्ष, रामचंद्र तिवारी आदि को भी सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह के संयोजक रामसमुझ यादव ने विधायक आराधना मिश्रा मोना को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंटकर जनसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि सेवा व संवेदना से सामाजिक ढांचे को मजबूती मिला करती है। इसके पहले विधायक मोना लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुई। यहां उन्होने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा कि वह बूथ स्तर पर सही मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को लेकर सजग भूमिका निभायें। उन्होने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा राज में कानून और व्यवस्था की हालत बद से बदतर हो उठी है। उन्होने मेरठ में दलित महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की घटना को प्रदेश में बीजेपी के राज में कानून और व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण करार दिया। वहीं विधायक मोना ने वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सरंक्षिका श्यामा देवी के हाल ही में निधन पर विद्यालय परिसर में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विधायक मोना ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन भी किया। यहां उन्होने धाम में पर्यटन से जुडी विकास परियोजनाओं का अवलोकन किया। वही लालगंज नगर पंचायत के संगम चौराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं व सभासदो ने विधायक आराधना मिश्रा मोना का गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, रामबोध शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस लल्लन सिंह, सुधाकर पाण्डेय, राकेश चतुर्वेदी, दीपू सरोज, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, बृजेश द्विवेदी, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, पन्नालाल पाल, शेरू खां, आशीष कौशल आदि रहे।

## पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान करेगा 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**● - दहेजमुक्त समाज का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 सौभाग्यशाली कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में एक आवश्यक प्रेस वार्ता के माध्यम से संस्थान के अध्यक्ष दीप नारायण अग्रवाल एवं प्रबंधक पप्पू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। गायत्री मंदिर के सामने स्थित क्वालिटी टी.वी.एस. एजेंसी परिसर में आयोजित सामूहिक बैठक में उन्होंने बताया कि यह संस्था लगातार छठवें वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन करने जा रही है, जो क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोरोना काल से ही यह सेवा कार्य निरंतर संचालित है, हालांकि अब विचार-विमर्श के बाद संस्था को औपचारिक रूप से 'पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान' नाम दिया गया है।

संस्थान द्वारा यह सामूहिक विवाह पूरी तरह जनसहयोग से, बिना किसी सरकारी सहायता के निःशुल्क कराया जाता है। विवाह कार्यक्रम पडरौना से जटहां जाने वाले मार्ग पर स्थित बुढ़िया माई मैरेज लॉन में आयोजित होगा। इसमें समाज के दबे-कुचले, असहाय एवं निर्धन परिवारों की कन्याओं का पंजीकरण एवं सत्यापन किया जाएगा। पात्र पाए जाने पर ही वर-वधू पक्ष को निर्धारित प्रारूप पर आवेदन भरवाकर सपरिवार आमंत्रित किया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य दहेज जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त कर दहेजमुक्त, नशामुक्त एवं संस्कारयुक्त समाज का निर्माण करना है, ताकि किसी भी माता-पिता या अभिभावक को कन्या विवाह के लिए कर्ज या गिरवी जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। इसी भावना के साथ 'मानव सेवा माधव सेवा के समान' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए संस्था भविष्य में भी इसी नाम से समाजसेवा करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार गौंड, रोशन चौधरी, चन्दन पाण्डेय, अजय कुशवाहा, जावेद आलम, महेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान रामविजय यादव, जामवंत यादव, प्रदीप गुप्ता, काशी मद्देशिया, सचिन मद्देशिया, मिंटू कुशवाहा, राममिलन पाण्डेय सहित संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली में नाम जांच, समस्या हो तो ऐप के माध्यम से करें संपर्क

**● छुटे हुये मतदाताओं के लिये अवसर, फार्म-6 एवं अनुलग्नक-4 घोषणा पत्र के साथ करें आवेदन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में आयोग के निर्देश के अनुपालन में निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है। निर्देशों के अनुसार 11 जनवरी 2026 को समस्त बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं, क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों के समक्ष मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाताओं से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जाँच लें। यदि किसी योग्य मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, तो वे निर्धारित फार्म-6 एवं अनुलग्नक-4 घोषणा पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए ''वोटर हेल्पलाइन ऐप, ईसी आईएनईटी ऐप व वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर अपनी समस्याओं का निराकरण ''बुक ए काल'' के माध्यम से बीएलओ द्वारा कराया जा सकता है।

## आजादी के 78 साल बीत जाने के बावजूद भी खोहर घाट पर पक्का पुल नहीं बन सका

**● लकड़ी के सहारे जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** जमुआर नदी के खोहर घाट पर आजादी के 78 साल बीत जाने के बावजूद भी पुल का निर्माण अब तक नही हो सका। इस क्षेत्र के ग्रामीण जमुआर नदी में लकड़ी का पुल बनाकर उसी के सहारे जान जोखिम में डालकर नदी पार करके आवागमन कर रहे हैं। वही बरसात के मौसम में इस मार्ग से आवागमन ठप हो जाता है और ककरहवा होते हुए बर्डपुर व जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। बर्डपुर क्षेत्र के जमुआर नदी के खोहर घाट पर पुल बनाने को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण ने कहा कि चुनाव के समय राजनीति करने वाले विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा खोहर घाट का पुल बनवाने का वादा करते हैं लेकिन चुनाव के बाद अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया की खोहर घाट पर पक्का पुल बनवाया जाए। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन सुगम हो सके।

**पुल बनाने से होगा इन गांव का फायदा**

परसा बिलहरी ,बिलहरी, गायानगर, करमैनी, असिधवा, अमहवा, चैनपुर, महला, आमगांव,कारीदह, जुड़ावनजोत, बरगदवा, रामनगर, मोथहवा, सीतापुर, लक्ष्मीपुर, शिवपुर, मिठवल, अमनगंज ,नागचौरी , गोसाईजोत, धनगढ़वा आदि गांवों के लोगों को सहूलियत होगी।

## विद्युत चोरी की तीन घटनाओं का हुआ खुलासा, आरोपी गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी तथा विद्युत तांबे के उपकरण व तार चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए अर्न्तजनपदीय बदमाश को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे में मिले वाहन से बारह लीटर विद्युत तेल, दो बोरियों में तांबे के उपकरण व एक प्लास्टिक बाक्स में तार काटने व चोरी में प्रयुक्त उपकरणो को बरामद किया है। वही आरोपी के द्वारा प्रयोग की जा रही एक चारपहिया वाहन भी पुलिस ने कब्जे मे लिया है। बीती चौबीस दिसंबर की रात लालगंज कोतवाली के धारूपुर मे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की वारदात हुई थी। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में दरोगा सुनील कुमार यादव पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह गश्त पर निकले थे। जगन्नाथपुर के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें विद्युत चोरी के सामान को देख पुलिस टीम आवाक रह गयी। पुलिस ने आरोपी चित्रकूट जिले के मऊ थाना निवासी अखिलेश पुत्र शारदा प्रसाद को हिरासत में लेकर कोतवाली आयी। यहां पूछतांछ में आरोपी ने विद्युत चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपी द्वारा पुलिस टीम को जानकारी दी गयी कि लालगंज थाना क्षेत्र के अलावा गैंग ने बाइस दिसंबर की रात प्रतापगढ़ सिटी तथा चार मई को शिवसत दिलीपपुर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी द्वारा यह भी बताया गया कि इन वारदातो को अंजाम देने में दो अन्य आरोपी भी उसके साथ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### परिजनों से नाराज विवाहिता ने फिनायल की गोली खाई, हालत नाजुक

हमीरपुरः- कुरारा कस्बा में परिजनों से नाराज होकर 33 वर्षीय विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी श्याम किशोर सोनी की 33 वर्षीय पत्नी गीता सोनी ने रविवार दोपहर करीब तीन बजे पारिवारिक विवाद के चलते फिनायल की गोली खा ली। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी कुरारा ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल महिला का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### मारपीट, लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हमीरपुरः- बीते शुक्रवार दोपहर भरखरी और करगांव के बीच अध्यापक से मारपीट व लूट करने वाले सात नामजद में से छः आरोपियों को पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि घटना के बाद आरोपी अपनी बाइकों से गांव के बीच से निकले थे ,जिनकी बाइकों के नंबर सीसीटीवी कैमरों में देखकर ट्रेस किया गया।बताया मुखबिर की सूचना पर आरोपी शिवम कुशवाहा (17)पुत्र लालमन, अंकित उर्फ अंकू (15) पुत्र रामपाल, यशवंत वर्मा उर्फ साहिल (16) पुत्र दिलीप कुमार, अमित वर्मा उर्फ बराती लाल (19) पुत्र राजाराम, हरीश वर्मा (18) पुत्र संजीव कुमार निवासी गण सिचौली थाना कबरई व राजकुमार (22) पुत्र चेतराम निवासी सिंहनपुर कबरई को रविवार सुबह नौ बजे ग्योंडी से न्यूरिया जाने वाले रोड से गिरफ्तार गया, जबकि एक आरोपी फरार है।बताया राजकुमार के पास से लूट की चेन एवं अन्य सभी से तीन बाइकें, 6 मोबाइ , एक तमंचा, दो कारतूस बरामद किए गए हैं।सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### LIC ने लॉंच की अबतक कि सबसे अच्छी और बेहतरीन प्लान

**एक मुश्त पैसा जमा करने पर जिन्दगी भर मिलेगा एक एक लाख शैलेश कुमार तिवारी**



गोपालगंज (बिहार)- देश की सबसे बड़ी और भरोसेमंद सरकारी कम्पनी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने अबतक कि सबसे अच्छी और बेहतरीन स्कीम प्लान नंबर 883 न्यू जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम के रूप में 12 जनवरी 2026 को लांच करने जा रही है इसमें दो तरह के इनकम हैं एक रेगुलर इनकम दुसरा फ्लैक्सी इनकम भारतीय जीवन बीमा की यह सबसे बेहतरीन प्लान हैं जिसमें एक मुस्त नव लाख रुपये जमा करने पर ग्राहक को आजीवन एक एक लाख पेंशन के रूप में मिलता रहेगा उसके बाद बीमा धारक की मृत्यु होने पर वह पैसा नामिनी को लौटा दिया जाएगा भारतीय जीवन बीमा निगम गोपालगंज शाखा कार्यालय में कार्यरत विकास अधिकारी राम कुमार झा का कहना है कि हर परिवार को सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है और इसलिए हम आपको हर बार इंश्योरेंस के बारे में याद दिलाते रहते हैं हम कोई भी चीज़ खरीदने से पहले उसकी कीमत समझते हैं लेकिन LIC की कीमत हमें तभी पता चलता हैं जब हम कुछ खो देते हैं उन्होंने कहा कि आपकी भलाई ही मेरी भलाई हैं। विकास अधिकारी राम कुमार झा कहते हैं भारतीय जीवन बीमा निगम LIC ने निवेशकों को रिटर्न देने के मामले में देश के प्रमुख बैंकों को पीछे छोड़ दिया है शेयर बाज़ार में सुद्धीबद्ध होने के बाद LIC ने अन्य बैंकों की तुलना में बेहतर रिटर्न प्रदान किया है।

## अखिल असम नाथ योगी छात्र संघ के साधारण सभा और नाथ योगी युवा महोत्सव 2026 का आयोजन

● 15 हजारों से अधिक लोगों ने निकला विशाल में नाथ योगी समुदाय की मांगो को लेकर रयूंज उठा विलाशिपारा।







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

असम धेमाजी। अखिल असम नाथ योगी छात्र संघ ने असम के धुबुरी जिले की विलाशिपारा सम जिले की एलंगमारी नयापारा गांव में 10और 11 जनवरी 2026 को दो दिवसीय विशाल कार्यक्रमो के साथ अखिल असम नाथ योगी छात्र संघ के साधारण सभा और नाथ योगी युवा महोत्सव 2026 का आयोजन किया। 10 जनवरी को सुबह मुख्य द्वारा उद्घाट, असम के नाथ योगी समुदाय के प्रतीकी चिह्न गामुचा को फहराया गया, गुरु गोरखनाथ के प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण, शहीद तर्पण, सुधाकंठ डॉ भूपेन हजारिका और असम के महचूर गायक जुबिन गर्ग के प्रतिच्छवि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। दुपहर को स्थानीय नाथ योगी भाषा में लिखी गई एक कवितपूति 'योगी महल' का विमोचन किया गया। अनुष्ठान में नाथ योगी उन्नयन परिषद के अध्यक्ष बेनुधर नाथ ने भाग लेकर समुदाय के लोगों को संबोधित किया।

आज दूसरे दिन दोपहर को15 हजारों से अधिक लोगों ने निकला विशाल रैली। नाथ योगी समुदाय को असम पूर्ण आरक्षण श्रेणी के मर्यादा, जनजातीकरण, और नाथ योगी सेटेलाइट ऑटोनॉमस काउंसिल गठन के मांग से गूंज उठा समग्र विलाशिपारा नगर रैली में असम के जानेमाने कलाकार मौसमी आलिफा ने भाग लिया। शाम को नाथ योगी छात्र संघ के अध्यक्ष अरविंद नाथ के अध्यक्षता में हुई बैठक में असम के कई दल संगठनों की पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें नाथ योगी छात्र संघ के साधारण संपादक दीपक नाथ, अखिल असम छात्र संघ के अध्यक्ष उत्पल शर्मा,ने भाग लेकर अपनी भाषण में नाथ योगी समुदाय के इस कार्यक्रम का सराहना करते हुए कहा कि अभिव्यक्त गोवालपारा जिले की धुबुरी जिले में असम के प्राचीनतम समुदाय नाथ योगी समुदय के ईसा एक कार्यक्रम का जरूरी था जो आज आप लोगों ने कर दिखाई। उन्होंने असम सरकार से नाथ योगी समुदाय के मांगो को पूरा करने के साथ समुदाय को सुरक्षित करने की अपील की। बैठक में अखिल असम ताई आहूम छात्र संघ के अध्यक्ष मिलन बुडागोहेन, असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन के अध्यक्ष धीरेन नाथ, ने बैठक में अपनी भाषण में असम के नाथ योगी समुदाय के योगदान, ऐतिहासिक आंदोलनों से लेकर आज तक अपनी हक के लिए, लड़ रही समुदाय के बारे में गत 25 दिसंबर से असम में शुरू की गई मशाल रैली के जरिए, सरकार को समुदाय के समस्याओं को समाधान के लिए की जा रही रैली के जरिए सरकार की दृष्टि आकर्षण करने की जो प्रयास कर रहा इसे उन्होंने लाजवाब बताया, अगर 2026 के असम विधान सभा चुनाव से पहले नाथ योगी समुदाय के समस्याओं को लेकर सरकार कई सिद्धांत में नहीं आते है तो इस आंदोलन को ओर जोरदार तरीके से करने की बात की। उन्होंने असम विधान सभा में अगले 2026 के असम विधान सभा चुनाव में 6 प्रतिनिधियों को नाथ योगी वोटर के निर्णायक भूमिका रहने वाले चुनावों क्षेत्रों में भाजपा, तथा अन्य राजनीतिक दलों को टिकट देने के लिए मांग रखी। बैठक में अखिल असम कुछ राजवंशी छात्र संघ के सचिव बलुराम बर्मन, अखिल असम सूत्रधर छात्र संघ के अध्यक्ष लखी कांत सूत्रधर, गोरिया मोरिया देशीय जरिय परिषद के अध्यक्ष स्वाहनवाज हुचेन, नाथ योगी छात्र संघ के सहलाकर लखन नाथ, क्षमता पुर ऑटोनॉमस काउंसिल के मुख कार्यवाही अध्यक्ष जीवेश राय सहित उपस्थित वक्ताओं ने अपनी अपनी भाषण में असम में बसे नाथ योगी समुदाय के समस्याओं को समाधान करने की उपर महत्व देते हुए भाषण रखी, बैठक में विभिन्न जिला समितियों के पदाधिकारियों के साथ विलाशिपारा एलिंगमारी इलाके की लोगों सहित 25 हजारों से अधीक लोगों ने भाग लिया।

## शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास की एक और मिली सौगात



सिद्धार्थनगर, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने विधान सभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के लिए एक और बड़ी विकासात्मक सौगात दी है, एन.एच.-730 के कि.मी. 408 से निकलकर धनौरा मुस्तहकम एस.एस.बी. कैम्प होते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तक मार्ग में शोहरतगढ़ विधानसभा अंतर्गत 3.920 कि. मी. रोड की स्वीकृति प्रदान की और साथ ही वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी।

यह जानकारी देते हुए विधायक विनय वर्मा ने बताया की इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, बेहतर कनेक्टिविटी और व्यापार-रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। सीमावर्ती क्षेत्र के विकास को इससे नई गति मिलेगी और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। जनता के विश्वास और सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं।

## टिकट मांगने के लिए जिला बीजेपी कार्यालय और गुवाहाटी बीजेपी कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा कराए समाजसेवी मुन्नी छेत्री





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि: बिहार के बाद अब असम में भी 26 को विधानसभा चुनाव का माहौल चरम पर है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उम्मीदवारों के आवेदन पत्र जमा करने की होड़ चल रही है। पीछे नहीं है बराक घाटी भी। विभिन्न क्षेत्रों में उम्मीदवारों का बायोडाटा जमा करने का काम जारी है। हालांकि उत्तर करीमगंज की शासक दल की राजनीतिक हवा इस समय काफी गर्म हो चुकी है।

क्योंकि उत्तर करीमगंज में इस बार पार्टी के नामचीन नेता सुब्रत भट्टाचार्य, मिशन रंजन दास, आशीष नाथ, डॉ. मानस दास और पवित्र रंजन राय जैसे नेताओं के साथ बहुत बड़ा जनसमर्थन लेकर राजनीतिक मैदान में मुकाबला कर रही हैं समाजसेवा में लंबे समय से लगी महिला उम्मीदवार मुन्नी छेत्री। समाजसेवा आधारित कार्यों के माध्यम से लंबे समय से क्षेत्र के हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के दिल में जगह बना चुकी हैं मुन्नी छेत्री। इसलिए इस बार क्षेत्र की आम जनता के बीच ही भारी जनसमर्थन से पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उठता है समाजसेवी मुन्नी छेत्री का नाम। यहाँ तक कि कांग्रेस के मतदाता खुलकर सोशल मीडिया पर आकर कह रहे हैं कि यदि मुन्नी छेत्री को टिकट मिली तो वे एक ईमानदार और जनसेवी व्यक्ति के रूप में बीजेपी को वोट देंगे, अल्पसंख्यक मतदाता जहाँ किसी और उम्मीदवार को नहीं मानेंगे लोगों का कहना है। अब राजनीति में केवल यह देखने की बारी है कि आखिरकार उत्तर श्रीभूमि (करीमगंज) के सिंहासन का मुकुट किसके सिर पर सजाया जाता है।

## VB ग्राम जी बिल के खिलाफ उठने से पहले आवाज़ कुचलने की साज़िश- कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नज़रबंदी लोकतंत्र की हत्या

● आज़मगढ़ कांग्रेस का खुला ऐलानः दमन से नहीं रुकेगा संघर्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आज़मगढ़ VB ग्राम जी बिल और मनरेगा (MNREGA) को खत्म करने की साज़िश के खिलाफ आवाज़ उठने से पहले ही आज़मगढ़ में भाजपा सरकार ने अपना असली तानाशाही चेहरा दिखा दिया। लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध से घबराई सरकार ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनके घरों में नज़रबंद कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। इसके बावजूद जिला कांग्रेस कमेटी, आज़मगढ़ ने गांधी प्रतिमा, रैदोपुर पर उपवास रख यह साफ़ कर दिया कि कांग्रेस न डरती है, न झुकती है और न ही दमन से पीछे हटने वाली है। यह उपवास सत्ता के अहंकार के खिलाफ़ जनआक्रोश की चेतावनी है। कार्यक्रम से पहले रियाजुल हसन, बेलाल बेग, पूर्णमासी प्रजापति, दिनेश यादव, रामानंद सागर, धर्मराज चौहान, राकेश गुप्ता सहित कई कांग्रेसजनों की नज़रबंदी यह साबित करती है कि भाजपा सरकार अब सवालों का जवाब देने की स्थिति में नहीं है। जब सरकार तर्क हार जाती है, तब पुलिस और प्रशासन का इस्तेमाल करती है – आज़मगढ़ में वही हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी इस दमनात्मक कार्रवाई को असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और फासीवादी मानसिकता का परिचायक मानती है। यह सीधा-सीधा संदेश है कि गरीबों के हक़ की बात करना अब 'अपराध' बना दिया गया है। उपवास कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ड्रैकग्राम जी बिल मनरेगा को सुधारने का नहीं, बल्कि उसे चरणबद्ध तरीके से खत्म करने का हथियार है। मांग-आधारित रोज़गार, समय पर भुगतान और ग्रामीण आजीविका सुरक्षा को खत्म कर करोड़ों गरीबों को भुखमरी की ओर धकेला जा रहा है। यह आर्थिक सुधार नहीं, सामाजिक अपराध है।

मनरेगा समन्वयक अजीत राय ने साफ़ कहा कि मनरेगा कोई दया-दान नहीं, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। ड्रैकग्राम जी बिल के ज़रिए सरकार मज़दूरों से उनका अधिकार छीनकर कॉरपोरेट-परस्त एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। भुगतान में देरी, काम में कटौती और बेरोज़गारी को बढ़ाना सरकार की सोची-समझी नीति है।

उपवास कार्यक्रम में राहुल राय, तेज बहादुर यादव, गिरीश चंद्र चतुर्वेदी, चंद्रपाल सिंह यादव, रमेश राजभर, मुन्नू यादव, मो. आमिर, संतोष सिंह, हरिओम उपाध्याय, शीला भारती, प्रेमा चौहान, प्रदीप यादव,



मंतराज यादव, केदार मौर्य, गुलाब राय, मुन्नू मौर्य, अमित पांडे, हरेंद्र सिंह, अंकित विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया।

जिला कांग्रेस कमेटी, आज़मगढ़ खुला ऐलान करती है कि

» मनरेगा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

» VB ग्राम जी बिल किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

» नज़रबंदी, लाठी और दमन से कांग्रेस की आवाज़ नहीं दबेगी।

अगर सरकार समझती है कि घरों में बंद कर आंदोलन रोका जा सकता है, तो वह इतिहास नहीं जानती।

कांग्रेस की लड़ाई सड़क से सदन तक जाएगी।

यह लड़ाई रोज़गार की है।

यह लड़ाई संविधान की है।

और यह लड़ाई अब आर-पार की है।

जिला कांग्रेस कमेटी, आज़मगढ़

## पत्नी को लेने पहुंचे युवक की ससुरालियों से मारपीट, दोनों पक्षों के लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमीरपुरः- सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव में रविवार को पत्नी को लेने पहुंचे एक युवक और उसके ससुराल पक्ष के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मारपीट के बाद घायल युवक अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। मौदहा जनपद के गोवर्धन निवासी भूरा पहलवान ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 6 दिसंबर को टेढ़ा गांव निवासी दीक्षा तिवारी से हुआ था। शादी के करीब 12 दिन बाद दीक्षा के माता-पिता उसे वापस अपने मायके टेढ़ा गांव ले आए थे। इसके बाद से दीक्षा ससुराल जाने से इनकार कर रही थी।

रविवार को भूरा पहलवान अपने कुछ साथियों के साथ पत्नी दीक्षा को लेने टेढ़ा गांव पहुंचा। जब वह दीक्षा को अपने साथ ले जाने लगा, तभी ससुराल पक्ष ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में भूरा पहलवान और उसके साथी घायल हो गए। वहीं ससुराल पक्ष से दीक्षा के पिता प्रहलाद तिवारी को भी चोटें आईं। पुलिस ने ससुराल पक्ष के घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया है। घटना के बाद भूरा पहलवान अपने साथियों के साथ घायल अवस्था में गांव से भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। जांच के आधार पर तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वोटरों के समक्ष पढ़ी गई ड्राफ्ट मतदाता सूची

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन गंगवार के निर्देशानुसार सभी मतदान बूथों पर मतदाता सूची पढ़ी गई। मतदाता अपने संबंधित मतदाता बूथ पर पहुंचकर नई जारी की गई लिस्ट का अवलोकन किए। जिस मतदाता का नाम लिस्ट में नहीं था फॉर्म नंबर 6 भरकर अपना नाम जुड़वाया। बूथ पर किसी आपत्ती एवं संशोधन हेतु फॉर्म नंबर 7 और 8 भी उपलब्ध कराया गया था।

बताते चलें कि एस आई आर लागू होने के पश्चात लोगों के अंदर अपना नाम छूट जाने और नागरिकता को लेकर अज्ञात भय बना हुआ है। इसी वजह से लोग लिस्ट में अपने नाम को लेकर काफी कौतुक दिखे। नगर पालिका परिषद के द्वारा वाहन के जरिए एलाउंसमेंट करके लोगों को बूथ पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अहरौरा पट्टी कला के बी एल ओ रामनारायण द्वारा बताया गया कि एस आई आर प्रक्रिया लागू होने के पश्चात लोग अपने वोटर लिस्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। सभी वोटर इस प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर अपना सहयोग कर रहे हैं।

## रेलवे ट्रैक पर पलटी केमिकल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, बांदा मार्ग व रेल यातायात डेढ़ घंटे बाधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमीरपुरः- रविवार सुबह रेलवे स्टेशन के डंपिंग ग्राउंड से केमिकल पाउडर लादकर उद्योग नगरी जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बांदा मार्ग पर रेलवे गेट संख्या 31 के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे के चलते बांदा मार्ग के साथ-साथ रेलवे रूट भी लगभग डेढ़ घंटे तक बाधित रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह केमिकल पाउडर उद्योग नगरी में संचालित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में साबुन एवं अन्य उत्पादों के निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है। उक्त केमिकल राजस्थान से रेलवे के माध्यम से मंगाया जाता है, जिसे मालगाड़ी से उतारने के बाद रेलवे स्टेशन के डंपिंग ग्राउंड में रखा जाता है। वहां से इसे ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से फैक्ट्री तक पहुंचाया जाता है।

घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे की है। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली बांदा मार्ग पर रेलवे गेट संख्या 31 के पास रेलवे पटरी पर पहुंची, अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रॉली रेलवे लाइन के ऊपर पलट गई, जिससे केमिकल से भरी ट्रॉली पटरी पर आ गिरी।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा के मद्देनज़र कुछ समय के लिए रेलवे रूट पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई, जबकि बांदा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटी हुई ट्रॉली को सीधा कराकर पटरी से हटवाया, जिसके बाद करीब डेढ़ घंटे बाद सड़क और रेल यातायात बहाल किया जा सका।

इस संबंध में आरपीएफ चौकी घाटमपुर के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और दुर्घटना की जांच कराई जा रही है। वहीं रेलवे पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में अवकाश पर हैं और सोमवार को लौटने के बाद पूरे मामले की जांच करेंगे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा रेलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और रेलवे गेट पर सावधानी बरतने की मांग भी उठने लगी है।

## बसौठ ने गुंदेला को दी करारी शिकस्त, रोमांचक मुकाबले में 8 ओवरों में ही जीता मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमीरपुरः- मुस्करा क्षेत्र के प्रसिद्ध रामचरित मानस क्रिकेट स्टेडियम, बिहूनी में आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एक बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह मैच गुंदेला और बसौठ की टीमों के बीच हुआ, जिसमें बसौठ ने अपनी शानदार बल्लेबाजी और आक्रामक खेल के दम पर जीत दर्ज की टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य अनिल खटीक ने जानकारी देते हुए बताया कि मैच की शुरुआत में गुंदेला की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवरों के खेल में गुंदेला की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए। विपक्षी टीम की कसी हुई गेंदबाजी के सामने गुंदेला के बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने के लिए संघर्ष करते नजर आए

74 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बसौठ की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बसौठ के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और मात्र 8 ओवरों में ही 74 रन बनाकर अपनी टीम को एकतरफा जीत दिला दी खेल को निष्पक्ष और सुचारू रूप से चलाने के लिए सत्येन्द्र वर्मा और महेश अनुरागी ने अम्पायर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, कुलदीप यादव ने अपनी शानदार कमेंट्री और आंखों देखे हाल से दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा और मैच में जोश भर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## विद्यालय के कर्मचारी की विदाई समारोह आयोजित किए गए

मीरजापुर। विंध्य विधा पीठ इन्टर कालेज में तैनात कर्मचारी प्रेम कुमार की विधालय प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित किए गए। विद्यालय के प्रबंधक त्रिपुरारी नारायण त्रिपाठी पंडित शिव राम मिश्रा व प्रधानाचार्य जगन्नाथ प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से मां विंध्यवासिनी देवी माता की तस्वीर एवं भगवत गीता की पुस्तक शाल भेंट माल्यार्पण कर विदाई किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सहित विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिका विदाई समारोह में शामिल रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक त्रिपुरारी नारायण त्रिपाठी, सह प्रबंधक पंडित शिव राम मिश्रा,कुबेर मिश्रा विद्यालय के प्रधानाचार्य जगन्नाथ प्रसाद, रघुनाथ प्रताप सिंह, मंच का संचालन का संचालन महेंद्र ने किया विद्यालय के बड़े बाबू सुख्खू, सोनकर, पंचानन पाठक, हेमचंद अजय मौर्या अश्वनी कुमार महेंद्र सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## ईश्वर में अनुरक्ति ही वास्तविक भक्तिः पन्नालाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति के उपरांत जब हृदय से भक्त और भगवान का संबंध स्थापित हो जाता है, तभी वास्तविक रूप में भक्ति का आरंभ होता है। भक्ति केवल एकतरफा प्रेम नहीं, बल्कि भगवान और भक्त के बीच ओत-प्रोत भाव की अवस्था है। यह विचार सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों को दोहराते हुए पन्नालाल ने निरंकारी सत्संग भवन, रजपुरा भदोही के प्रांगण में आयोजित संत समागम में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि स्वार्थवश की गई ईश्वर स्तुति भक्ति नहीं कहलाती। भक्ति तो हर क्षण, हर कर्म में ईश्वर को स्मरण करते हुए जीवन जीने का नाम है, जो मनुष्य का स्वभाव बन जाना चाहिए। भक्त का जीवन तभी सच्चे अर्थों में भक्ति से परिपूर्ण होता है, जब उसके आचरण और व्यवहार से प्रेम, सेवा और सद्भाव की अनुभूति हो।

उन्होंने आगे कहा कि सत्गुरु के चरणों में स्वयं को समर्पित कर आनंदमय एवं उत्सवपूर्ण जीवन जीना ही सच्ची भक्ति है। गुरु के वचनों को सत्य मानकर जीवन में उतारना और हर पल शुकराने के भाव में रहना ही सच्चे भक्त की पहचान है। भक्त अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दूसरों



के सुख-दुख में सहभागी बनकर समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय संयोजक राजेश कुमार ने उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संत समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ मैटी का 217वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

● जिले में लगेंगे इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के निःशुल्क चिकित्सा शिविर- डॉ निगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुरः- इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी का 215वां जन्म दिन जिला प्रभारी ईएच गणेश सिंह की अध्यक्षता में कानपुर से आये एसटीसी विवेक दीक्षित एवं सुनील वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना हमीरपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी ई.एच. डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा व इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों द्वारा जनमानस को लगातार 33 वर्षों से पटकाना में स्थित इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा निशुल्क दी जा रही है। जहां पर दूरदराज से असाध्य रोगी आकर अपना इलाज करवा रहे हैं और उनको शत प्रतिशत सफलता मिल रही है। इसी क्रम में डॉ निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। चिकित्सक अपने कर्तव्य पर डटे रहें। धर्मार्थ चिकित्सालय की चिकित्सक डॉ. मानसी पटेल व सहायक चिकित्सक डॉ. स्वाती खरे ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय में सबसे ज्यादा पी.सी.ओ.डी. व बच्चेदानी में गांठ एवं रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाएं व बीस से पचीस वर्ष की युवतियां इलाज हेतु प्रतिदिन आया करती हैं। ये बीमारियां आजकल के खान-पान से व रसायनों के प्रयोग से बढ़ रही हैं। इसी क्रम में जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रभारी डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में शासन द्वारा अधिकृत संस्था बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ ही है जिसके द्वारा पंजीकृत चिकित्सक इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों



द्वारा चिकित्सा करने के लिए अधिकृत हैं। अमौली से आये हुए ईएच डॉ देवानंद सागर ने कहा कि हम गांव-गांव में जाकर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करते हैं और लोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा द्वारा रोग मुक्त करते हैं तथा जागरूकता पैदा करते हैं। कार्यक्रम में डॉ मानसी, डॉ सुनीता सागर, वरिष्ठ कानूनी सलाहकार अंकुर निगम एडवोकेट, डॉ अरुण त्रिपाठी, डॉ भूपेंद्र, डॉ पुन्ना लाल साहू, डॉ नईम कुरैशी, डॉ दुर्गेश, डॉ स्वाती खरे, डॉ रंजना, डॉ रजनीश खरे, डॉ चन्द्रभूषण, डॉ नम्रता, अंश निगम, डॉ कंचन गुप्ता उपस्थित रहे।